kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-141 ❐ सोमवार, 23 जून 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



यूपी देश की सबसे ज़्यादा योजनाओं में नंबर 1 है। जब यूपी आगे बढ़ेगा, तब देश आगे बढ़ेगा। डबल इंजन सरकार-डबल विकास हो रहा है। कांग्रेस अब देश की जनता के बजाय 'पाकिस्तान के नेताओं' के भरोसे पर ज्यादा निर्भर है। पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही है। **केशव प्रसाद**

सेना प्रमुख ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, तैयारियों का किया आकलन 11

अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर ही पुनौरा धाम में होगा मां जानकी मंदिर का निर्माण 12

# अमेरिका का ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर हमला

## फोर्डो, नतांज और इस्फहान में गिराए बम, परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं

एजेंसी

तेहरान/ यरूशलम। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिका की ओर से उसके तीन परमाणु संयंत्रों पर किए गए हमले से तिलमिलाए ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है तुमने इसे शुरू किया है, हम समाप्त करेंगें।

इन हमलों से पूरी तरह बौखलाए ईरान ने कहा है कि उसे भी अपनी संप्रभुता की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह इनका पूरी ताकत से जवाब देगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। अपनी संप्रभुता, हितों और नागरिकी की रक्षा के लिए हमारे सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसने संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का खुला उल्लंघन किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज सुबह जो कुछ हुआ, वह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि इसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य देश को इनका विरोध करना चाहिए।

अमेरिका के हमले के ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने अपने आधिकारिक चैनल पर लिखा,'अब हमारे लिए युद्ध शुरू हो चुका है उन्हें जहां देखो, तबाह कर दो।

इस बीच ईरान परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लाम ने इन हमलों के बाद स्वीकार किया है कि ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाया गया है।



उन्होंने अपनी तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि ये हमले अंतराराष्ट्रीय संप्रभुता और नियमों का उल्लंघन है और उनका देश अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त करता है क्योंकि यह यह एजेंसी भी अमेरिका और इजरायल का साथ दे रही है। इन हमलों के बाद ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ली अली खामेनेई की सुरक्षा कड़ी कर दी है और इस तरह की रिपोर्टें है कि वह इस समय किसी अज्ञात बंकर में हैं और उनकी सभी इलेक्ट्रॉनिक संचार सेवा लाइनों को बंद कर दिया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि उनका पता नहीं लगाया जा सके और किसी संभावित हमले से बचाया जा सके। इधर अमेरिकी हमले से बुरी तरह बौखलाए ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से नए हमले शुरू कर दिए है। इसके बाद मध्य,उत्तरी इजराइल और इजराइल-नियंत्रित यरुशलम में सायरन बज उठे। प्रभावित क्षेत्रों में इजराइलियों को बंकरों में रहने का निर्देश दिया गया। यह अमेरिका द्वारा ईरान की तीन परमाणु संयंत्रों पर हमला किए जाने के बाद से यह पहला हमला था। ईरान के परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी हमले के बाद इजराइल ने एक स्पष्ट एहतियाती उपाय के रूप में अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। उधर सऊदी अरब की परमाणु और रेडियोलॉजिकल नियामक आयोग ने कहा है कि अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में कोई रेडियोएक्टिव असर नहीं पाया गया है। एक ● शेष पेज 11 पर

❐ ईरान पर हमले के परिणाम के लिए अमेरिका 'पूरी तरह जिम्मेदार' होगा:: ईरानी विदेशमंत्री

❐ अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने बुलाई आपात बैठक

❐ परमाणु संयंत्रों पर हमले के बाद तिलमिलाया ईरान, अमेरिका को दी कड़ी चेतावनी

❐ यूएन महासचिव ने मुद्दे के कूटनीतिक समाधान का किया आह्वान

### ट्रंप के नेतृत्व ने इतिहास रच दिया : नेतन्याहू



**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ''साहसिक निर्णय'' की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने ''शक्ति के जरिए शांति'' को दर्शाया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाना है। नेतन्याहू ने कहा, '' ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, ''ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन आज रात ईरान के परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता। इजराइल ने 13 जून को 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया था। इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अस्तित्व के लिए खतरा बताता रहा है वहीं ईरान ने लगातार कहा है कि उसका परमाणु शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। नेतन्याहू ने जोर देकर कहा, ''उनके (ट्रंप) नेतृत्व ने आज इतिहास बनाया जो पश्चिम एशिया को आगे समृद्धि और शांति की ओर ले जाने में मदद कर सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप और मैं अक्सर कहते हैं 'शक्ति से शांति। पहले शक्ति आती है, फिर शांति आती है। वहीं इजराइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्ज़ोग ने ईरानी परमाणु केन्द्रों पर अमेरिकी हमले को एक 'निर्णायक क्षण' और ''स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और सुरक्षा'' के सिद्धांतों की जीत करार दिया। हर्ज़ोग ने 'एक्स' पर लिखा, ''मानव इतिहास के पन्नों में यह एक ऐसा क्षण है जब स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और सुरक्षा के सिद्धांतों की जीत हुई है।

### मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से टेलीफोन पर बातचीत की



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान इज़रायल संघर्ष में अमेरिका के हमले के बाद रविवार की दोपहर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से टेलीफोन पर बात की और संघर्ष के बढ़ने पर चिंता जताने के साथ ही सभी पक्षों से संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजे जाने पर बल दिया। श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की। हमने वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल की वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को शीघ्र बहाल करने के लिए तत्काल तनाव कम करने, संवाद एवं कूटनीति के हमारे आह्वान को दोहराया।

## ईरान ने इजरायल पर फिर मिसाइल हमले किए

एजेंसी

यरूशलम। ईरान की ओर से बैलिस्टिक मिसाइल हमले फिर शुरू करने के बाद मध्य, उत्तरी इजरायल और यरूशलम में सायरन बज उठे।

ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद इजरायल के प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बंकरों में रहने के निर्देश दिये गये। यह अमेरिका की ओर से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान की ओर से पहला मिसाइल हमला है। एहतियातन इजरायल ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। इजरायल रक्षा बलों ने एक बयान में बताया कि रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज की मंजूरी और हालात की समीक्षा के बाद, रविवार तड़के 03:45 बजे (स्थानीय समय) से होम फ्रंट कमांड के दिशा-निर्देशों में तत्काल बदलाव किये जायेंगे। इजरायल में होम फ्रंट कमांड के निर्देशों में बदलाव करते हुये पूरे देश में अब केवल जरूरी सेवाएं (जैसे स्वास्थ्य, सुरक्षा, आपातकालीन सेवाएं आदि) ही चालू रखी हैं। निर्देशों में आवश्यक क्षेत्रों को छोड़कर शैक्षणिक गतिविधियों, सभाओं और कार्यस्थलों पर प्रतिबंध शामिल है।



## संक्षेप

### ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर नयी दिल्ली पहुंची उड़ान

**नयी दिल्ली।** इजरायल के साथ संघर्ष में उलझे ईरान में फंसे लोगों को निकालने के लिए शुरू ऑपरेशन सिंधु के तहत रविवार को 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक और विशेष उड़ान यहां पहुंची। वहीं, आज रात में एक और उड़ान के पहुंचने की उम्मीद है। मौजूदा उड़ान के साथ अब तक 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''ऑपरेशन सिंधु जारी है। 22 जून को 16.30 बजे 311 भारतीय नागरिकों को लेकर मशहद से एक विशेष उड़ान नयी दिल्ली पहुंची। अब तक 1428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। इससे पहले शनिवार की रात को ईरान के मशहद से 290 भारतीय नागरिकों को लेकर एक उड़ान यहां पहुंची थी। वहीं, आज रात 11.30 बजे एक और उड़ान आने की उम्मीद है। भारत ने ईरान और इजरायल के बीच चल रही लड़ाई के बीच अपने नागरिकों को वहां से निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है।

### राष्ट्रपति के भाषणों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करेंगे राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के भाषणों के संकलन 'विंग्स टू अवर होप्स – वॉल्यूम दो' और 'आशाओं की उड़ान – खंड 2' पुस्तकों का विमोचन करेंगे रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित विमोचन समारोह में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित रहेंगे। दरअसल ये पुस्तक प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित की है और इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष में दिए गए भाषणों का संकलन किया गया है। 'विंग्स टू अवर होप्स – वॉल्यूम 2' 51 भाषणों का संकलित संग्रह है, जो राष्ट्रपति के दूसरे वर्ष (अगस्त 2023 – जुलाई 2024) के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं के बारे में है। राष्ट्रपति भवन द्वारा संकलित और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित, पुस्तक में शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विमर्श का वृत्तांत प्रस्तुत किया गया।

## नौसेना की ताकत से कायेंगे दुश्मन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल को 1 जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल अनेक मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है। अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत ऋाट्ट तमाल 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों व युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है।

नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल

❐ भारतीय नौसेना में एक जून को शामिल किया जाएगा गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल'



भारतीय नौसेना की 'स्वॉर्ड आर्म' में शामिल हो जाएगा। स्वॉर्ड आर्म भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि युद्धपोत आईएनएस तमाल न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती क्षमताओं का प्रतीक होगा, बल्कि यह भारत-रूस साझेदारी की सहयोगी ताकत का भी उदाहरण पेश ● शेष पेज 11 पर

### पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकवादी को शरण देने के आरोप में दो गिरफ्तार : एनआईए

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)ने जम्मू-कश्मीर में अप्रैल में पर्यटकों पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आतंकवादियों को शरण देने के आरोपी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उस हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।


एनआईए ने रविवार को कहा कि पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। एनआईए के अनुसार परवेज और बशीर ने हमले से पहले हिल पार्क में एक मौसमी झोपड़ी में तीन सशस्त्र आतंकवादियों को शरण दी थी। एनआईए ने कहा, ़दोनों व्यक्तियों ने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी। एनआईए ने दोनों को ● शेष पेज 11 पर

## नक्सलियों से कोई बात नहीं, मानसून में भी जारी रहेगा अभियान : शाह

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे और नक्सलवाद के खात्मे को लेकर अपना संकल्प एकबार फिर दोहराया। उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए नक्सलियों से कोई बात नहीं करने की दो-टूक बात कही। साथ ही 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया करने की डेडलाइन में कोई बदलाव नहीं किए जाने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान बारिश यानी मानसून के सीजन में भी जारी रहेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और एक केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा- इस बार तो नक्सलियों को मानसून सीजन में भी चैन नहीं मिलेगा, क्योंकि



उनके खिलाफ अभियान बारिश में भी जारी रहेगा।

शाह ने कहा- हर बार बरसात के मौसम में नक्सलियों को आराम मिल जाता था। ऐसा इसलिए क्योंकि इस सीजन में घने जंगलों में उफनती नदियां नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालती हैं, लेकिन इस बार हम उन्हें मानसून के दौरान भी चैन से सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।

अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों को केवल एक ऑप्शन दिया। उन्होंने नक्सलियों से हथियार डालकर विकास की यात्रा में शामिल होने की अपील की। साथ ही नक्सलियों से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया। उन्होंने कहा- नक्सलियों से बातचीत की कोई जरूरत नहीं है। नक्सली हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हो जाएं।

उन्होंने नक्सलियों से सरेंडर करने और सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी का तहे दिल से स्वागत करता हूं जो हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। मैं इन सभी लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र ने उनसे जो भी वादे किए हैं उनको हर हाल में पूरा किया जाएगा और हम आपकी और भी मदद करने की कोशिश करेंगे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन 2047 तक भारत को ● शेष पेज 11 पर

### पश्चिम एशिया में तनाव के चलते भारत ने अपनाई खास रणनीति

## भारत ने रूस से बढ़ाया कच्चे तेल का आयात

एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री हो चुकी है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर रविवार तड़के बम बरसाए। जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार की धमकी दी है। इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा। हालांकि भारत ने पहले ही हालात को भांपते हुए रणनीति के तहत रूस और अमेरिका से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। भारत ने जून महीने में रूस से इतना तेल खरीदा है, जो पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से खरीदे गए कुल कच्चे तेल से भी ज्यादा है।

वैश्विक व्यापार विश्लेषक फर्म कैपलर के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने जून महीने में रूस से 20-22 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चे तेल की खरीद की है। यह बीते दो साल में सबसे ज्यादा है। मई माह में भारत ने रूस से तकरीबन 11 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चा



तेल खरीदा था। भारत पहले रूस से अपनी जरूरत का महज एक प्रतिशत तेल ही आयात करता था, लेकिन अब इसमें भारी बढ़ोतरी हुई है और अब भारत अपने कुल तेल आयात का 40-44 प्रतिशत तेल रूस से मंगाता है।

पश्चिम एशिया तनाव के चलते बढ़ सकते हैं तेल के दाम

साफ है कि जून में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के चलते भारत ने अपनी आयात रणनीति में बदलाव किया है। भारत ने जून माह में इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत से कुल करीब 20 लाख बैरल प्रति दिन तेल की खरीद की है। हालांकि तनाव बढ़ने से तेल के दाम बढ़ सकते हैं। ईरान ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका इस्राइल के साथ उसके युद्ध में शामिल हुआ तो वे होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर हमले करेंगे। भारत का 40 प्रतिशत तेल अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारत पहुंचता है। ईरान के समर्थन में हूती विद्रोही भी लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना सकते हैं। जिससे खाड़ी के देशों से तेल आयात को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यही वजह है कि भारत ने खाड़ी देशों पर अपनी तेल निर्भरता को घटाया है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक है और पूर्व में भारत अपने तेल आयात का अधिकतर हिस्सा खाड़ी के देशों से आयात करता था, लेकिन रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद, जब रूस ने भारत को तेल खरीद पर भारी रियायत दी तो भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया। अब भारत अपने तेल आयात के लिए खाड़ी देशों पर ही निर्भर नहीं है, बल्कि अब हम रूस के साथ ही अमेरिका, लैटिन अमेरिकी देशों से भी कच्चे तेल की खरीद कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका से हमें तेल आयात महंगा पड़ता है। कैपलर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने जून में अमेरिका से हर हिन 4.39 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद की, जबकि पूर्व में यह आंकड़ा 2.80 लाख बैरल प्रति दिन था। भारत करीब ● शेष पेज 11 पर

## लाइसेंस कैंसिल कर देंगे

### डीजीसीए की एअर इंडिया को चेतावनी

एजेंसी



नई दिल्ली। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एअर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है।

इससे पहले शनिवार को डीजीसीए के आदेश पर एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाया था। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया।

यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट इक्र 171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 275 लोग मारे गए थे।

# योगी से निदेशक यूपीएसआईएफएस ने शिष्टाचार भेंट की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ के अपर पुलिस महानिदेशक/ निदेशक डॉ जी के गोस्वामी ने रविवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार भेंट की।

भेंट वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने यूपीएसआईएफएस में वर्तमान में चल रहे शैक्षणिक कार्यों का विस्तृत रूप से जानकारी ली , मुख्यमंत्री ने संस्थान मैं चल रहे विश्व स्तरीय शैक्षणिक कार्यो के उत्तरोत्तर विकास पर प्रसन्नता व्यक्त किया तथा बहुआयामी शैक्षणिक कार्यों हेतु प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन भी दिया।

# दो सौ गायें पालने पर दो करोड़ की अनुदान राशि देगी सरकार : धर्मपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने की गौआश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक

लखनऊ। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आधा दर्जन विभागों पशुधन विभाग, ग्राम्य विकास, शहरी विकास विभाग, राजस्व, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को गौवंश संबंधी केन्द्र सरकार व उप्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित कराने का निर्देश दिया।अधिकारियों ने बताया कि जनपद गाजियाबाद में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या 680 है, जबकि उन्हें कुल मिलाकर 1165 गोवंश सुपुर्द किये गये हैं। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए किसान समृद्धि योजना के साथ-साथ कई योजनाएं लागू की हैं। इनमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण गौवंशों को संवर्द्धन व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए देशों गायों की नस्लों में सुधार लाना है। पशुधन मंत्री ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान से देशी गायों की नस्लों में सुधार लाया जाएगा।

इसके साथ ही पशुपालको को गायें पालने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुफ्त गायें दिये जाने से साथ ही उन्हें पालने के लिए अनुदान राशि भी उपलब्ध करायी जा रहा है। पशुधन मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा अच्छी नस्ल की एक गाय पालने के लिए?चालीस हजार से लेकर दौ सौ गायें पालने पर दो करोड़ की अनुदान राशि तक प्रदान की जा रही है। मंत्री ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता निराश्रित गायों को गौशाला में भिजवाना व वहां उनके चारे व पानी की उचित व्यवस्था किये जाने की है। सरकार एक तरफ जहां कृत्रिम गर्भाधान कर गायों की नस्लों को सुधारेगी, वहीं बछड़ों का बधियाकरण, चारागाह की जमीनें चिन्हित कर उन्हें कब्जा कराने, बकरी पालन, सुअर पालन, मुर्गी पालन आदि को बढावा देने के लिए अनुदान राशि प्रदान कर रहे हैं।? पशुधन मंत्री ने दावा कि उत्तर प्रदेश दूध उत्पादन में देश में नंबर एक राज्य है। दुधारु गाय-भैंसो सहित अन्य पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण करने, आवारा व निराश्रित गौवंशों व अन्य पशुओं को बचाने के लिए प्रदेश में 520 मोबाइल पशु चिकित्सा दल बनाये गये हैं। बीमार व घायल पशु की चिकित्सा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करके जानकारी दी जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुपालको की आदमी दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रदेश के एडेड विद्यालयों में ऑनलाइन तबादले की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ तबादले के लिए आये 1772 आवेदन, सूची होगी 27 को जारी**

प्रयागराज। प्रदेश के 4500 सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में ऑनलाइन तबादले की तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गयी है। ऑनलाइन तबादले के लिए कुल 1772 आवेदन पत्र उप्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में आये है, उनकी फीडिंग शुरू हो गयी है। ऑनलाइन तबादले की सूची 27 जून को जारी होने जा रही है।

प्रदेश में 4500 एडेड विद्यालय हैं जिसमें संस्था प्रमुख (प्रधानाचार्य), प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के ऑनलाइन तबादले के लिए आवेदन लिया गया है। इस दौरान तबादले के लिए कुल 1772 ऑनलाइन आवेदन पत्र आये हुए हैं। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक (एडी) सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन जो भी आवेदन तबादले के लिए आये हुए हैं उनकी फीडिंग चल रही है। यह फीडिंग दो दिन में पूरी होगी और उसकी फिर से जांच होगी कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है। उसके बाद 27 जून को एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के तबादले की सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि तबादला सूची जारी होने के एक हफ्ते में सभी को तबादले वाले विद्यालयों में कार्यभार संभालना होगा जिससे कि एक जुलाई से खुल रहे विद्यालयों में शिक्षण प्रभावित न होने पाए। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन तबादले के दौरान इस बात पर भी ध्यान रखा गया है कि किसी भी तदर्थ शिक्षक का तबादला नहीं होगा, क्योंकि वह तबादले के दायरे में नहीं आते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी डीआईओएस और जेडी को भी निर्देश दिया गया है कि वह तदर्थ शिक्षक, शिक्षिकाओं की फाइल तबादले के लिए उप्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज न भेजे, अगर कोई ऐसी फाइल आती है तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ विभागीय एवं शासन स्तर से सख्त कार्रवाई होगी।

## जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष बने पवन जैन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक निजी होटल में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के लखनऊ चैप्टर का गठन हुआ और इसमें पवन जैन अध्यक्ष बनाये गये। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, एमएलसी मुकेश शर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## पत्रकार और भाजपा विधायक को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने रविवार को एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ भाजपा विधायक और एक पत्रकार को अभद्र भाषा का उपयोग करते धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने पत्रकारों को बताया कि दो दिन पहले भलुअनी थाना के ग्राम सोनाड़ी निवासी रोहित यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पत्रकार संतोष विश्वकर्मा ने इससे पहले उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी कि रोहित ने उन्हें फोन पर अभद्र भाषा का उपयोग किया है। विरोध पर उन्होंने धमकी भी दी थी। वहीं, यह भी आरोप है कि रोहित ने पत्रकार के अलावा भारतीय जनता पार्टी से विधायक शलभमणि त्रिपाठी को भी मोबाइल पर आपत्तिजनक भाषा का उपयोग करते हुए धमकी दी है। इस संबंध में थाना कोतवाली में वादी संतोष की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपित की तलाश में थी। पुलिस ने एक सूचना के बाद रविवार को आरोपित रोहित को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## पंचायत चुनाव की चर्चाओं के बीच आबकारी विभाग ने तेज की छापेमारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की चर्चाओं के बीच उप्र आबकारी विभाग ने छापेमारी तेज कर दी है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में 16 जगहों पर आबकारी विभाग ने छापेमारी की और कच्ची शराब, लहन, देशी शराब बरामद किया। आबकारी विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गोण्डा जिले में गांव तारी परसोहिया, धोबिय अनपूर्व, महुआडीह, गर्हि, सिसई मांझा में आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी में 95 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 12 सौ किलो लहन बरामद की है। मौके पर लहन को नष्ट किया गया। बलरामपुर जिले में ग्राम मोतीपुर, रघुनाथपुर, बालापुर में आबकारी टीम की दबिश में 43 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और 90 किलो लहन नष्ट किया गया। बहराइच में आबकारी टीम ने ज़ालिमनगर, उदवापुर, बख्तावर गांव, फत्तेपुरवा, असईला, तपेसिपाह ग्रामों में चेकिंग के दौरान 80 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। कच्ची शराब बनाने वाले लोग मौके से फरार हो गये। सीतापुर जिले में महोली के ग्राम कंचनपुर, महेवा में आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान वहां 50 किलोग्राम लहन भी मिला, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। महाराजगंज में आबकारी टीम ने ग्राम नागेसरपुर में छापेमारी की और 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। टीम को मौके पर दो क्विंटल लहन भी मिला, जिसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। ज्ञातव्य हो कि आबकारी आयुक्त की ओर से चुनावों के दौरान शराब बांटने के मामलों पर रोकथाम लाने के लिए सतर्कता बढ़ाने को कहा गया है।

## बदमाशों से पुलिस मुठभेड़ में एक घायल, दूसरा फरार

**झांसी।** चिरगांव थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच सुल्तानपुरा ओवरब्रिज से आगे सर्विस रोड के किनारे मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। एसपी ग्रामीण डॉ अरविन्द कुमार ने रविवार को बताया कि सत्यम परिहार उर्फ कल्लू और दुष्यंत परिहार दोनों सुल्तानपुरा थाना चिरगांव के ही रहने वाले हैं। बीते 14 जून 2025 को उन्होंने मां-बेटे के साथ दुष्कर्म/कुकर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में इन दोनों अभियुक्तों के खिलाफ चिरगांव थाने में मुकदमा अपराध संख्या 146/25 धारा 333/64/352/351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। वहीं पुलिस की टीमें दोनों आरोपितों की तलाश में लगी थी। बीती रात चिरगांव पुलिस टीम सुल्तानपुरा ओवरब्रिज से आगे झांसी की तरफ सर्विस रोड के किनारे चेकिंग कर रही थी। इस बीच दोनों वांछित आरोपित को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही दोनों अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में आरोपित सत्यम परिहार उर्फ कल्लू के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। जबकि दूसरा अभियुक्त दुष्यंत परिहार फायरिंग करते हुए मौके से फरार होने में सफल रहा। घायल बदमाश सत्यम को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस ने घायल आरोपितों के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और तमंचे में फंसा हुआ एक खाली खोखा कारतूस बरामद किया है। फरार आरोपित दुष्यंत परिहार की तलाश के लिए टीमें दबिश दे रही हैं।

## गंगा में डुबकी लगाते ही सामान गायब

मीरजापुर। गंगा में स्नान करने के दौरान श्रद्धालुओं का सामान चोरी होने की घटना सामने आई है। लखनऊ से रविवार को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन करने आए श्रद्धालु गोविंद मिश्र के साथ यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि सुबह गंगा स्नान के लिए दीवानघाट पहुंचे और अपना बैग, पैंट जिसमें लगभग 10 से 12 हजार रुपये और अंडरगारमेंट उतारकर स्नान करने चले गए। स्नान के बाद जब बाहर आए, तो उनका पैंट और रुपये गायब थे। पीड़ित ने कहा कि उनके पास अब नीचे पहनने के लिए सिर्फ गमछा ही बचा है। इस घटना के बाद वह किसी तरह अपने साथी के साथ वापस घर जाने का मन बना रहे हैं। यह घाट विन्ध्याचल का प्रमुख स्नान घाट है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं, लेकिन यहां पर ऐसी घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। इस घटना ने स्थानीय पुलिस की संवेदनहीनता पर सवाल खड़ा कर दिया है, क्योंकि यह स्नान घाट कोतवाली के समीप स्थित है, लेकिन पुलिस इस प्रकार की घटनाओं को रोकने में नाकाम रही है।

# योगी सरकार का बड़ा फैसला, नगर पंचायतों को 1 करोड़ तक के कार्य करने की स्वायत्तता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास विभाग ने प्रदेश के नगरीय निकायों को और अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्तता प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। नगर विकास विभाग ने वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में व्यापक संशोधन करते हुए संचालन प्रक्रिया को अधिक सरल और जवाबदेह बनाया है। इसके तहत अब नगर पंचायतों को 1 करोड़ और पालिका परिषदों को 2 करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की स्वायत्ता होगी। साथ ही नगरीय निकायों द्वारा करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों में होने वाली गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूलने का भी प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों की विकास प्रक्रिया को तेज करने के लिये नई तकनीकि के इस्तेमाल पर भी जोर दिया जाएगा।

प्रदेश के नगरीय निकायों की एसओपी 2021 में किया गया संशोधन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्ता प्रदान की है। नगर विकास विभाग ने 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में जरूरी बदलावों को मंजूरी दी है। इसके तहत विभाग ने बाजार दरों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों की वित्तीय सीमा को पुनः निर्धारित किया है। जिसके अनुसार अब प्रदेश की नगर पंचायतें 1 करोड़ और नगर पालिका परिषदें 2 करोड़ रुपये के निर्माण एवं अन्य विकास कार्य करने की अनुमति प्रदान की है। जबकि अभी तक उन्हें केवल 40 लाख रुपये तक के कार्य कराने की ही अनुमति थी।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि एसओपी में संशोधन से स्थानीय नगरीय निकायों को न केवल वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह नगरीय प्रशासन को जनहित में अधिक प्रभावी बनाएगा। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में कमी के लिए ठेकेदार होंगे जिम्मेदारनगर विकास विभाग ने नगरीय निकायों के निर्माण एवं विकास कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए संबंधित ठेकेदार, अभियंता और प्रशासनिक अधिकारी की जवाबदेही को नये सिरे से तय किया है। एसओपी में किए गए प्रमुख संशोधन के अनुसार, किसी भी निर्माण या विकास कार्य में गुणवत्ता की कमी या मापन में त्रुटि के कारण यदि अतिरिक्त भुगतान होता है, तो उसकी वसूली संबंधित ठेकेदार से 50 प्रतिशत और शेष 50 प्रतिशत राशि अभियंता एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वसूल की जाएगी।

# 27 जून को निकलेगी बाबा कालभैरव की शोभायात्रा

एजेंसी

वाराणसी। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 27 जून को परम्परानुसार काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव नगर भ्रमण पर निकलेंगे। बाबा के स्वर्ण रजत निर्मित पंचबदन प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा स्वर्णकार समाज के लोग निकालते हैं । चौखंभा स्थित काठ की हवेली से निकलने वाली शोभायात्रा के भव्य स्वागत की तैयारी में श्री काशी सर्राफा मंडल (रजि) जुट गया है। शोभायात्रा के स्वागत के लिए रवि सर्राफ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि बाबा श्री कालभैरव की शोभायात्रा का मंडल स्टॉल लगाकर भव्य स्वागत करेगा। बैठक में संगठन के विस्तार के लिए भी मंथन हुआ। शोभायात्रा के स्वागत के बाद संगठन के सदस्यता अभियान शुरू करने पर बल दिया गया। बताते चले स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी की ओर से वर्ष 1954 में निर्मित बाबा श्री काल भैरव के स्वर्ण - रजत प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा प्रतिवर्ष आषाढ़ सुदी द्वितीया के दिन स्वर्णकार बंधु निकालते हैं। बाबा श्री कालभैरव के स्वर्ण - रजत प्रतिमा को रथ पर विराजमान करा कर शोभायात्रा निकलती है। प्रतीक रूप से बाबा भ्रमण कर अपने भक्तों के दुख दर्द को देखते और सुनते है। शोभायात्रा अपने परंपरागत मार्ग चौखंभा स्थित काठ की हवेली से उठकर बीबीहटिया, जतनबर, विशेश्वरगंज, महामृत्युंजय, दारानगर, मैदागिन, बुलानाला, चौक, नारियल बाजार, गोविंदपुरा, ठठेरी बाजार, सोराकुआं, गोलघर होते हुए कालभैरव मंदिर पहुंचती है। शोभायात्रा के स्वागत के लिए हुई बैठक में अमनदीप सिंह, जतिन रस्तोगी, पंकज सर्राफ, पीयूष गुप्ता, संजय अग्रवाल, श्री कुमार दबे, राजा सेठ, अरुण उपाध्याय, मोहन अग्रवाल, मायाशंकर सेठ, उमेश उपाध्याय,किशोर कुमार सेठ आदि शामिल रहे।

# भाजपा से महिलाएं बना रही दूरियां : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरकार (भाजपा) के आंकड़े बताते हैं कि सबसे ज्यादा उत्पीड़न, अन्याय किसी के ऊपर हो रहा है तो महिलाओं के ऊपर हो रहा है, इस सरकार में। इधर देखने को मिला है कि सबसे ज्यादा असुरक्षित माहौल महिलाओं, बेटियों के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बन गया है। झूठे वादों के चलते भाजपा से महिलाएं दूरियां बना रही हैं। यह जुबानी हमला समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा सरकार पर किया। वे पार्टी मुख्यालय में महिला सभा की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

दरअसल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अहम बैठक करते हुए अखिलेश यादव ने महिला उत्पीड़न और उनसे जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में जो योजना समाजवादी पेंशन की शुरू हुई थी, उसी योजना को बीजेपी और अन्य दलों ने लागू करके सरकार बना ली। इस बार उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर 3000 रुपये पेंशन देने का काम गरीब महिलाओं के लिए होगा। उन्होंने कहा कि विद्या धन इन्होंने (भाजपा) बंद कर दिया है। सबसे ज्यादा बेटियों को लैपटॉप मिलता था, अब रद्दी टैबलेट दे रहे हैं। आने वाले समय में महिलाओं की सुरक्षा के लिए हम लोग 1090 को और सशक्त करके मजबूत बनाने का काम करेंगे। पंचायती राज में आरक्षण लागू करने का काम हम समाजवादी और नेताजी का था। हमें उम्मीद है जब 2027 में सरकार समाजवादियों की बन जाएगी तब महिला आरक्षण लागू होगा और बड़े पैमाने पर संगठन की महिलाओं को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर 2027 में सपा की सरकार बनी तो पुलिस विभाग में महिलाओं की भर्ती के लिए हम ढांचागत बदलाव करेंगे। अखिलेश ने एक बार फिर ईवीएम मशीन से चुनाव कराने को गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि आपका वोट बैलेट से ही डलना चाहिए, वही पुराना तरीका कि हमें पता हो, कहां वोट डाल रहे हैं। मशीन का बटन दबाने से गुस्सा नहीं निकलता। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) बेचना चाहे तो बेच सकती है, हम खरीदना चाहते हैं। एलडीए वीसी को पार्टी की ओर से चिट्ठी भेजने के अखिलेश यादव ने संगठन पदाधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पूर्व अखिलेश यादव ने महिला सभा की बैठक करते हुए 2027 की तैयारी को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वोटर लिस्ट से लेकर महिलाओं के मुद्दे पर चर्चा की। इस दौरान डिंपल यादव, जूही सिंह के साथ महिला सभा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग की आदत डालें : पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मेटरनिटी सेंटर, देहरादून के द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस को योग के स्वास्थ्यवर्धक लाभों से अवगत कराना और दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। योग प्रशिक्षिका प्रिया द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियाँ सिखाई गईं।

इस योग सत्र में अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पद्म श्री से सम्मानित डॉ. बी. के. एस. संजय ने स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भोजन, व्यायाम, काम और नींद के अलावा स्वस्थ और सुखी जीवन को बनाए रखने के लिए आधे घण्टे से एक घण्टे तक नियमित योग बहुत स्वास्थवर्द्धक है। योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि यह तनाव प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है जिसे कई बायोफीडबैक अध्ययनों से साबित किया गया है। पद्मश्री से सम्मानित ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. बी. के. एस. संजय ने सभी से योग को एक आदत बनाने का आग्रह किया क्योंकि योग एक बिना लागत के स्वास्थवर्द्धक प्रणाली है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा डॉ. सुजाता संजय ने कहा कि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जाति, पंथ, क्षेत्र और धर्म के भेदभाव के बिना योग एवं प्राणायाम की आदत सभी को अपने जीवन शैली में ढ़ालनी चाहिए। ऑर्थोपीडिक एवं स्पाइन सर्जन डॉ. गौरव संजय ने कहा कि योग हमारे शरीर को लचीला बनाता है। आज के समय में जब हम घंटों कंप्यूटर के सामने या गाड़ी चलाते हुए बिताते हैं, तब शरीर में अकड़न, पीठ दर्द और जोड़ों की तकलीफें आम हो जाती हैं। योग इन समस्याओं से राहत देने में बेहद असरदार है। नियमित अभ्यास से शरीर हल्का, संतुलित और सक्रिय महसूस करता है।

# नमो भारत साबित हो रही वरदान, एनसीआर में काम और व्यापार करना हुआ आसान

एजेंसी

गाजियाबाद। नमो देश की इस पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन ने दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ व आसपास के लोगों के लिए यात्रा को काफी आसान, तेज़, सुगम और सुविधाजनक बना दिया है। दिल्ली, गाज़ियाबाद, मोदिनगर, मेरठ के बीच नौकरी के लिए आने-जाने वालों को इस ट्रेन ने बड़ी सहूलियत दी है। पहले जिस यात्रा में घंटों का समय लगता था, नमो भारत की तीव्र गति की यात्रा से अब वह घटकर सिर्फ मिनटों की रह गई है। इतना ही नहीं, अब नौकरी के लिए घर परिवार से दूर रहने के बजाए लोग अपने मूल शहर में रहते हुए दिल्ली, गाज़ियाबाद, मुरदनगर, मोदिनगर, मेरठ जैसे शहरों में नौकरी करने की सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं। वर्तमान में, दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55किलोमीटर के सेक्शन में 11 स्टेशनों पर नमो भारत ट्रेन दौड़ रही है।

एनसीआर्टसी कामकाजी लोगों, महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों को 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिकतम परिचालन गति से दौड़ने वाली नमो भारत से विशेष लाभ मिल रहा है। जो लोग नौकरी, व्यापार, पर्यटन आदि के लिए दिल्ली, गाज़ियाबाद, मोदी नगर, मेरठ के बीच सफर करते हैं, उन्हें अब काफी सुविधा हो गई है। दिल्ली की रहने वालीं डॉक्टर नेहा ने नमो भारत और उससे मिलनी वाली सुविधाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं अक्सर मेरठ और मुजफ्फरनगर आती-जाती हूँ। नमो भारत के चलने से पहले मैं दिल्ली से निजी कार या कैब-टैक्सी लेकर ये यात्रा करती थी। रोड पर काफी जाम लगता था, दिल्ली से मेरठ आने में कई बार तीन-तीन घंटे लग जाते थे। काफी समय व्यर्थ होता था लेकिन नमो भारतटाइम- सेवर है, करीब आधे घंटे में मैं दिल्ली से मेरठ आ जाती हूँ मैं एक डॉक्टर हूं और ये जो समय बचता है, इसे मैं अपने मरीजों को दे पा रही हूं। बहुत अच्छी सुरक्षित और तीव्र सुविधा है। ट्रेन में अलग से महिला कोच भी है। डॉक्टर नेहा के साथ-साथ हज़ारों नौकरीपेशा लोग भी अब अपने शहर से नौकरी के लिए रोजाना दिल्ली आ-जा पा रहे हैं। दिल्ली में सरकारी कर्मचारी के तौर पर कार्यरत एक यात्री ने बताया कि वह रोजाना मुरादनगर से दिल्ली के आनंद विहार तक का सफर करते हैं। उन्होंने कहा, ञ्जजब नमो भारत ट्रेन नहीं थी, तो रोजाना दिल्ली नौकरी पर आना-जाना संभव नहीं था। दिल्ली में ही किराए पर कमरा लेकर रहना पड़ता था। अभी रोज घर पहुंच पाते हैं, काफी आराम है। हर 15 मिनट में ट्रेन उपलब्ध हैं। जो समय बचता है, उसे घर पर परिवार या बच्चों को देते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रहीं एक महिला यात्री ने बताया कि वह नमो भारत के कारण काफी समय तो बचा ही रही हैं, साथ ही सुरक्षित और तीव्र सफर का आनंद ले रही हैं। उन्होंने कहा, ञ्जपहले बसों में यात्रा करनी पड़ती थी।

## जनता के बीच रहकर उनके कार्य को निष्पादन करना मेरा नैतिक कर्तव्य : आकांक्षा सिंह



कोरांव (प्रयागराज)। एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह ने बातचीत के दौरान कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार जनता के बीच रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करुँगी। उन्होंने आगे कहा कि किसी के दबाव में गलत आदेश नहीं करुँगी और सही काम बिना दबाव में करुँगी जैसा की अब तक करती रही हु । उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए सभी फरियादी बराबर हैं और वह सरकार व उच्चाधिकारियों के निर्देश का अनुपालन करना अपना कर्तव्य समझती हु उन्होंने कुछ अधिवक्ताओं की आलोचना की जो अनुचित तरीके से दबाव बनाकर गलत आदेश कराने का प्रयास करते हैं। कोसिस हमेशा रहता है की अधिक से अधिक लोगो को न्याय मिले अन्याय न हो

**मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया में दो नई ऊर्जावान नियुक्तियाँ**

# राकेश पांडेय बने मीडिया काउंसिल ऑफ़ इंडिया के वाईस चेयरमैन , शिवम क्रिएटिव डायरेक्टर नियुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राकेश कुमार पांडेय



शिवम सिंह

लखनऊ। मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया ने संगठन को नई दिशा और ऊर्जा देने के उद्देश्य से दो अहम नियुक्तियाँ की हैं। वरिष्ठ पत्रकार और कैनविज टाइम्स के प्रधान संपादक राकेश कुमार पांडेय को काउंसिल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि प्रख्यात युवा कलाकार शिवम सिंह को क्रिएटिव डायरेक्टर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इन नियुक्तियों की आधिकारिक घोषणा काउंसिल के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ठा. श्रीश सिंह ने की। उन्होंने कहा कि यह दोनों पदाधिकारी अपनी विशेषज्ञता और अनुभव से काउंसिल की कार्यप्रणाली और रचनात्मक गतिविधियों को एक नई ऊँचाई देंगे। राकेश कुमार पांडेय पत्रकारिता के क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखते हैं और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाने के लिए जाने जाते हैं। वहीं, शिवम सिंह ने अपनी कला से देश-विदेश में पहचान बनाई है, और उनकी रचनात्मक सोच काउंसिल के कार्यक्रमों में नवाचार को प्रोत्साहित करेगी। इन दोनों प्रतिभाओं के जुड़ने से मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया की भूमिका और भी अधिक सशक्त होने की उम्मीद की जा रही है, जिससे पत्रकारिता और कला के बीच रचनात्मक सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे।

# 39 जिलों में शुरू हुआ सीएम कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण कार्य

## प्रदेश सरकार का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर बड़ा कदम, हर जिले में बनेंगे अत्याधुनिक सीएम कंपोजिट विद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सभी वर्गों के छात्रों के लिए एकीकृत शैक्षिक परिसर**

**शिक्षा और कौशल विकास के लिए समर्पित इंफ्रास्ट्रक्चर**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और समावेशी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल शुरू हो चुकी है। प्रदेश के 39 जिलों में 'मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों' का निर्माण कार्य तेज़ी से प्रारंभ हो चुका है, जिससे लाखों बच्चों को आधुनिक, समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। वहीं 10 अन्य जिलों में भी शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। शेष जिलों के लिए शासन स्तर पर वित्तीय स्वीकृति एवं भूमि चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में समस्त 75 जिलों में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण पूरा होने के बाद द्वितीय चरण में भी प्रति जनपद 1-1 मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का निर्माण प्रस्तावित है। इस प्रकार प्रति जिले दो मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण की कार्ययोजना है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी 75 जनपदों में इन मॉडल विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में 39 जिलों में निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है या फिर होने जा रही है। इन जिलों में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण को लेकर वित्तीय स्वीकृति से लेकर भूमि चयन तक सभी आवश्यक अप्रूवल मिल चुके हैं। वहीं 10 अन्य जिलों में भी शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। शेष जिलों के लिए शासन स्तर पर वित्तीय स्वीकृति एवं भूमि चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

इन विद्यालयों की सबसे खास बात यह है कि इनमें प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की सभी कक्षाएं एक ही परिसर में संचालित होंगी। 5 से 10 एकड़ भूमि पर 30 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक शिक्षण संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं, जो राज्य की शिक्षा व्यवस्था में नई ऊंचाई तय करेंगे। इस महत्त्वाकांक्षी योजना को गति देने के लिए सरकार ने 6 प्रमुख निर्माण एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही कौशल विकास, खेलकूद, सुविधा और सुरक्षा।का पूरा ख्याल रखा जाएगा। परियोजना के तहत प्रत्येक विद्यालय में 30 स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी व कंप्यूटर लैब, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला और मिनी स्टेडियम और बड़ा खेल मैदान विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इनमें कौशल विकास केंद्र और वर्कशॉप्स, शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधा और सीसीटीवी निगरानी, वाई-फाई, स्वच्छ जल और शौचालय की भी व्यवस्था होगी।

इन जिलों में शुरू हुआ निर्माण कार्य : सीतापुर, बिजनौर, कानपुर देहात, महाराजगंज, अम्बेडकरनगर, बुलन्दशहर, खीरी, बलिया, सुल्तानपुर, हमीरपुर, रायबरेली, औरैया, अमेठी, हरदोई, अमरोहा, चित्रकूट, ललितपुर, जालौन, चन्दौली, फिरोजाबाद, श्रावस्ती, इटावा, मैनपुरी, हापुड़, कौशाम्बी, मऊ, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, संतकबीरनगर, सम्भल, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर, रामपुर, हाथरस, बदायूं, बहराइच, भदोही, बागपत।

# मोहर्रम की तैयारियों में जुटा लखनऊ प्रशासन, जुलूस मार्गों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। मोहर्रम के पवित्र अवसर पर लखनऊ नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने शहर में ताज़िया जुलूस मार्गों की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए व्यापक निरीक्षण किया। जोन-2 और जोन-6 के अंतर्गत आने वाले संभावित जुलूस मार्गों का यह संयुक्त निरीक्षण अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) धनंजय सिंह कुशवाहा, सहायक पुलिस आयुक्त (चौक) राजकुमार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त (बाजार खाला) जीतेंद्र विक्रम सिंह, जोनल अधिकारी-2 शिल्पा कुमारी, जोनल अधिकारी-6 मनोज कुमार यादव, नगर अभियंता-6 झिल्लूराम, अधिशाषी अभियंता (जलकल-2) विश्वनाथ गुप्ता, सहायक अभियंता आलोक श्रीवास्तव, अवर अभियंता उमेश पाल सिंह और जोनल सेनेट्री अधिकारी-2 राम सकल यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान चरक चौराहा, गोटा बाजार, सर्राफा बाजार, नक्खास, अकबरी गेट और घण्टाघर जैसे क्षेत्रों में टूटी सड़कें, चोक नालियाँ, गंदगी और झूलते विद्युत तार जैसी समस्याएँ पाई गईं। इनके तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। साथ ही, जुलूस मार्गों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। रुमीगेट, लाजपत नगर और पाटानाला क्षेत्रों में खुले सीवर ढक्कन, लटकते तार और गंदगी के तत्काल निस्तारण के आदेश दिए गए। नींबू पार्क से हैदरगंज चौराहे तक ओवरब्रिज के नीचे और आसपास सफाई, डिवाइडर पर जमा मलबा हटाने और अनधिकृत होर्डिंग्स हटाने के निर्देश भी जारी किए गए। जलकल विभाग को जुलूस मार्गों पर टूटे सीवर ढक्कनों और लीकेज की समस्याओं को ठीक करने, जबकि विद्युत विभाग को झूलते तारों को सुरक्षित करने का आदेश दिया गया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने कहा, ''मोहर्रम मुस्लिम समुदाय का अत्यंत महत्वपूर्ण और गमगीन अवसर है। नगर निगम का दायित्व है कि श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी विभाग आज ही अपने कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि नगर आयुक्त को स्थिति से अवगत कराया जा सके। लखनऊ नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम के दौरान शांतिपूर्ण और सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि प्रशासन जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह सतर्क है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक ड्राइवर की मौत, भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

**सरोजिनी नगर,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोनीपत निवासी विनोद दहिया पुत्र स्वर्गीय जगदीश चंद्र ने सरोजिनी नगर थाने पर शनिवार को मुकदमा दर्ज कराया है। बतौर विनोद दहिया उनका भाई रविंद्र पुत्र चंद्रभान निवासी तुर्कपुर सोनीपत थाना खरखौंदा शुक्रवार को बिलासपुर से ट्रक संख्या एच आर 54 ए सी 5478 से सामान लादकर लखनऊ आया था, वह नादरगंज के पास गाड़ी खड़ी करके रोड पार कर रहा था तभी किसी अज्ञात बहन ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए भाई को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सरोजिनी नगर पुलिस दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए अपनी कार्रवाई कर रही है।

## रीचार्ज के बाद भी नहीं चला इंटरनेट, रिलायंस जियो को भेजा नोटिस

**सीतापुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रिलायंस जियो का इंटरनेट ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है। उपभोक्ता अक्सर इसकी शिकायत कस्टमर केयर में करते हैं, बावजूद इसके समस्या का निस्तारण नहीं हो पाता। ऐसा ही एक मामला कस्बा कमलापुर में सामने आया है, जहां जियो इंटरनेट वाईफाई का रिचार्ज कराने के 36 घण्टे बाद इंटरनेट शुरू हो पाया। उपभोक्ता ने कंपनी द्वारा सेवा में की गई इस कमी व लापरवाही को लेकर अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह चौहान के माध्यम से जियो कंपनी को नोटिस भेजा है। कस्बा कमलापुर निवासी आरपी सिंह चौहान ने नोटिस में कहा कि उन्होंने कई माह पूर्व अपने घर पर रिलायंस जियो का इंटरनेट वाईफाई लगवाया था। जिसका रिचार्ज 5 जून 2025 को समाप्त हो गया। उपभोक्ता ने वाईफाई सेवा जारी रखने के लिए 6 जून 2025 को 500 रुपये का रिचार्ज करवाया। उक्त रिचार्ज होने के तुरंत बाद जब इंटरनेट सेवा शुरू नहीं हुई तो उपभोक्ता द्वारा कस्टमर केयर नम्बर 18008899999 पर कॉल की जाती रही। फिर भी समस्या का समाधान नहीं जो पाया। लगभग 36 घण्टे बाद जाकर इंटरनेट शुरू हुआ। इस दौरान उपभोक्ता के कई ज़रूरी काम बाधित रहे, लोगों से उसका संपर्क टूट गया, जिससे वह काफी परेशान रहा। उपभोक्ता ने कहा कि इंटरनेट सेवा शुरू न होने से परिवार के बच्चों की 36 घण्टे शिक्षा बाधित रही। साथ ही उपभोक्ता को हाउस अरेस्ट की तरह रहना पड़ा। उपभोक्ता ने इन समस्याओं के लिए नोटिस के माध्यम से कंपनी से जवाब मांगा है।

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सभी जिलों में संगोष्ठी करेगी भाजपा**

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करेगी। भाजपा 23 जून बलिदान दिवस पर राष्ट्र की एकता, अखंडता व स्वाभिमान के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले राष्ट्र चेतना के अग्रदूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करेगी। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने दी। संतोष सिंह ने बताया कि एक देश-एक विधान और एक प्रधान की प्रतिबद्धता के साथ अपने प्राणों के बलिदान से राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने का भाव जागृत करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व से जनमानस को प्रेरित करने के लिए संगोष्ठियां आयोजित की जायेंगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद, विधायक संगोष्ठियों के माध्यम से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रेरक जीवन पर संवाद करते हुए जनमानस को राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकार से जोड़ेंगें। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी देवरिया, डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय वाराणसी महानगर, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक अयोध्या जिला, कान्ता कर्दम बिजनौर, दिनेश शर्मा एटा, त्रयम्बक त्रिपाठी लखनऊ महानगर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला अमेठी, अमर पाल मौर्य सुल्तानपुर, अनूप गुप्ता बाराबंकी, संजय राय उन्नाव, कामेश्वर सिंह गोरखपुर जिला, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल कानपुर देहात, कमलेश मिश्रा रायबरेली, सांसद दर्शना सिंह सोनभद्र, संगीता बलवंत मछलीशहर में आयोजित संगोष्ठी में हिस्सा लेंगी।

## गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में विकसित कर किसानों को संपन्न बना रही योगी सरकार

**लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में योगी सरकार की नीतियां लगातार कारगर साबित हो रही हैं। राज्य में गन्ने की अधिक उत्पादक और लाभदायक किस्मों को विकसित कर खेती को लाभ का सौदा बनाया जा रहा है। उप्र. गन्ना शोध परिषद की ओर से जलवायु के अनुकूल और रोग रोधी किस्में विकसित करने से किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गन्ना समितियों को भी अधिक सशक्त बनाया जा रहा है, ताकि किसानों को हर स्तर पर तकनीकी सहायता मिल सके। प्रदेश में 10 वर्षों के भीतर गन्ने की जलवायु आधारित किस्मों का विकास किया गया है। प्रदेश में 59 प्रमुख किस्में उगाई जा रही हैं। इनमें 28 अगेती और 31 मध्य पछेती वर्तमान में काफी सफलतापूर्वक प्रयोग की जा रही हैं। यह प्रयास किसानों को बेहतर उपज और लाभ देने में मददगार साबित हो रहे हैं। अब तक 243 उत्कृष्ट किस्मों को विकसित किया जा चुका है। ये किस्में गन्ना उद्योग के अनुरूप अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई हैं। यह प्रजातियां न केवल उत्पादन बढ़ाने में कारगर हैं बल्कि इनसे शुगर रिकवरी भी बेहतर होती है। 267 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तैयार की गई प्रजनक बीज नर्सरी गन्ना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। नर्सरी के माध्यम से किसानों को प्रमाणित और रोग रहित बीज उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे फसल की गुणवत्ता में इजाफा हो रहा है। नवाचार के तहत विकसित की गई गन्ने की नई किस्में रोग प्रतिरोधक क्षमता से युक्त हैं। इससे फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीट और बीमारियों का प्रभाव कम हुआ है, जिससे उत्पादन लागत घटकर मुनाफा बढ़ा है। इसका सीधा फायदा प्रदेश के लाखों गन्ना किसानों को हो रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गन्ना समितियों को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा रहा है। किसानों को समय पर भुगतान, बीज, उर्वरक, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने में समितियों की भूमिका को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। जिससे प्रदेश के किसानों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा।

## कांग्रेस की 'राजशाही सोच' का नतीजा था 'आपातकाल' : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की 'राजशाही सोच' का नतीजा था 'आपातकाल' । समय बदला पर सोच आज भी वही है।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि यूपी देश की सबसे ज़्यादा योजनाओं में नंबर 1 है। जब यूपी आगे बढ़ेगा, तब देश आगे बढ़ेगा। डबल इंजन सरकार-डबल विकास हो रहा है। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि कांग्रेस अब देश की जनता के बजाय 'पाकिस्तान के नेताओं' के भरोसे पर ज्यादा निर्भर है। पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही है।

# ईरान से दूरी मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता : शाहनवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारत के परंपरागत मित्र इरान पर इज़रायली हमले की निंदा कर पाने का साहस नहीं दिखा पाना प्रधान मंत्री मोदी के लिए शर्मनाक है। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य झड़प को रुकवाने का श्रेय भी अमरीका ने ले लिया तब भी मोदी चुप रहे। इससे वैश्विक समुदाय में मोदी के नेतृत्व में भारत की छवि एक कमज़ोर देश की बन गयी है। पीएम को कम से कम दोनों देशों से युद्ध विराम की औपचारिक अपील करनी चाहिए। यह बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 200 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि 1994 में जब पाकिस्तान ने कश्मीर के मुद्दे पर इस्लामिक देशों के संगठन में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश की थी तब भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री दिनेश सिंह ने ईरान दौरा कर भारत का पक्ष रखा था जिसके बाद पाकिस्तान का वो प्रस्ताव गिर गया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी ईरान वैश्विक मुद्दों पर हमेशा से भारत के साथ खड़ा रहता आया है। उलटे अमरीका के दबाव में मोदी सरकार ने ईरान से दूरी बना कर एक विश्वसनीय दोस्त को खो दिया।शाहनवाज़ आलम ने कहा कि मोदी सरकार ने अमरीका के दबाव और अपनी मुस्लिम विरोधी राजनीती के कारण इज़राल से दोस्ती तो कर ली लेकिन इज़राल के बंकरों में भारतियों को आश्रय तक नहीं दिया जा रहा है। जिसपर मोदी सरकार की चुप्पी शर्मनाक है।

# युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

युवा मोर्चा मंत्री आशुतोष तिवारी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में विनय पाठक, आनंद गुप्ता, हिमांशु शर्मा, यश शर्मा, राममूर्ति ,अमित गुप्ता, अरुण चौधरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने 56 यूनिट रक्तदान किया।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून को आपातकाल दिवस और 29 जून को मन की बात एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारी के संदर्भ में महानगर कैसरबाग कार्यालय पर और वर्चुअल बैठक आयोजित की।

आनंद द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रातः सिविल अस्पताल हजरतगंज में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे और श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सभी बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाम को हलवासिया कोर्ट हाल में संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा।

# लूट की वारदात का खुलासा, दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत निगोहां पुलिस ने हाल ही में हुई लूट की वारदात का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटी गई पल्सर बाइक व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 16 जून की देर रात्रि संदीप कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी मीरखनगर ने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 एम डब्ल्यू 9052 लूटे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार, वह अपनी बाइक से लौट रहे थे, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति स्कूटी से आए और मारपीट कर उनकी बाइक लूट ले गए। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की। पुलिस आयुक्त दक्षिणी जोन, डीसीपी दक्षिणी, एडीसीपी दक्षिणी व एसीपी मोहनलालगंज के निर्देशन में गठित टीम ने घटनास्थल और आस-पास के 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर दो अभियुक्तों अभिषेक साहू उर्फ विजय शंकर साहू (21 वर्ष) निवासी ग्राम सिर्ष व सूरज रावत पुत्र रामस्वरूप (22 वर्ष) निवासी ग्राम मस्ती पुर को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 16 जून की रात करन पुर स्थित ब्यासी बाबा मंदिर के पास से एक पल्सर बाइक चोरी करने और ऑटो स्टैंड के पास एक अन्य बाइक लूटने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि वे बाइक बदल-बदल कर वारदात को अंजाम देते थे ताकि पुलिस को भ्रमित किया जा सके। आरोपियों ने यह भी कबूल किया कि वे पिछले चार-पांच दिनों से लखनऊ के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे और लगातार नए इलाकों में वारदात कर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे थे। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ नगराम थाना क्षेत्र के अहमद पुर नौबस्ता गांव के समीप की घटना**



नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के बहरौली गांव के रहने वाले 55 वर्षीय कमरुद्दीन की बीते शनिवार की देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, वह किसी कार्य से गंगागंज गए थे और वापस लौटते समय लखनऊ नगराम रोड पर स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निकट ग्राम अहमदपुर नौबस्ता गोसाईगंज थाना क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान रात लगभग 9:30 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे मोहम्मद जुबेर ने बताया कि वह अपने चाचा की मृत देह को गांव बहरौली ले आए हैं और उन्होंने नगराम थाने में तहरीर देकर मांग की है कि पोस्टमार्टम नगराम थाने के माध्यम से कराया जाए, जबकि कानूनी कार्यवाही गोसाईगंज पुलिस द्वारा की जाए। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि हादसे के लिए जिम्मेदार अज्ञात वाहन और चालक की पहचान कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इत्तेफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सीतापुर से रवाना होगी बाबा अमरनाथ की सातवीं धर्मयात्रा जंगलीनाथ मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। 23 सोमवार जून को बाबा अमरनाथ बर्फानी (भूखे को भोजन प्यासे को पानी) धर्मयात्रा की रवानगी होगी। यात्रा के समस्त शिवभक्तों को बाबा जंगलीनाथ मंदिर में संकल्प दिलाया जाएगा। इसके बाद धर्मयात्रा शुरू होने से पहले शहर में शंखनाद के साथ शोभायात्रा होगी। यही नहीं राजकीय इंटर कालेज से भक्तों की रवानगी होगी। जिसे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधान परिषद अध्यक्ष कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत दिग्गज हस्तियां हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। यह यात्रा 15 दिनों की होगी जो कि मिश्रिख नैमिषारण्य में पूजा अर्चना से शुरू होगी और हरिद्वार, हिमांचल की सभी देवियों के दर्शन, माता वैष्णो देवी के दर्शन कराते हुए बाबा अमरनाथ पहुंचेगी। इस दौरान सभी शिवभक्तों के रहने व खाने की व्यवस्था श्रीकाशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति केसातवीं धर्मयाता श्रीद्वारा की जाएगी। यह जानकारी रविवार को श्रीकाशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति के संस्थापक / अध्यक्ष पीयूष कांत मिश्र तथा संरक्षक महंत बजरंग मुनि ने जिला पंचायत के नेहरूहाल में कही कि ये धार्मिक कार्यराजनैतिक नहीं समाजसेवा की भावना से कर रहे कार्य अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि यह सेवा किसी राजनैतिक दृष्टिकोण या साधू बनने के लिए नहीं बल्कि समाजसेवी की भावना से कर रहे हैं। 22 वर्ष काशी की सरजमीं पर कार्य करते हुए वहीं रहकर काशी बनारस में इस धर्मयात्रा का संकल्प लिए था जिसे वह आज भी निभा रहे है। संस्था द्वारा वर्ष 2015 में शुरू की गई यह धर्मयात्रा इस बार सातवीं धर्मयात्रा है। यात्रा के दौरान किसीभी शिवभक्त को कोई परेशानी ना हो इसकी पूरा ध्यान रखा जाता है। यात्रा में अनेकों कठिनाइयां भी आती हैलेकिन बाबा भोलेनाथ हर कठिनाई को दूर करते है। यात्रा में हर वर्ष जितना भी आर्थिक नुकसान होता है वह उनकी शिक्षक पत्नी द्वारा पूर्ण किया जाता है।पहलगाम की घटना का यात्रा पर कोई असर नही जब पहलगाम की घटना को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि इस धर्मयात्रा पर किसी भी प्रकार का कोई किंचित मात्र का भय या डर नहीं है। सभी पूरे जोश के साथ बाबा अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे है। उन्हें बाबा अमरनाथ तथा वहां की सेना पर पूरा भरोसा है। इस सातवीं धर्म यात्रा में सिर्फ जनपद ही शिवभक्त नहीं बल्कि गैर जनपद और गैर राज्य से भी आते है।हर यात्री का होगा पांच लाख का बीमा यात्रा में जाने वाले हर यात्री का श्राइन बोर्ड की तरफ से पांच लाख का बीमा होता है। सीतापुर से लेकर अमरनाथ यात्रा तक सभी का ध्यान रखा जाता है। किसी की भी तबियत खराब होने पर चिकित्सक तथा दवाइयां साथ में ही मौजूद रहती है। यात्रा में सभी शिवभक्त एक समान होते है। चाहे वह वीआईपी हो या रिक्शा वाला इस बार करीब तीन सौ से अधिक शिवभक्त जा रहे है। इस संस्था द्वारा दान लेने का एक अनोखा मामला भी पता चला। अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि यात्रा में किसी भी अपराधी रूपी व्यक्ति से दान नहीं लिया जाता है। खासकर मानव हत्या में शामिल व्यक्ति से तो कदापि दान नहीं लिया जाता है। संकल्प के दौरान जंगलीनाथ मंदिर में पात्र रखा जाता है जहां अपनी इच्छानुसार लिया गया संकल्प पात्र में डाला जाता है जिसे बाबा अमरनाथ मंदिर में भेंट कर दिया जाता है।

### इस बार सातवां अभिमंत्रित त्रिशूल होगा स्थापित

इस धर्मयात्रा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस यात्रा में एक त्रिशूल ले जाया जाता है जिसे देने के लिए शिवभक्तों में होड़ रहती है। यह त्रिशूल बाबा जंगलीनाथ मंदिर से मंत्रोच्चारण के साथ उठता है और फिर उसे विभिन्न देवी देवताओं के स्थानों पर अभिमंत्रित करते हुए बाबा अमरनाथ के गर्भग्रह में ले जाया जाता है जहां पर इसकी विधि विधान से पूजा अर्चना होती है और इसे वापस लाकर किसी तय शिवमंदिर में स्थापित किया जाता है। इस दौरान त्रिशूल को कहीं भी जमीन पर नहीं रखा जाता है। पूर्व की धर्मयात्राओं से लाया गया त्रिशूल एक प्रयागराज में संगमतट पर स्थित शिव मंदिर तथा शेष पांच सीतापुर जनपद के पांच शिवमंदिरों में स्थापित किए जा चुके है।इस अवसर पर संरक्षक व संस्थापक समेत महेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता, रामलखन कश्यप, बृजेश मिश्रा, कृष्णदत्त निषाद, बृजेश रस्तोगी, जया सिंह, भगवती प्रसाद गुप्ता, रामनिवास मिश्र, दीपेन्द्र मिश्र, सौरव दीक्षित, डा. सूर्यकांत मिश्र, मोनू शुक्ला समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दमसांडा

सीतापुर। बिसवां थाना क्षेत्र के सकरन-सांडा मार्ग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब आम से लदा एक डाला कुटी पुरवा गांव के पास सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया।डाले में सवार तीन युवक–फुरकान (33) पुत्र मौला, इमामू (35) और आशिफ (18) पुत्र शाकिर–सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान विद्युत पोल टूटकर फुरकान के ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रारंभिक जांच में फुरकान की हालत सामान्य बताकर डॉक्टरों ने उसे घर भेज दिया। लेकिन शाम करीब 4 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे दोबारा उसी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को लखनऊ के आयोजन में किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददात



बिसवां, सीतापुर। जनपद के प्रख्यात साहित्यकार साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को लखनऊ के आयोजन में सम्मानित किया गया। लखनऊ की सामाजिक संस्था मेरा गांव मेरा तीर्थ नामक संस्था की ओर से सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि सदस्य विधानपरिषद पवनसिंह चौहान ने श्री मृदु को उनके साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान हेतु अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इसी क्रम में आर एम पी डिग्री कॉलेज में हिन्दी के विभागाध्यक्ष जयवीर सिंह , लोक भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह सहित एक दर्जन से अधिक विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह आपरेशन सिन्दूर भारत का गौरवशाली इतिहास के परिप्रेक्ष्य में संगोष्ठी के अवसर पर सरस्वती विद्यामंदिर सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए इतिहास संकलन समिति अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष मिश्र ने आपरेशन सिन्दूर को भारत के शौर्य और पराक्रम की गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा की पुनर्स्थापना बताते हुए भारतीय सेना और नेतृत्व की सराहना करते हुए नागरिकों को संविधान में उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन का आग्रह किया।मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा आपरेशन सिन्दूर से विश्व में भारत की साख बढ़ी है और देशवासियों का सर गर्व से ऊंचा हुआ है। विशिष्ट अतिथि पवन सिंह चौहान ने समारोह की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। स्वागताध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री उ प्र संदीप बंसल ने अतिथियों सहित सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रशान्त भाटिया ने आभार व्यक्त किया। संस्थाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक मनीष जी ने अतिथियों एवं सम्मानित विभूतियों का परिचय कराते हुए संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन संदीप जी ने किया। वंदेमातरम् के साथ समारोह का समापन किया गया।

## गरीबों की जान का सौदागर बना बालाजी नर्सिंग होम

कैनविज टाइम्स संवाददात

सकरन,सीतापुर। क्या एक गरीब की जान की कोई कीमत नहीं, यह सवाल आज हर उस परिवार की आंखों में तैर रहा है जिसने बालाजी नर्सिंग होम, गोड़ियनपुरवा की चौखट पर अपनों को खोया है। इलाज के नाम पर लूट, डिग्रीविहीन झोलाछाप डॉक्टरों की फौज, और प्रशासनिक चुप्पी ने मिलकर इस अवैध अस्पताल को मौत का गढ़ बना दिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार हाल ही में लोनियन पुरवा निवासी त्यागी लोधी की संदिग्ध और झोलाछाप इलाज के चलते हुई मौत ने इस काले कारोबार की परतें उधेड़ दी हैं। मौत के बाद न सिर्फ परिजनों को धमकाया गया बल्कि सादे कागज़ पर जबरन अंगूठा लगवाकर धोखाधड़ी भी की गई। इंसानियत को शर्मसार करती इस घटना ने यह भी साबित कर दिया कि यह नर्सिंग होम नहीं, मौत की मंडी है।

### झोलाछाप डॉक्टरों का साम्राज्य, जिम्मेदारों की चुप्पी

बालाजी नर्सिंग होम में कार्यरत कथित ''डॉक्टरों'' के पास न कोई मान्यता, न कोई मेडिकल डिग्री। फिर भी इलाज, ऑपरेशन और बिल वसूली , सब धड़ल्ले से जारी है। सवाल यह उठता है कि किसके संरक्षण में चल रहा यह मौत का धंधा? बिना मानक और लाइसेंस के कैसे मिली मान्यता? क्यों नहीं हुई अब तक कोई कार्यवाही, जबकि अखबारों में बार-बार ये मामले उजागर हो चुके हैं?

### आशा बहुओं के जरिए चलाई जा रही 'मौत की मार्केटिंग' सूत्र

स्थानीय सूत्रों की मानें तो इस नर्सिंग होम के कथित प्रबंधक ने क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ताओं को अपने नेटवर्क का हिस्सा बना रखा है। ये आशा बहुएं ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को लाकर इस लूट केंद्र तक पहुंचाती हैं, जहां उन्हें इलाज के नाम पर ठगा जाता है और जान से भी हाथ धोना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी या मौन समर्थन जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी अब मौन समर्थन में बदल चुकी है।

## मछरेहटा ब्लॉक परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। हमें इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए: राजेश तिवारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मछरेहटा ब्लॉक परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी , ब्लॉक कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता , ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार और प्रार्थना से हुई, जिसके बाद प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ योग क्रियाओं को दोहराया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना रहा।खण्ड विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा, ''योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। हमें इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।''

## मैगलगंज खीरी रहजनियां गांव की सड़क बनते ही उखड़ने लगी, निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददात



मैगलगंज खीरी। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रहजनियां गांव में लोक निर्माण विभाग (घ्डक) द्वारा हाल ही में बनाई गई डामर सड़क निर्माण के तुरंत बाद ही टूट-फूट का शिकार होने लगी है। जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे-30 से रहजनियां गांव तक लगभग 200 मीटर लंबे संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी के चलते सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बजरी और तारकोल की गुणवत्ता बेहद खराब रही। तारकोल की कमी के चलते बजरी सड़क पर चिपकने के बजाय उखड़कर फैल रही है, जिससे सड़क बेहद फिसलन भरी हो गई है। इस कारण कई बाइक सवार गिरकर घायल हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग पर घोर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे, या यह मामला भी फाइलों में दबा ही रह जायेगा

## बाढ़ से पहले ही खीरी प्रशासन एक्शन में

**मॉक ड्रिलः सिर्फ अभ्यास नहीं, संकट से जूझने की पूर्व परीक्षा : एडीएम**

**पांच संवेदनशील तहसीलों में मॉक ड्रिल की रणनीति तैयार, 26 जून को होगा बड़ा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में संभावित बाढ़ संकट से पहले ही प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। आपदा से पहले बचाव को प्राथमिकता देते हुए खीरी प्रशासन ने पांच संवेदनशील तहसीलों में 26 जून को बाढ़ मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) नरेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की और तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल को औपचारिकता मानने की भूल न की जाए। यह एक यथार्थपरक, सामूहिक और तत्काल प्रतिक्रिया क्षमता का टेस्ट होगा। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री, नावों, बचाव उपकरणों, मेडिकल टीमों, हेल्पलाइन नंबरों, और 24ब7 कंट्रोल रूम की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी विभागों को समन्वय से काम करने और पूर्वाभ्यास को यथासंभव यथार्थ के निकटतम परिदृश्य में आयोजित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, बाढ़ प्रभावित बस्तियों की पहचान, वैकल्पिक शरणस्थल, और राहत वितरण के केंद्र चिह्नित किए जाएंगे।बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीवीओ डॉ दिनेश सचान, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, विनोद गुप्ता, रत्नाकर मिश्रा, राजीव कुमार निगम राजेश कुमार, सभी संवेदनशील तहसीलों के तहसीलदार, जिला होमगार्ड कमांडेंट, एनडीआरएफ, एसएसबी के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## थाना मझगई पुलिस ने दो वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार



लखीपुर। पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मझगई के नेतृत्व में थाना मझगई पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों 1.बुद्धा पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम दिदारू टांडा मजरा धर्मापुर थाना मझगई जनपद खीरी 2.रामरूप पुत्र शेखर निवासी ग्राम हुलासीपुरवा मजरा दौलतापुर थाना मझगई जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

### मितौली पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप 6 अभियुक्तों गिरफ्तार

लखीमपुर। पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली के नेतृत्व में मितौली पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 06 नफर अभियुक्तों 1.दीपक पुत्र स्व0 सर्वेश कुमार 2.प्रशान्त कुमार पुत्र स्व0 सर्वेश कुमार 3.आशीष कुमार पुत्र रामऔतार 4.राजू पुत्र रोहन लाल 5.नागेश्वर पुत्र विश्राम 6.सुनील पुत्र छोटकई को अन्तर्गत धारा 170/135/126 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### फूलबेहड़ पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग में छह आरोपित गिरफ्तार

लखीमपुर। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में आज 22.06.2025 को थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 06 नफर अभियुक्तों 1.नाजिम अली पुत्र कासिम 2.अच्छू मियां पुत्र गफ्फार अली 3.अतहर पुत्र अकबर अली 4.सुरेश कुमार पुत्र सोबरन 5.रामचन्द्र पुत्र बैजू 6.मुनेजर पुत्र सालिकराम को अन्तर्गत धारा 170/135/126 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### नीमगांव में चोरों का तांडव, सरैया गांव के दो घरों में चोरी

नीमगांव, खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र के सरैया गांव में बीती रात चोरों ने दुस्साहसिक ढंग से दो घरों को निशाना बनाकर इलाके में सनसनी फैला दी। एक ही रात में दो घरों में सेंधमारी की इन घटनाओं से न सिर्फ पीड़ित परिवार सदमे में हैं, बल्कि पूरा गांव दहशत में है।पहली वारदात में चोरों ने एक मकान की पिछली दीवार में नकब लगाकर घर में दाखिल होकर अलमारी और बक्सों को खंगालते हुए नकदी व कीमती जेवरात चोरी कर लिए। वहीं दूसरी घटना में चोरों ने पास ही स्थित एक अन्य घर की पीछे की दीवार फांदकर चोरी को अंजाम दिया। दोनों घटनाएं उस वक्त हुईं जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे।सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर के भीतर का नजारा देख सभी के होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद नीमगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस की गश्त न के बराबर है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर निगरानी रखने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।नीमगांव पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, और वे प्रशासन से ठोस कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

## मैगलगंज पुलिस ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में आज दिनांक- 22.06.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों 1. विशाल पुत्र चन्द्रभाल निवासी ककरहा थाना मैगलगंज जिला खीरी 2.मादने पुत्र दुजई निवासी छोटेलालपुर थाना मैगलगंज खीरी 3.छोटेलाल पुत्र रामलाल निवासी छोटेलाल थाना मैगलगंज खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया

## कर्मयोग, अभ्युदय और विकसित भारत'' पर संगोष्ठी आयोजित

**विकसित भारत का मार्ग सेवा, समर्पण और सशक्त महिला शक्ति से होकर जाता है : डीजी वेंकटेश्वर लू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। जिला ग्राम्य विकास संस्थान में रविवार को ल्लकर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारतङ्क विषय पर प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (बख्शी का तालाब, लखनऊ) एल. वेंकटेश्वर लू ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया।मुख्य अतिथि महानिदेशक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वेंकटेश्वर लू ने कर्मयोग और सामाजिक समर्पण की भावना को केंद्र में रखते हुए प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि ''कुपोषण की जड़ें मां की सेहत और परिवार नियोजन की अनदेखी में छिपी हैं। उन्होंने 3-5 वर्षों के अंतराल पर बच्चों के जन्म और महिला स्वास्थ्य पर जोर देते हुए, 'विकसित भारत' की संकल्पना को दान, श्रमदान व कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण से जोड़ने की अपील की। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने 'अग्निवीर' योजना में महिलाओं की भागीदारी और राजनैतिक नेतृत्व में महिला समूहों की सक्रियता को बढ़ावा देने पर बल दिया।उन्होंने सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक श्रमदान, और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण का मूलमंत्र बताते हुए उपस्थित प्रतिभागियों से 'समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता पहुँचाने' की अपील की।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कर्मयोग सेवा और समर्पण से ही पूरा होता है। विकसित भारत का रास्ता गांव और महिलाओं की भागीदारी से होकर जाता है। हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि आज की बातें केवल संगोष्ठी तक न रहें, बल्कि गांव-गांव तक बदलाव की शुरुआत बनें।कार्यक्रम की शुरुआत में जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीष चंद्रा ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सार्थक पहल है और कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यापित किया।इस अवसर पर एएसपी पवन गौतम, डीसी एनआरएलएम जितेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीष चंद्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी धनंजय सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक श्याम किशोर, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर जनार्दन बाबू मिश्रा समेत कार्यक्रम में जिलेभर से आईं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एनआरएलएम की दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 'कर्मयोग' के मंत्र को आत्मसात किया।

# योगी सरकार आते ही विद्युत विभाग में हुए अमूलचूक सुधार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। उत्तर प्रदेश में दूसरी बार भाजपा की सरकार है और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं। सरकार आते ही विद्युत विभाग में सुधार के कई प्रयास किए गए, इसका परिणाम भी दिखा! लेकिन अब विभाग सरकार की उम्मीदों पर पानी फ़ेर रहा है। इन दिनों यूपी के रायबरेली में विद्युत संकट गहराया हुआ है।

चंदपुर पावर हाउस के अंतर्गत चंदपुर फीडर के ग्रामीण इलाकों में बिजली आने का कोई निर्धारण समय ही नहीं है। एक तरफ सरकार दावा करती है कि, ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 18 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जबकि हकीकत सरकार के दावों के बिल्कुल ही विपरीत है। बीते 1 सप्ताह से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सिर्फ 7 से 8 घंटे ही हो पा रही है, वह भी अनेक बार ट्रिपिंग के साथ। आपको बता दे कि, क्षेत्र के किसानों को इस समय सबसे ज्यादा बिजली की आवश्यकता है, धान की बेढ़न को जिंदा

## रायबरेली में विद्युत संकट गहराया, लाख प्रयासों के बाद भी सुधर नही रही जनपद विद्युत आपूर्ति व्यवस्था

रखने के लिए और धान की फसल की रोपाई का समय है। विभागीय उदासीनता के चलते किसान हतोत्साहित है। क्षेत्र में अगैती खेती करने वाले किसान धान की रोपाई का कार्य शुरू कर दिए हैं। ऐसे में खेत में पानी का अभाव है। एक तरफ विद्युत विभाग जहां किसानों की उम्मीद पर पानी फ़ेर रहा है, तो वहीं इंद्र भगवान भी कुपित नजर आ रहे हैं। बारिश न होने के कारण धान की रोपाई के लिए पानी का इंतजार कर रहे किसानों के हाथ सिर्फ मायूसी ही लग रही है।

मऊ गांव के रहने वाले प्रगतिशील किसान अमरेश कुमार अवस्थी उर्फ रिंकू का कहना है कि, विगत एक सप्ताह से उन लोगों को 7 से 8 घंटे ही विद्युत सप्लाई मिलती है, जिसका समय भी निश्चित नहीं है। साथ ही ट्रिपिंग बहुत ज्यादा होती है। विद्युत आपूर्ति सही और नियमित नहीं होने से किसानों की कमाई मिट्टी में मिलने की कगार पर आ चुकी है। विभागीय अधिकारी/कर्मचारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं, इन्हें आम जनमानस और किसानों की तनिक भर भी चिंता नहीं है, अगर यही हाल रहा तो क्षेत्र के किसान लामबंद होकर चंदपुर पावर हाउस का घेराव करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी। मऊ गांव के ही रहने वाले कांग्रेस नेता दिनेश मिश्रा ने विद्युत विभाग को सबसे भ्रष्ट विभाग बताते हुए कहा कि, जो भी 6-7 घंटे बिजली आपूर्ति मिलती है, उसमें भी इतनी ज्यादा ट्रिपिंग होती है कि, वह न के बराबर रहती है। विभाग को फोन करने पर तरह-तरह के बहाने बनाते हैं और बारिश के मौसम का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। उन्होंने कहा कि, चंद्रपुर फीडर के अंतर्गत मऊ गांव में दिन के समय एक से दो घंटे बिजली रहती है। बिजली की आस लगाए किसान दिन भर बत्ती की तरफ ही टक-टकी लगाए रहता है, लेकिन उसको इंतजार करने के सिवा कुछ नहीं मिलता।

नारायनपुर मजरे मोन गांव के रहने वाले मिलर व समाजसेवी राहुल साहू ने कहा कि, दिन में तो एक-दो घंटे के अलावा बिजली मिलती ही नहीं है, रात में भी जो तीन-चार घंटे विद्युत आपूर्ति मिलती है तो ट्रिपिंग का खेल शुरू हो जाता है। विभाग जो भी तकनीकी कमियां हो उन्हें दूर कर उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति करें, सरकार के आदेश को पलीता न लगाएं। मऊ गांव के ही रहने वाले संभ्रांत एवं समाजसेवी राजेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि, बारिश हो नहीं रही है, बगैचा हार में धान की रोपाई के लिए सूखे खेत जोतवा दिए गए थे, इंद्रदेव की नाराजगी के साथ-साथ विद्युत विभाग भी कुपित नजर आ रहा है। इस उमस भरी गर्मी में न दिन को सुकून है और न रात में नींद आती है। दिन रात मिलाकर 7 से 8 घंटे विद्युत आपूर्ति मिल रही है। वहीं मऊ शर्की गांव के रहने वाले प्रगतिशील किसान और कारखाना व्यवसायी श्याम भवन सिंह चौहान ने कहा कि, बारिश नहीं होने से सूखे के हालात हो गए हैं। धान बेढ़न तैयार है, रोपाई करनी है, किंतु खेतों में पानी नहीं है। इस समय पानी की सख्त जरूरत है। विभागीय उदासीनता के चलते विद्युत आपूर्ति सही नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है। उनकी चक्की पर भी ग्राहकों का काम समय पर नहीं हो पा रहा है। महराजगंज कस्बे के बछरावां रोड के रहने वाले बाबू चंद्र लखनऊवा ने बताया कि, विद्युत आपूर्ति को लेकर कस्बे का भी बुरा हाल है। यहां भी 10 से 12 घंटे ही विद्युत आपूर्ति रहती है। थोड़ी-थोड़ी देर पर ट्रिपिंग होने से उमस भरी गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। आपको यह भी बता दे कि, क्षेत्र में दिन व रात के समय होने वाली घोषित विद्युत कटौती से जहां किसान परेशान है, तो वही घरेलू उपभोक्ताओं को भी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। बिजली की आंख मिचोली से सभी दुःखी हैं। बिजली जाने के बाद कब आएगी, यह भी पता नहीं होता है। इसके साथ ही लो वोल्टेज भी एक बड़ी समस्या है?। ग्रामीण क्षेत्रों सहित कस्बे में भी बिजली कटौती के कारण आम जन जीवित प्रभावित हो रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों की माने तो ऊपर से और फाल्ट के कारण कटौती हो रही है।

## लोक माता अहिल्या बाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बाल रंगमंच कार्यशाला का आयोजन



बहराइच। भारतेंदु नाट्य अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा एवं जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच व मून एंड सन पब्लिक स्कूल बहराइच के सहयोग से लोक माता अहिल्या बाई होलकर जी के त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बाल रंगमंच कार्यशाला का समापन बहराइच के अभिनंदन बैंक्विट हॉल में किया है। पिछले 30 दिवस से बच्चों ने इस कार्यशाला में रह कर नाट्य विधा का प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम के निर्देशक श्री जगदीश केशरी एवं लेखक संदीप लेले द्वारा लिखित इस नाटक का शीर्षक था *पुण्य श्लोका अहिल्या*। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतेन्दु नाट्य अकादमी के प्रशिक्षक सुमित श्रीवास्तव व रंग मंच प्रबंधक प्रवेंद्र सिंह पिंकुल जी ने किया। सुमित श्रीवास्तव द्वारा सभा को संबोधित करते हुए बताया गया कि संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लोक माता अहिल्या बाई होलकर जी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन पूरे प्रदेश के 75 जनपदों में किया जाना है जिसमें बहराइच जनपद के नाम पहली लिस्ट में रखा गया था। ऐसे जनपदों में जहां नाटक के लिए ऐसा कोई मंच नहीं है उसके बावजूद बच्चों को नाटक से संबंधित कैसे प्रशिक्षण दिया जाए एवं ऐसे जनपदों के बच्चों को कैसे बड़े मंच मिले इसके लिए विभाग बहुत ही गहन चिंतन करता है उसका ही उदाहरण है कि आज बहराइच जनपदों में इतने बड़े विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेंद्र सिंह जी ने बताया कि बहराइच जनपद में बहुत ऊर्जा है और जनपद में की प्रतिभाओं को बड़े मंच मिले इसके लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है ये पहले मौका नहीं जब जनपद बहराइच में इस तरह के आयोजन हुआ है इसके पहले भी कई बड़े मौकों पर विभाग द्वारा बहराइच में आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता से राजकिशोर,बलहा विधायक सरोज सोनकर जी , संघ से विभाग प्रचारक, जिला प्रचारक अजय जी, प्राइवेट स्कूल एसोसिशन से छवि रेतनी जी, प्रदीप रेतनी जी, पंकज अग्रवाल , राज कुंवर ,सरसंघचालक कमल शेखर , निशा शर्मा , बीजेपी महिला मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ अभिलाषा जी, धर्मेंद्र जी राष्ट्रीय सेविका संघ से सुनीता जी, ज्योति बंसल जी, अतुल जी , श्रवण जी , संध्या गोयल, अनिल गोयल, जंगलीनाथ मंदिर के महंत अनिल शास्त्री जी व मून एंड सन स्कूल से प्रबंधक शशि बाला मिश्रा, उप प्रबंध नीलम मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, हर्षित मिश्रा, डायरेक्टर छबिलाल शुक्ला, प्रिंसिपल सुनील कुमार द्विवेदी, वाइस प्रिंसिपल कपिल देव शुक्ला, स्वामीशरण सोनी, मनीषा राम शुक्ला, कार्यक्रम में सहयोग नम्रता कश्यप, शिखा शुक्ला, गुड़िया श्रीवास्तव, कमल बाबू सिंह, राहुल त्रिपाठी, मनीष सिंह संस्थान से अध्यक्ष जसवीर सिंह , सचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष चरणजीत कौर उपाध्यक्ष श्रद्धा पांडे, संयोजक पंकज कुमार,शिवम कुमार, आदर्श, वैभव, यश दुबे, यशराज, अनुरंजन आदि लोग मौजूद रहे।

# कंटेनर ने मालवाहक टेंपो मे मारी टक्कर, चार घायल, एक रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुर समोधा गांव के पास बाईपास चौराहे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने एक मालवाहक टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद टेंपो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें एक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की धीरज श्रीवास्तव पुत्र गौरी शंकर श्रीवास्तव उम्र 48 वर्ष निवासी अनवरगंज रायपुरवा जनपद कानपुर नगर अपनी पत्नी कुसुम श्रीवास्तव उम्र 46 वर्ष व अपने नाती अयांश श्रीवास्तव पुत्र अंकित श्रीवास्तव उम्र 2 वर्ष एवं चालक विमल पांडे पुत्र स्वर्गीय गया शंकर पांडे निवासी बर्रा जनपद कानपुर नगर के साथ एक मालवाहक टेंपो से अपनी ससुराल ग्राम बैती थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली जा रहे थे। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर शेखपुर समोधा बाईपास चौराहे के पास पहुंचे तभी लखनऊ से लालगंज की ओर जा रहे एक तेज अनियंत्रित कंटेनर ने उनके टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो में सवार सभी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों एवं राहगीरों के द्वारा तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सभी घायलो को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक भावेश यादव ने सभी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात कुसुम की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों एवं राहगीरों द्वारा कंटेनर को घटना स्थल पर ही खड़ा कर लिया गया है। परंतु चालक मौके से फरार हो गया है।

# पूर्व मंत्री एवं विधायक नीलकंठ तिवारी ने मिनी नलकूप का किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी । प्रदेश के पूर्व मंत्री व वाराणसी शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने रविवार को प्रहलादघाट वार्ड में नवनिर्मित मिनी नलकूप को आम जन को समर्पित कर दिया। इस नलकूप के संचालन होने से लगभग 200 घरों में पेयजल की समस्या का समाधान हो गया। प्रत्येक घर में अब शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शहर दक्षिणी के सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र में पेयजल से संबंधित समस्या का निदान हुआ है। आज क्षेत्र के निवासियों को हर जगह शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सरकार का संकल्प है, कि प्रत्येक व्यक्ति को बुनियादी जरूरत की हर चीजें उपलब्ध हो और पानी तो जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले वाराणसी में पानी के लिए लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होते थे। आज सभी को शुद्ध जल की योजनाओं के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है।

## पीयूष कान्त वर्मा के द्वितीय पुण्यतिथि पर हुआ रक्तदान




गोरखपुर । अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय पीयूष कान्त वर्मा के द्वितीय पुण्यतिथि पर शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 12 रक्तवीरों ने रक्तदान कर असली श्रद्धांजलि अर्पित किया । रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्वर्गीय वर्मा के दामाद प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया । आयोजिका नलिनी श्रीवास्तव व अमित श्रीवास्तव ने बताया कि रक्तदान का यह क्रम प्रत्येक पुण्यतिथि पर आयोजित होगा ।

# मजदूर की संदिग्ध मौत, परिजनों का आरोप धक्का देकर गिराया या मारपीट की, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान पाकरगांव निवासी अंशुमान (48) के रूप में हुई है। शनिवार शाम को मजदूरी करते समय वह अचानक गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी आशा ने बताया कि अंशुमान परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके तीन बच्चे हैं - दो बेटे और एक बेटी। परिजनों का कहना है कि अंशुमान पूरी तरह स्वस्थ थे। वे रोज की तरह शनिवार को भी काम पर गए थे। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुटी। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि यह मौत प्राकृतिक नहीं है। उनका कहना है कि किसी ने अंशुमान को धक्का दिया या मारपीट की, जिससे उनकी मौत हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आपको बताते चलें अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। ग्रामीणों के मुताबिक अंशुमान मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। मृतक की पत्नी ने सरकार से आर्थिक मदद और बच्चों के भविष्य के लिए सहायता की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी घटना की गहन जांच की मांग की है। प्रशासन से मांग की गई है कि घटना की सच्चाई सामने लाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल मामला संदिग्ध बना हुआ है और पुलिस द्वारा जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्यवाही तय की जाएगी।

# तेरह दिनों से लापता भट्ठा मजदूर घर वापस नहीं लौटा,पत्नी लगा चुकी हैं एसएसपी से न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । पिपराइच थाने के जंगल छत्रधारी पुलिस चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जंगल औराही में स्थित एक ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाले मजदूर का लगभग १३ दिन से कोई पता नहीं चल रहा है जबकि मजदूर के पत्नी श्रीमती मालावती देवी के द्वारा एस एस पी गोरखपुर को दी गई लिखित प्रार्थना पत्र के मुताबिक उसके पति सुभाष चंद्र यादव पुत्र श्री फागू पिपराइच थाने के लहरादेयूर के निवासी है जो सप्ताह में एक बार घर आ जाया करते थे एक सप्ताह से अधिक समय व्यतीत होने पर जब मेरे पति घर नहीं आए तो मैं जून १० को ईंट भट्ठे पर भट्ठा मालिक से मिली उनके द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने पर जून ११ को पिपराइच थाने में गई जहां पिपराइच पुलिस ने भट्ठा मालिक की मौजूदगी में सादे कागज पर मुझसे

## पिपराइच थाने के जंगल औराही के मोती मार्का ईट भट्ठे पर मजदूरी करता था, मजदूर सुभाष चंद्र यादव

## गुमसुदगी दर्ज कर सी सीटीवी फुटेज के आधार पर मजदूर की तलाश जारी है: विनय सिंह (चौकी प्रभारी जंगल छत्रधारी)

हस्ताक्षर करा लिए । मजदूर सुभाष चंद्र यादव के पत्नी श्रीमती मलावती यादव के आरोप से अलग मोती मार्का ईट भट्ठे के मालिक ज्ञान चंद का कहना है कि ८/९ जून की रात्रि मजदूर सुभाष चंद्र यादव मेरे वहां काम करने वाले मुंशी के वहां ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुआ व मेरे भट्ठे पर रात्रि विश्राम किया जून ९ को सुबह ९ बज कर २० मिनट पर मेरे भट्ठे से मजदूर सुभाष चंद्र यदव बेलवा रायपुर की ओर प्रस्थान किया मजदूर सुभाष चंद्र यादव की सारी गतिविधि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में हैं ,जब अगले दिन १० जून को मजदूर सुभाष चंद्र यादव काम पर वापस नहीं लौट कर आया तो मैं अपने मुंशी को सुभाष चंद्र यादव के घर लहरादेयूर भेजा जब पता चला कि सुभाष चंद्र यादव घर पर नहीं हैं तो अगले दिन जून ११ को पिपराइच थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराने गया था उससे पूर्व मजदूर सुभाष चंद्र यादव की पत्नी श्रीमती मालावती के लिखित तहरीर पर पिपराइच थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी गई थी। इस घटना के बाबत पिपराइच थाने के जंगल छत्रधारी के चौकी प्रभारी विनय सिंह का कहना है कि भट्ठा मजदूर सुभाष चंद्र यादव के लापता होने के प्रकरण में गुमशुदगी दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## यातायात को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत समस्त थानो की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों को चेक किया जा रहा है। जिसके क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात के निकट पर्यवेक्षण में विशेष अभियान ऑपरेशन स्तवा चलाया जा रहा है। जिसके सन्दर्भ में यातायात पुलिस व जनपदीय पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दो पहिया (बुलेट) में लगे मॉडिफाई साइलेंसर को जब्त करते हुये 06 साइलेंसर को जब्त किया गया , 07 बुलेट सीज व 20 चालान तथा 157,500 रुपये जुर्माना किया गया है। इसके साथ ही चार पहिया वाहनों पर चढ़ी ब्लेक फिल्म, अवैध हूटर/साइरन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

# योग मानव शरीर में नई ऊर्जा का संचार करती हैं त्रणविजय सिंह मुन्ना

## चरगांवा ब्लॉक सभागार में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, ब्लॉक कर्मियों ने किए योग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चरगांवा,गोरखपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकास खण्ड चरगांवा के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें चरगांवा ब्लॉक के अधिकारी गण व कर्मचारी गण द्वारा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चरगांवा रणविजय सिंह मुन्ना के नेतृत्व में योग अभ्यास किया गया।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना ने ब्लॉक सभागार में उपस्थित चरगांवा विकास खण्ड के अधिकारी गण व कर्मचारी गण को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की वो प्राचीन विधा है, जो मानव शरीर को नई ऊर्जा का संचार कर देती है। इस अवसर पर मेरा सभी से अपील है कि जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन के लिए, योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करें।श्री सिंह ने कहा कि प्रतिदिन आसन व प्राणायाम हमें निरोगी तथा स्वस्थ रखते हैं। ध्यान का अभ्यास तनाव रहित रखने के साथ नई उमंग व नया जोश प्रदान करता है। कोरोना महामारी के दौर में योग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, जिसे अपनाकर हम सभी को स्वस्थ भारत के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना सहित खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह,सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सतीश कुमार चतुर्वेदी सहित समस्त सहायक विकास अधिकारी,ग्राम पंचायत सचिव ( ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी)व अन्य समस्त ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।इससे पूर्व विकास खण्ड चरगांवा के जंगल धूसर के बेतालगढ़ टोले स्थित पंचायत भवन के समीप बने अमृत सरोवर परिसर में ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योग किया गया।जंगल धूसर अमृत सरोवर परिसर में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह सहित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह,ग्राम विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत सचिव वकील कुमार व क्षेत्र पंचायत सदस्य शम्भू निषाद,ग्राम पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा रविन्द्र निषाद भगत ,मोदी आदि मौजूद रहे।

# भारत की सनातन चेतना ही विश्वगुरु बनने का आधार : डॉ. दयाशंकर मिश्र

## सेंटर फॉर सनातन रिसर्च का विस्तार, नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । सेंटर फॉर सनातन रिसर्च, उत्तर प्रदेश ने रविवार को अपने संगठन का विस्तार कर नए पदाधिकारियों को दायित्व भी सौंपा। सिगरा स्थित एक होटल में संस्था के संगठन विस्तार कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी 'गणेश' सहित प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को दायित्व प्रमाण पत्र सौंपा गया।नवगठित टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश तिवारी, अग्नि त्रिपाठी, महामंत्री संगठन श्रीश रंजन त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री अभिषेक मिश्रा, दिल मोहन तिवारी, मंजू देवी, कोषाध्यक्ष एकनाथ पांडे, प्रवक्ता मीनाक्षी, मीडिया प्रभारी संदीप त्रिपाठी, और सह पदाधिकारी सौरभ पांडे, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराम द्विवेदी, प्रकाश मिश्रा, आशीष, केके द्विवेदी प्रमुख हैं। जबकि संरक्षण मंडल में श्रीकांत मिश्रा (अर्चक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर), कमल किशोर (पुजारी दुर्गाकुंड), महंत राजनाथ तिवारी (शक्तिपीठ विशालाक्षी मंदिर), रोशन गिरि (प्रधान पुजारी काल भैरव), अभय पांडेय (विधि अधिकारी बीएचयू), राजेश पांडेय (जिला अध्यक्ष), अरविंद शुक्ला, डॉ. किरण पांडे, नित्यानंद त्रिपाठी, एवं दिवाकर द्विवेदी को शामिल किया गया।इस मौके पर सेंटर के प्रबंधक रामकृष्ण पांडेय, केशव प्रसाद सेठ को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि सनातन धर्म कोई संकीर्ण परिभाषा नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की वह शाश्वत शैली है, जो हमें आत्मा, शरीर और मन के संतुलन का विज्ञान सिखाती है। यही भारत की आत्मा है, यही ऋषियों की साधना है और यही वह मूल चेतना है जिसने इस देश को हजारों वर्षों तक विश्वगुरु बनाकर रखा। आयुष मंत्री ने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस ने पुनः सिद्ध किया है कि दुनिया आज भारत की ओर देख रही है। आयुष मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और विजन की सराहना कर कहा कि आज भारत फिर से अपनी आत्मा को पहचान रहा है, सहेज रहा है और विश्व को सिखा रहा है। 'विकास' और 'संस्कार', दोनों को साथ लेकर चलना ही इस युग का सनातन पथ है।

# कलम पर भारी चाय की चुस्कियां बंगले की दहलीज़ पत्रकारिता की गिरती साख पर बड़ा सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। एक दौर था जब पत्रकार को समाज का चौथा स्तंभ कहा जाता था– जहां उसकी कलम न्याय की अंतिम उम्मीद मानी जाती थी, आज की पत्रकारिता खुद ग़ुलामी और दबावों की बेड़ियों में जकड़ती नज़र आ रही है।जिले से सामने आई एक कड़वी लेकिन ज़रूरी सच्चाई आज पूरे पत्रकारिता जगत को आत्ममंथन के लिए मजबूर कर रही है।अब पत्रकार,ख़बर की तह तक जाने के बजाय किसी अधिकारी की टेबल पर चाय की चुस्की लेते दिखते हैं,मानो पत्रकारिता का मूल केंद्र ही सरका री दफ्तर की फाइलों के नीचे दब गया हो।कुछ त थाकथित ‟वेतनभोगी पत्रकार” तो नेता-मंत्रियों के बंगलों की सुबह की ड्यूटी बजाते देखे जा सकते हैं जहां खबरें नहीं, हाज़िरी लगती है।वही पत्र कार का काम होता है किसी भी खबर के तथ्य,दस्तावेज़,पीड़ित की आवाज़ और उसके पीछे की हकी कत को समझकर संवेदनशील रिपोर्टिंग करना, वहीं अब पत्रकारिता का मतलब रह गया है वर्जन और बाइट इकट्ठा करना,ऐसे वर्जन,जो पहले से तैयार रटे-रटाए सरकारी उत्तरों से भरे होते हैं।नेता और अधिकारी एक जैसे उत्तर देते हैं ‟हम जांच करवा रहे हैं”, ‟कड़ी कार्रवाई होगी”, ‟सर कार प्रतिबद्ध है” और ये बयान पाना ही मानो पत्र कारिता का अंतिम लक्ष्य बन चुका है।जबकि अस ली पत्रकारिता का सार है ऐसी रिपोर्टिंग जो सत्ता को झकझोर दे,गरीब और पीड़ित की आवाज़ को बुलंद करे।

### चाय की चापलूसी और चुप्पी की त्रासदी


आज की पत्रकारिता कई जगहों पर ‘चाय’, चापलू सी’ और ‘चुप्पी’ का त्रिकोण बन चुकी है।ऐसे में स वाल उठता है क्या वाकई अब पत्रकार स्वतंत्र है..? या फिर उसने खुद ही अपने पेशे को बंधक बना लिया है सत्ता और सुविधा के सामने...?....कुछ पत्रकारों की ये कार्यशैली उन जमीनी पत्रकारों के लिए भी मुश्किलें पैदा कर रही है,जो जोखिम लेक र,बिना सुरक्षा के सच को सामने लाने का प्रयास करते हैं।जब सत्ता से सवाल किए जाते हैं,तो जवा ब में प्रेस को गोदी मीडिया,दलाल, या ब्लैकमेलर जैसे तमगों से नवाज़ा जाता है।

### आज के दौर मैं सच लिखना अब खतरनाक

गोंडा सहित कई जिलों में अब हालात यह हो गए हैं कि यदि कोई पत्रकार अधिकारी या नेता के भ्रष्टाचार को उजागर कर देता है, तो तुरंत झूठे मुकदमों का सामना करना पड़ता है।कभी किसी अज्ञात व्यक्ति से प्रार्थनापत्र दिलवाकर, तो कभी किसी महिला की आड़ लेकर, पत्रकार को फंसाने की कोशिश की जाती है।यह स्थिति पत्रकारिता को एक ऐसा बंधन बना रही है जिसमें न तो पत्र कार स्वतंत्र है, न ही सुरक्षित। परिवार पालना, ज़िम्मेदारियां निभाना और साथ ही ईमानदारी से पत्रकारिता करना – आज यह संघर्ष किसी युद्ध से कम नहीं है।पत्रकारिता को फिर से ज़िंदा करना होगा।कलम को फिर से आवाज़ देनी होगी – जो चाय की चुस्कियों से नहीं, जमीनी सच्चाई और ईमानदार लेखनी से निकले। पत्रकारों को तय करना होगा कि वे केवल वर्जन लेकर ‘खबर’ बनाएंगे या समाज को दिशा देने वाली रिपोर्टिंग करेंगे।सत्ता और सिस्टम से सवाल पूछना अगर जुर्म है – तो वह जुर्म बार-बार करना ही असली पत्रकारिता है अब ज़रूरत है – चुस्की छोड़, चुनौ ती उठाने की।बंगले छोड़, बस्ती में उतरने की। और सबसे बढ़कर, दबाव नहीं, दायि त्व निभाने की।

# ताराडीह,नियावा और दिदिसिया कला में मनरेगा योजना में लूट का खेल जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले के बेलसर ब्लॉक में जिम्मेदारो की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टररोल का खेल जारी है।इन दिनों कथित ग्राम पंचायत के ज़िम्मेदारों की खाऊ कमाऊ नीति के कारण पूरी तरीके से मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चु की है।जहाँ एक तरफ केन्द्र व प्रदेश सरकार तमाम कायदे कानून बना रखी है जिससे मनरेगा मजदू रों को गांव में ही काम मिल सके परन्तु ग्राम पंचाय त ताराडीह,नियावा,दिदिसिया कला,खमरौनी के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपना कर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।मामला विकास खण्ड बेलसंर के ग्राम पंचायत ताराडीह,नियावा,दिदिसिया कला और खमरौनी ग्राम पंचायत का है।जहां पर मनरेगा का यों में चल रहे मस्टररोल में अधिक मजदूरो की ज गह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए।और एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है।वही ग्रामीणों की माने तो गाँव में कराये जा रहे कार्यो पर कुछ मनरेगा मज दूर ही कार्य करते बाकी मजदूर कागजों में सिर्फ सिमट कर रह जाते हैं।सूत्रों के अनुसार सैकड़ों की संख्या में प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए मनरेगा योजना के लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।तमाम ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा का यों का औचक निरीक्षण करे तो सच्चाई अपने आ प सामने आ जायेगी।

# गुमशुदगी: इटियाथोक पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर पीड़ित ने आईजी से लगाई गुहार

**पीड़ित युवक दो माह से लगा रहा थाने का चक्कर मिला सिर्फ न्याय के बदले तारीख पर तारीख**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में एक युवक की पत्नी 29 अप्रैल की रात को घर से गायब हो गई।पति ने इटियाथोक थाने में तहरीर देकर मुक दमा दर्ज कराया।उसका आरोप है कि उसकी पत्नी का एक मंदिर के महंत के बेटे से लगातार सं पर्क में थी।पति के पास मोबाइल कंपनी से प्राप्त बातचीत का डाटा भी मौजूद है।पीड़ित पति का कहना है कि उसकी पत्नी बिना किसी को बताए रात में घर से चली गई।सुबह जब परिवार के लोग उठे तो पत्नी घर पर नहीं थी।काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला।पति का आरो प है कि मंदिर के महंत के बेटे ने बिहार के एक यु वक के साथ मिलकर उसकी पत्नी को गायब कि या है।पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी बिहार निवासी युवक उसकी पत्नी को लेकर भाग चुका है।पिछले दो महीने से पीड़ित पति थाने और मु ख्यालय का चक्कर लगा रहा है लेकिन पीड़ित युवक को सिर्फ न्याय के बदले तारीख पर तारीख मिल रही है।वही पीड़ित ने इटियाथोक थाने में नाम जद तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ नहीं की है।पीड़ित युवक इटियाथोक पुलि स की निष्क्रियता से परेशान होकर पीड़ित ने आई जी से गुहार लगाई है।इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज रावत ने कहा कि वे मामले की जांच करवा रहे हैं।

# दिल दहलाने वाली घटना,नदी में भैंस नहलाने गए मासूम को खींच लें गया मगरमच्छ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में घाघरा नदी के किनारे भैंस चरा रहे बच्चे को नदी में खींचकर ले गया मगरमच्छ,किनारे मौजूद लोगों ने देखा तो शोर मचाया। लोगों की भी ड़ जुट गई,लेकिन किसी की पानी में जाने की हिम्मत तक नहीं हुई।वहां पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शयो ने बताया कि मगरमच्छ बच्चे को दबोचे हुए दिखाई दिया है।बच्चे का सिर पानी के ऊपर दिख रहा था। लोग चिल्ला रहे हैं।सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने पांच घंटे से बच्चे की तलाश की जा रही है।मामला उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के सनौली मोहम्मदपुर गांव का है।

### जबड़े से पैर पकड़कर गिराया,फिर गर्दन दबोची

गांव में कुंवर बहादुर यादव का परिवार रहता है। कुंवर बहादुर दिल्ली में रहकर काम करते हैं। उन का बेटा राज बाबू उर्फ नान यादव कक्षा वीं में है। वह घर से दो सौ मीटर कि दूरी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई करता है।राज दो भाइयों में छो टा है।रविवार दोपहर राज बाबू घाघरा नदी के कि नारे भैंस को नहलाने गया था।किनारे पर ही राज बाबू खड़ा था।इसी दौरान अचानक नदी से मगरम च्छ निकला और किशोर पर हमला कर दिया। जब ड़े से उसका पैर दबोचकर गिरा दिया।इसके बाद ग र्दन पकड़कर पानी में खींचकर ले गया।

### लड़के को संभलने का नहीं मिला मौका

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मगरमच्छ इतनी तेजी से आया कि राज बाबू को संभलने का मौका तक न हीं मिला।उसने बच्चे को अपने जबड़ों में जकड़ लि या और पानी में खींच कर ले जाने लगा।लोगों ने किशोर को मगरमच्छ से छुड़ाने की कोशिश की, ले किन उनके सारे प्रयास नाकाम रहे।देखते ही देखते मगरमच्छ बच्चे को लेकर आंखों के सामने ही गाय ब हो गया।

### जाल डालकर बच्चे की तलाश की जा रही

घटना की सूचना पर वन विभाग और स्थानीय पुलिस को दी गई।पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची।गोताखोरों की मदद से नदी में जाल डाल कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।हालांकि,देर शाम तक बच्चे का शव बरामद नहीं किया जा स का है।वही लोगों का कहना है कि घाघरा नदी में पानी बढ़ने के साथ मगरमच्छों का रिहायशी इला कों के नजदीक आना आम बात हो जाती है। उम री बेगमगंज थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप राय ने बताया- गांव से सूचना मिली थी कि एक घाघरा नदी के किनारे एक बच्चे को मगरमच्छ खींच करके ले ग या है।पुलिस मौके पर पहुंची।जाल डाल करके गोताखोरों से बच्चे की तलाश कराई जा रही है।

# धारा 24 व 116 के समय सीमा उपरान्त सभी वादों की डे-बाई-डे सुनवाई करें एसडीएम: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीएम ने निर्देश दिया कि ग्राम के भ्रमण के दौरान सम्बन्धित ग्राम से सम्बन्धित आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी जायज़ा लें।**

बहराइच । शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिया कि दायरे के सापेक्ष निस्तारण की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करें कि दायरे से कम निस्तारण नहीं होना चाहिए। डीएम ने कहा कि जिन ग्रामों के अधिक वाद हों, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी ऐसे गांवों का नियमित रूप से भ्रमण कर वास्तविक स्थिति से अवगत हों। डीएम ने कहा कि ग्राम के भ्रमण के दौरान सम्बन्धित ग्राम से सम्बन्धित आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी जायज़ा लें।जिलाधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया कि धारा 24, 116, 34 एवं 67 का कोई भी वाद 03 वर्ष से 05 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि का लम्बित न रहने पाये। डीएम ने कहा कि धारा 34 के समय सीमा उपरान्त सभी वादों का निस्तारण माह जून में कर दिया जाय इसके अलावा धारा 80 का कोई भी वाद समय सीम के उपरान्त लम्बित न रहने पाये। समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि धारा 24 व 116 के समय सीमा उपरान्त सभी वादों की दिन प्रतिदिन सुनवाई करते हुए निस्तारित कराएं।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद, कैसरगंज के अखिलेश कुमार सिंह, बहराइच सदर की श्रीमती पूजा चौधरी, नानपारा के लालधर सिंह यादव, मिहींपुरवा (मोतीपुर) के प्रकाश सिंह, एसडीएम न्यायिक नानपारा संजय कुमार, सम्बन्धित तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा कलेक्ट्रेट के पटल सहायक मौजूद रहे।

## योग दिवस पर स्वर्गीय पीयूष कान्त वर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट ने योगा का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को स्वर्गीय पीयूष कान्त वर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट ने भव्य योगा का आयोजन किया , जिसमें योग प्रशिक्षक भाई हरिनाथ ने उपस्थित सैकड़ो लोगों को योग का प्रशिक्षण देते हुए इससे होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर मुख्यरूप से प्रियांशु श्रीवास्तव, आर्या श्रीवास्तव, नलिनी श्रीवास्तव, रमेश मणि त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव, राज शेखर ,डॉ वीके वर्मा,दीपक भारती, अर्नव मणि त्रिपाठी, सुंदरम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया ।

# गुरु नानक चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड व डग्गामार वाहनों पर नहीं लग रहा लगाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जनपद में अवैध टैक्सी स्टैंड व प्राइवेट व डग्गामार वाहनों पर लगाम नही लग पा रहा है। शासन के निर्देश पर सिर्फ कुछ दिनों तक जिम्मे दारों ने अवैध टैक्सी स्टैंड व वाहन पर कार्रवाई के लिए सघन जांच अभियान चलाया था। सूबे के मुख्यमंत्री के आदेश पर भी अब जिले के आला अधिकारी निष्क्रिय हैं और जिले के तमाम स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड व प्राइवेट व डग्गामार वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं।जिले के भीड़-भाड़ वाले स्था न एवं व्यस्ततम गुरु नानक चौराहों के आसपास अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित किए जा रहे हैं। जिस के चलते जाम की समस्या बनी रहती है और दुर्घट ना की भी आशंका बनी रहती है। इससे आम जन जीवन भी काफी प्रभावित होता है।वहीं प्राइवेट ड ग्गामार वाहन व अवैध स्टैंड की आंड़ में माफिया टाइप के लोग वाहन चालकों से मारपीट करते हुए धन उगाही भी करते हैं।सवारियों को वाहन में बैठा ने के लिए उनसे भी दुर्व्यवहार करने से बाज नहीं आते।ऐसा मामला संज्ञान में आने के बाद शासन ने प्रदेश के सभी जिले के डीएम व एसपी को आदेश दिया कि इन लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।इसके बाद से ही पूरे जिले में जिम्मेदार अधिकारियों की देखरेख में सघ न अभियान चलाकर कार्रवाई की।कुछ दिनों तक हुई इस कार्रवाई के वजह से ऐसे लोगों के बीच का फी अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।लेकिन इस के बाद से ही मामला ठंडे बस्ते में चला गया।अब प्राइवेट डग्गामार वाहन और अवैध टैक्सी स्टैंड पर अंकुश लगाने में स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से ना काम है।तमाम स्थान फिर से टैक्सी स्टैंड के रूप में परिवर्तित हो गए हैं और वहां पर खुलेआम डग्गा मार वाहन व प्राइवेट वाहनों में सवारियां खुलेआम भरी जा रही हैं।जिम्मेदारों की नाक के नीचे पूरा काम खुलेआम होता है और सभी लोग मौन हैं।

### जिले के कई स्थानों से भरे जाते सवारी

प्राइवेट वाहनों के संचालकों का इस समय काफी दबदबा बना हुआ है।जिला मुख्यालय समेत विभि न्न क्षेत्रों से प्राइवेट वाहन पर सवारियों को भरकर लखनऊ समेत अन्य स्थानों पर पहुंचाया जाता है। जबकि वही पास में सरकारी बस अड्डा भी बना हुआ है।ऐसे वाहनों के संचालक विभागीय जिम्मे दारों की मौन स्वीकृति पर सरकारी राजस्व को अ च्छा खासा चपत लगा रहे हैं और जिले के आला अधिकारी अपनी चुप्पी साधे हुए हैं।जिससे उनका मनोबल काफी बढ़ गया और ऐसे स्थान अवैध टै क्सी स्टैंड के रूप में परिवर्तित हो रहे हैं।जिससे कि जाम में जनता जूझती रहती है और जिम्मेदार देखकर भी अंजान बने हैं।

## न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से परिवादिनी को मिला न्याय

बहराइच । रत्ना पत्नी रमेश निवासी ग्राम गुलहरिया पो. हरिहरपुर थाना टेड़ियावा जिला हरदोई ने न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. द्वारा क्लेम हेड आफिसर/लीगल मैनेजर, लखनऊ के विरुद्ध योजित परिवाद सं. 21/2021 में परिवादिनी का पुत्र जसयंत पुत्र रमेश के नाम वाहन सं. यूपी 30 ए.आर. 5368 मोटर साईकिल का बीमा कराया था, जिसमें उसने अपनी मां को नामनी बनाया था। बीमा अवधि में वाहन स्वामी का लखनऊ बहराइच मार्ग पर दुर्घटना में 16 अप्रैल 2019 को मृत्यु हो गयी। मृतक का पोस्टर्माटम भी हुआ तथा थाना कोतवाली देहात में एफ.आई.आर भी दर्ज होने के बावजूद भी बीमा कम्पनी द्वारा दुर्घटना बीमा क्लेम नही दिया गया। जिसके लिए परिवादिनी द्वारा रू. 15 लाख का दुर्घटना बीमा क्लेम व मानसिक क्षतिपूर्ति दिलाये जाने हेतु फरियाद किया गया था।जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा 12 जून 2025 को पारित आदेश को विपक्षी के विरुद्ध स्वीकार करते हुए आदेशित किया है कि वह परिवादिनी को रू. 15 लाख मय 6 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक प्रदान करेगा। यदि उक्त अवधि में भुगतान नही किया जाता है तो 07 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज की दर से अदा करना होगा। तथा उक्त धनराशि के अलावा सेवा में कमी के लिए रू. 05 हज़ार व वाद व्यय के रूप में भी रू. 05 हज़ार अदा करें।

# फर्जीवाड़ा: मुख्यमंत्री योगी के एक कार्यक्रम के दो बार भुगतान,खुलासा हुआ तो अफसर परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में दो फरवरी को आयोजित विश्व आर्द्र भूमि दिवस के कार्यक्रम में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है।इस आयोजन की जिम्मेदारी जिस फर्म को दी गई थी,उस पर एक ही काम के लिए दो अलग-अलग विभागों से डबल भुगतान लेने का आरोप है।मामले में गोंडा लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।कार्यक्रम की जिम्मेदारी महेंद्र सिंह टेंट हाउस झिलाही बाजार थाना कोतवाली मनकापुर को दी गई थी।आयोजन का खर्च वन विभाग और पीडब्ल्यूडी ने साझा किया था।आरोप है कि फर्म ने छह अलग-अलग मदों में 13 से 14 लाख रुपए त क का अतिरिक्त भुगतान करा लिया है।पीडब्लूडी खंड-एक के अवर अभियंता ललित कुमार पाठक की तहरीर पर महेंद्र सिंह टेंट हाउस के खिलाफ नगर कोतवाली में केस दर्ज हुआ है।आरोप है कि फर्म ने पीडब्लूडी और वन विभाग दोनों से एक ही सेवा के लिए भुगतान लिया और उसमें भी कुछ म दों में तेरह लाख रुपए से अधिक का अतिरिक्त भु गतान दिखाया गया है।

### कोई फर्जीवाड़ा नहीं किया

फर्म के प्रोपराइटर का कहना है कि वन विभाग से उन्हें 29 लाख रुपए भुगतान मिला,जबकि एफआ ईआर में 19 लाख का ही जिक्र किया गया है। उन का सवाल है कि अगर वन विभाग से दस लाख ज्यादा भुगतान हुआ,तो एफआईआर में उसका उल्लेख क्यों नहीं किया गया है।उनका कहना है कि जब तक दोनों विभागों की पेमेंट डिटेल्स सार्व जनिक नहीं की जातीं है तब तक यह तय करना मुश्किल है कि गलती किस फर्म की या विभाग की है।पुलिस ने एफआईआर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### कार्यक्रम में सीएम योगी मुख्य अतिथि

गोंडा के पार्वती अरगा पक्षी विहार में भारत सर कार की ओर से विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर दो सरकारी विभागों- पीडब्ल्यूडी और वन वि भाग ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन कि या था।कार्यक्रम में सीएम योगी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की थी,जबकि जलवायु एवं वन प र्यावरण राज्य मंत्री गोंडा के सांसद कीर्तिवर्धन सिं ह विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे।इस अवसर के लिए पार्वती अरगा पक्षी विहार परिसर में वाटरप्रूफ पंडाल लगाकर अतिथियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी।इतना ही नहीं,आए हु ए लोगों के लिए सूक्ष्म जलपान सहित तमाम अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी वहां पूरी तरह मुकम्मल की गई थीं।

### फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज

इस कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी झिलाही बाजार स्थित जीएसटी पंजीकृत फर्म ‘महेंद्र सिंह टेंट हा उस‘ को सौंपी गई थी।बताया जाता है कि कार्यक्र म के भुगतान को लेकर पिछले तीन महीनों से जि ले में अंदरखाने खिचड़ी पक रही थी।अब जाकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने संबंधित फर्म के खिलाफ ए फआईआर दर्ज कराई है।कोतवाली नगर में दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि ‘महेंद्र सिंह टेंट हाउस‘ नाम के फर्म, जिसे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी,उसने एक नहीं, बल्कि दो-दो विभागों से खर्च से कहीं अधिक भुगतान प्राप्त कर लिया है।जिसमें कुल मिलाकर छह मदों में तेरह लाख रुपए अतिरिक्त भुगतान किए जाने की बात सामने आई है।

# ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए कर सकते हैं आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को नि:शुल्क ‘ओ’ लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावक जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 14 जुलाई 2025 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# डिजिटल कॉलर ट्यून सुविधा या विघ्न ?

## नगर पालिका परिषद सभासद नादिर रजा बरकाती ने केंद्रीय संचार मंत्री को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर पालिका परिषद सभासद नादिर रजा बरकती ने केंद्रीय संचार मंत्री को पत्र लिखकर कहा कि भारत सरकार द्वारा साइबर धोखाधड़ी एवं डिजिटल फ्रॉड के विरुद्ध जनजागरूकता के लिए चलाए जा रहे।अभियान के अंतर्गत मोबाइल कॉल के आरंभ में एक विशेष कॉलर ट्यून प्रसारित की जा रही है। जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को ओटीपी, बैंक विवरण अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की चेतावनी देना है। यह प्रयास जहां सराहनीय है। वहीं इसकी व्यवहारिक कठिनाइयों के चलते आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इसी विषय को लेकर नगर पालिका परिषद सभासद नादिर रजा बरकाती ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक पत्र लिखा है।पत्र में सभासद ने कहा हैं। कि कॉलर ट्यून बजने के कारण मोबाइल कॉल लगाने में बार-बार विघ्न उत्पन्न हो रहा है।जिससे कॉल डायलिंग में विलंब,कॉल ड्रॉप और कनेक्टिविटी की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। कई बार आवश्यकतानुसार संवाद स्थापित नहीं हो पाता है। जिससे उपभोक्ताओं विशेषकर आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।डिजिटल अरेस्ट जैसे अभियान आवश्यक हैं। परंत वैकल्पिक माध्यमों जैसे एसएमएस,सोशल मीडिया, टीवी-रेडियो या अन्य प्रचार माध्यमों से इस जागरूकता को आगे बढ़ाया जाए।ताकि जागरूकता और सुविधा दोनों का संतुलन बना रहे।सभासद ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस संबंध में पहले भी कुछ उपभोक्ताओं से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। हम तकनीकी समाधान की दिशा में कार्य कर रहे हैं और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।उन्होंने कहा कि के न केवल एक तकनीकी असुविधा को जनसंवेदना के स्तर पर उठाने का साहसिक प्रयास है। बल्कि यह भी दर्शाता है।कि जनहित के विषयों पर सजग नेतृत्व आवश्यक प्रतिक्रिया देने हेतु तत्पर है।जब सावधानी ही संवाद में बाधा बन जाए। तब संवेदनशीलता आवश्यक हो जाती है। डिजिटल इंडिया तभी पूर्ण होगा जब वह सेंसिटिव इंडिया की ओर भी कदम बढ़ाए जाएं।



## तहसील परिसर में एक दर्जन से ज्यादा गावों के नक्शे गायब

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी, मुजफ्फरनगर सहित चर्चा है कि लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांवों के नक्शे गायब ऐसी परिस्थितियों में यह कैसे पता चलेगा कि गांव में जो प्लाटिंग की जा रही हैं, वह अपनी नीजी जमीन पर चल रही हैं,या फिर सरकारी जमीनों पर यह चिंता का विषय है। कही ऐसा तो नहीं सरकारी जमीनों का सौदा कर दिया इसलिए तहसील से गांव के नक्शे ही गायब हो गए। इसको लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं ने भी चिंता जताई है और कहां कि इसको लेकर ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि गांव में रास्ते चकमार्ग या फिर कृषि भूमि की पैमाइश को लेकर भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और दूसरी तरफ गावों में हो रही प्लाटिंग एक चिंता का विषय कि कही सरकारी जमीनों की बिक्री कर कॉलोनिया बनाई जा रही है। इसको लेकर अधिवक्ता भी परेशान हैं और पूरे मामले में तहसील प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है।

### मंडी समिति में किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने की पंचायत, राइस मिलर्स साठा धान की नहीं कर रहे खरीद

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंडी समिति में रविवार दोपहर 12:00 बजे भारतीय किसान यूनियन चंढूनी ने प्रतिबंधित साठा धान की खरीद न होने से किसान परेशान हैं। दरअसल जिले में साठा धान लगाने पर जिला प्रशासन ने पूरी तरह से रोक लगा दी थी। उसके बाद भी किसानों ने साठा धान की फसल लगाई जब अधिकारी उसको नष्ट करने पहुंचे तो किसानों ने न्यायालय का सहारा लिया और अभी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी के चलते अधिकारी प्रतिबंधित साठा धान की फसल को नष्ट नहीं करा पाए थे। पर अब किसानों की फसल कट गई है और वह उसकी बिक्री करना चाहते हैं। पर राइस मिलर्स साठा धान खरीदने से मना कर रहे हैं और किसान फसल बिक्री को लेकर परेशान हैं। इसी संबंध में आज पंचायत की जा रही हैं। जिससे किसानों की फसल की बिक्री हो सके।

### कोतवाली गेट पर साइड देने को लेकर विवाद, ई रिक्शा चालक बाइक चालक को काटकर हुआ फरार

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलीनगर निवासी दिलप्रीत सिंह पुत्र सुलक्खन रविवार दोपहर एक बजे अपनी माता जी के साथ पूरनपुर बाजार में सामान खरीदने के लिए आया था। जैसे ही वह कोतवाली गेट पर पहुंचा तो ई रिक्शा चालक ने साइड नही दी। युवक ने इसका विरोध किया इस बात से नाराज होकर ई रिक्शा चालक बाइक चालक के साथ गालीगलौज करने लगा तभी बाइक चालक ई रिक्शा चालक को पकड़कर कोतवाली लेकर जा रहा था। आरोप है तभी ई रिक्शा चालक ने उसको काट लिया जिससे वह घायल हो गया और पुलिस के सामने ही ई रिक्शा चालक भाग गया। फिलहाल घायल युवक ने अस्पताल पहुचकर अपना उपचार करवाया।

### सुखदासपुर के पास में ई रिक्शा पलटने से आठ लोग घायल, सीएचसी से मासूम बच्चें को जिला अस्पताल किया रेफर

**पीलीभीत,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव गुलाब टांडा के रहने वाले इसरार की पत्नी रवीना अपने 3 वर्षीय पुत्र मुशाहिद और जेठानी नसीम बेगम सहित लगभग आठ लोग ई रिक्शा से रविवार दोपहर लगभग तीन बजे सुखदासपुर शादी समारोह से घर बापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि ई रिक्शा चालक लापरवाही व तेज गति से चला रहा था। ई रिक्शा पलटने से सभी लोग घायल हो गए। जिसमें मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### टांडा छत्रपति नहर की पुलिया के पास में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक शव, पुलिस जाँच में जुटी

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति नहर की पुलिया के पास में शनिवार की रात लगभग 10:40 पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक शव पड़ा देखा गया। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक सोनू पुत्र लेखराज बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव इकरा का रहने वाला है और वह पूरनपुर क्षेत्र में काम करने के लिए आया था। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच में जुटी हैं।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ढोये जा रहे गौवंश

**सुल्तानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ट्रक में लदे मवेशियों को ड्राइवर को नींद आ जाने के कारण जिंदगी मिल गयी।। हरदोई का ड्राइवर मुन्ना गौवंसो को आजमगढ़ जनपद ले जा रहा था कि उसे भोर में नींद आ गयी।तभी अनियंत्रित डीसीएम पलट गई।जिसमें गौवंस जिंदा निकले।आसपास के लोगों ने सूचना दी तो ड्राइवर समेत दो घायलों को बल्दीराय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया।लोगों का कहना है कि यदि ड्राइवर को नींद नही आई होती तो अब तक ये जानवर कत्लखाने पहुँच गए होते।फिलहाल स्थानीय पुलिस ने मार्ग को सुगम बनाने के लिए रेस्क्यू में जुट गई, पेट्रोलिंग टीम भी राहत पहुचाने में लगी रही।हालांकि जिन्होंने बेजुबाँ मवेशियों को मिनी ट्रक में लादा था वह अभी तक साफ बचे हुए हैं। इससे पहले भी बड़ी गाड़ी पलटने से दर्जनों बैल बरामद हुए थे कई की जान भी चली गयी थी।लेकिन तब प्यादों पर कार्रवाई हुई और ''आका'' बच निकले।

### डॉ मुखर्जी के 72 वें बलिदान दिवस पर भाजपा आयोजित करेगी गोष्ठी

**सुलतानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी आज जनसंघ के स्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72 वें बलिदान दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित करेंगी।इसके मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य होंगे।इसके पहले प्रातः 10 बजे कार्यकर्ता जिला पंचायत गेट पर स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में 11 बजे से आयोजित गोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होंगा।उनके जनपद में पहुंचने पर कार्यकर्ता 10.45 बजे अमहट चौराहे पर उनका भव्य स्वागत करेंगे। इसके बाद वह कार्यालय परिसर पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।तत्पश्चात गोष्ठी को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा इस बार भी 25 जून को लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में आपातकाल को याद करेंगी।पार्टी इसके जरिए कांग्रेस को घेरेंगी।29 जून को 1991 बूथों पर तथा डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि, मन की बात व वृक्षारोपण कार्यक्रम होगा।6 जुलाई को मण्डल स्तर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई जायेगी।

### इन्हौना में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**तिलोई अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना इन्हौना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर स्थित कस्बा इन्हौना मे एक तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत हो गयी है जबकि घटना मे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष समेत तीन अन्य लोग मामूली रुप से घायल हो गये हैं। थाना इन्हौना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर थाने के निकट मिया का पुरवा मजरे इन्हौना निवासी वसिउल्ला पुत्र यार मोहम्मद अठाइस वर्ष एक अनियंत्रित पिकअप की चपेट मे आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजन अपने निजी साधन से इंडोगल्फ स्थित एक निजी अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने गम्भीर हालत देखते हुये ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।घायल वसीउल्ला को परिजन अपने निजी साधन से लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे तभी हैदरगढ़ के पास उसकी मौत हो गयी। इस घटना मे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शमीना बानो,जीशान व फैसल भी मामूली रूप से चोटिल हुये हैं जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने दुर्घटना वाले वाहन व चालक को पुलिस ने कब्जे मे ले लिया हैं।

### श्रेष्ठा परीक्षा में सफलता अर्जित कर बेसिक का बढ़ाया मान

**सुल्तानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर के होनहार छात्र *कार्तिक पुत्र विजय बहादुर* ने श्रेष्ठा परीक्षा – 2025 में सफलता प्राप्त की है। कार्तिक ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1606 अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। बताते चलें की श्रेष्ठा परीक्षा का आयोजन केंद्र सरकार की योजना के अनुरूप होता है जिसमे लगभग 3000 अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं को दाखिला दिया जाता है जिन्हे भारत सरकार एवं निजी क्षेत्र के प्रतिस्ष्ठित आवासीय विद्यालयों में मुफ्त शिक्षा दी जाती है जिसका पूरा खर्च सरकार वहन करती है, सरकार के द्वारा निजी संस्थानों के भारीभरकम फीस को भरने का उद्देश्य गरीब तबके के अनुसूचित जाति के बच्चों को मुख्य धारा में लाना है द्य अभी हाल ही में कार्तिक ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा और राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में भी सफलता अर्जित की थी। कार्तिक के पिता पेशे से किसान हैं और माता ग्रहिणी हैं, उन्होंने छात्र की सफलता का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों को दिया। विद्यालय के प्र.प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने कार्तिक को उसकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मोटर पार्ट जलकर खाक

**सुल्तानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पंत स्टेडियम के निकट स्थित न्यू अरोड़ा ऑटोमोबाइल की ऑटो पार्ट्स की दुकान है शुक्रवार की रात शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लग गई, जिसमें जलकर सारा सामान खाक हो गया।
दुकान मालिक बलविंदर सिंह अरोड़ा ने कोतवाली में सूचना दी थी कि शुक्रवार की रात करीब 9:00 बजे दुकान से धुआं निकलने की सूचना पड़ोसी ने दी थी। मौके पर गया और शटर उठाई तो तेज आग लगी हुई थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया था। इसका अग्निकांड में दुकान में रखे फर्नीचर और ऑटोमोबाइल पार्ट जलकर खाक हो चुके हैं। तकरीबन 20 से 25 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

## युवाओं ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन की दिशा में बढ़ाया कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर कंपोजिट स्कूल, पीलीभीत में लगभग 50 युवाओं ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया।इस अवसर पर युवाओं ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया और योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम के दौरान मेरा युवा भारत, पीलीभीत की ओर से योग प्रशिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा, अमित शर्मा रामविलास, शाजिन, दामे श्वरी ने युवाओं को योग के लाभों के बारे में जानकारी दी और उन्हें नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर युवाओं ने योग के महत्व को समझा और इसके लाभों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।मेरा युवा भारत, पीलीभीत के जिला युवा अधिकारी ने कहा, ''योग हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। हमारा उद्देश्य युवाओं को योग के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित करना है।''इस कार्यक्रम के माध्यम से मेरा युवा भारत, पीलीभीत ने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया और योग के महत्व को प्रसारित किया। यह कार्यक्रम युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव था और उन्हें योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में, युवाओं ने योग के महत्व को समझने और इसके लाभों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम युवाओं के लिए एक यादगार अनुभव था और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# लकड़ी कारोबारियों ने उजाड़ दी आम और जामुन की बाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस और वनकर्मियों का नया फार्मूला पेड़ कटाओ पैसा कमाओ**

**थाना इन्हौना के गोपालपुर में दिनदहाड़े आम और जामुन के पेड़ों पर चला लकड़ी कारोबारी का आरा**

अमेठी। थाना इन्हौना क्षेत्र में पुलिस व वन कर्मियों की मिली भगत से प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान थमने का नाम नही ले रही है और बेखौफ लकड़ी कारोबारियों द्वारा डंके की चोट पर हरियाली का कत्ल किया जाना आम बात हो गई है।इस अवैध कटान की आला अधिकारियों से शिकायत के बाद वन कर्मी कुम्भकर्णी नींद से जागने का नाम नही ले रहे हैं। ग्यारहवें योग दिवस पर जब प्रदेश सरकार और प्रभारी मंत्री के। साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा एक पेड़ मां के नाम का रोपण कर अभियान चलाया जा रहा था और आम जनमानस को पेड़ लगाने के लिये प्रेरित किया जा रहा था तो थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर में बेखौफ लकड़ी कारोबारियों द्वारा स्थानीय पुलिस और वन कर्मियों की मिलीभगत से दिनदहाड़े प्रतिबंधित आम और जामुन के पेड़ पर आरा चलाकर हरियाली का कत्ल किया जा रहा था। थाना इन्हौना क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान का यह कोई पहला मामला नही है यहां पर आये दिन लकड़ी कारोबारियों द्वारा स्थानीय पुलिस और वन कर्मियों की सांठगांठ से प्रतिबंधित पेड़ों को धराशाई करते रहते हैं और कटान प्रारम्भ होने से पूर्व ही एक तयशुदा रकम जमा करवा ली जाती है। थाना इन्हौना क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग द्वारा इन दिनों पेड़ कटाओ पैसा कमाओ का नारा लगाकर बड़े पैमाने पर हरियाली उजाड़ी जा रही है और तहसील से लेकर जनपद तक के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुये है। बताया जाता है कि थाना इन्हौना क्षेत्र में इन दिनों लकड़ी



कारोबारियों की लाटरी लग गई है और आसपास के साथ ही काफी दूर दूर तक के कारोबारियों ने इस इलाके को अपना मुफीद ठिकाना बना लिया है जो कि आनन फानन में पेड़ो को काटकर लकड़ी लेकर फरार हो जाते हैं और वन विभाग मामूली जुर्माना लगाकर अपने हाथ अपनी पीठ थपथपाने लगता है।वन रेंज तिलोई के वन क्षेत्राधिकारी का एक लम्बे से यहां पर जमा रहना भी हरियाली उजाड़ने में अच्छी भूमिका निभा रहा है लेकिन आला अधिकारियों की चौखट पर पहुंचकर अपने गुनाहों को छिपाकर गुमराह करना महाशय की आदत में शुमार हो गया है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि जनपद स्तर का भी कोई अधिकारी इस अवैध कटान पर अपनी जुबान नही खोल पा रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा जब गोपालपुर में अवैध कटान की शिकायत थाना इन्हौना पुलिस से की गई तो वह लकड़ी कारोबारियों की मददगार बन गई और आनन फानन में लकड़ी को ठिकाने से लगाने का पाठ पढ़ा दिया गया जिससे आम जनमानस ने नाराजगी जताई है।शनिवार की देर शाम तक पुलिस और वन विभाग मौके पर नही पहुंच सका था।

**ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को मिला है जिम्मा, 45 फीसदी कार्य पूरा**

# चार करोड़ की लागत से बन रहे मया के कस्तूरबा गांधी महाविद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक व छात्रावास

एजेंसी



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। ल्लबेटी पढ़े, बेटी बढ़ेङ्क के संकल्प को साकार करने के लिए अयोध्या में शिक्षा के क्षेत्र में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अयोध्या में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में एकेडमिक ब्लॉक और छात्रावास भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मया क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय में बेटियों को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से यह परियोजना शुरू की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा तकरीबन चार करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। निर्माण का जिम्मा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को सौंपा गया है। अब तक इस परियोजना का 45 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना के तहत बन रहे एकेडमिक ब्लॉक में आधुनिक कक्षाएं, पुस्तकालय और प्रयोगशालाएं होंगी, जो बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक होंगी।

छात्रावास भवन में रहने की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षित और आरामदायक वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। योगी सरकार का यह कदम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को और मजबूती प्रदान कर रहा है। इस परियोजना से न केवल अयोध्या की बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्रीय स्तर पर शैक्षिक विकास को भी गति देगा। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहायक अभियंता एम के सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परियोजना के तहत बनने वाली सुविधाएं आधुनिक मानकों के अनुरूप होंगी, ताकि छात्राओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। पूरा प्रयास रहेगा कि तय समय मे इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लें।

## जगदीशपुर पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी। थाना जगदीशपुर पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान तरबेज उर्फ अब्बास पुत्र नफीस निवासी ग्राम नया पुरवा मजरे खैरातपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने दो सौ आठ वाहनों का चालान कर 23 वाहनों को किया सीज

अमेठी। जनपद के थानों द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सघन चेकिंग करते हुये कुल छह सौ इक्कीस संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल दो सौ आठ वाहनों का चालान व तेइस वाहनों को सीज किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष एवं पुलिस चौकियों के प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर एवं जनपद की सीमाओं पर सघन चेकिंग करते हुये नई उम्र के लड़कों, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, दोषपूर्ण नंबर प्लेट अथवा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, काली फिल्म लगे वाहनों, शराब के नशे में वाहन चला रहे चालकों तथा वाहनों एवं वाहनों का साइलेंसर मॉडीफाइड करा कर चला रहे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी।इस अभियान के दौरान कुल छह सौ इक्कीस संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल दो सौ आठ वाहनों का चालान किया गया तथा तेइस वाहनों को सीज किया गया।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मो.जावेद पुत्र रमजान निवासी सालपुर धौताल परगना व तहसील थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा का निवासी हूँ, मैं बयांन करता हूँ कि मेरा लड़का मो. जावेद मेरे कहे सुने में नहीं रहता है और उसका चाल-चलन व व्यवहार ठीक न होने के कार ण मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ।आज के बाद उससे किसी भी प्रकार का लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरा मो.जावेद से कोई रिश्ता नहीं है।

**रमजान पुत्र मुन्ना, निवासी सालपुर धौताल, परगना व तहसील, जनपद गोंडा**

# इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल


ईरान-इजरायल और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख आयतुल्लाह खेमनेइ को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबिब के गैस और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इसराइल रोक पाने में असफल रहा है, वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शास्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास,हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गाजा पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजराइल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इसराइल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इसराइल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो,नतांज और इस्फ़हान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि व? हमले हो सकते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से गुजर कर होकर जाता है। हीरा की सट्टा प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इसराइल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इसराइल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है। पिछले 36 साल से ईरान पर शासन कर रहे आयतुल्लाह खेमनई ने शिया सुन्नी विवाद को बहुत आगे बढ़ा दिया और मिडिल ईस्ट के कई देशों को परेशान भी किया है ऐसे में सारे मुस्लिम देश इसराइल तथा अमेरिका के विरोध में एकत्र नहीं हो पाए। गौरतलब है कि इसराइल ने ईरान के 11-12 प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों तथा उसके सबसे ताकतवर सैन्य कमांडरों की मिसाइल हमले से हत्या भी कर दी है ऐसे में ईरानी प्रमुख के पास वर्तमान में सेना को नेतृत्व करने वाले कमांडरों की कमी हो गई है और उसके परमाणु प्रोग्राम का भविष्य भी चौपट हो गया है। रही-सही कसर अमेरिका के लड़ाकू विमान ने परमाणु ईंधन भंडारण ठिकानों पर हमला कर उसे नष्ट कर पूरा कर दिया है। ईरान भी युद्ध के शुरुआती दौर में पाकिस्तान के भरोसे परमाणु हमले की धमकी दे रहा था पर पाकिस्तान के सो- कॉल्ड फील्ड मार्शल असीम मुनीर डोनाल्ड ट्रंप की लंच पॉलिटिक्स में उलझ कर उसके खेमे में जाकर ईरान का साथ देने से साफ इनकार कर दिया हैं। पाकिस्तान अमेरिका को अपने दो ऐसे एयर-बेस जो ईरान के एकदम नजदीक हैं को इस लड़ाई में उपयोग करने हेतु देने में सहमत हो गया है। और अब ईरान के समर्थन में पाकिस्तान परमाणु बम का किसी भी तरह उपयोग नहीं करेगा। इन परिस्थितियों के परिणामस्वरुप यदि ईरान इजरायल पर हमले जारी रखता है तो इजरायल,अमेरिका,यूरोपीय देश और नाटो संगठन ईरान के विरुद्ध हमले करने से पीछे नहीं हटेगें जो किसी भी विश्व युद्ध से कम नहीं होगा।

# आधुनिक ओलम्पिक खेलों के 129 वर्ष

**अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर विशेष**

**ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था।**

भारत आधुनिक ओलम्पिक खेलों में 105 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलम्पिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया था। 2024 में पेरिस ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 पदक भारत की झोली में डाले थे जबकि उससे पहले 2021 में टोक्यो ओलम्पिक में भारत 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलम्पिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं। फ्रांस के युवा शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलम्पिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना किए जाने के बाद नए रूप में 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलम्पिक खेल प्राचीन ओलम्पिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जाने लगे। एक जनवरी 1863 को जन्मे पियरे द कुबर्तिन की उम्र उस वक्त सिर्फ सात साल थी, जब 1870 में फ्रैंच-परसियन लड़ाई में जर्मनी ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया था। माना जाता है कि उस हार के कुछ वर्षों बाद कुबर्तिन इसका विश्लेषण करने पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फ्रांस की हार का कारण उसकी सैन्य कमजोरियां नहीं बल्कि फ्रांसीसी सैनिकों में ताकत की कमी थी। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उसाहजनक सफलता नहीं मिली किन्तु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे। 1890 में कुबर्तिन ने 'यूनियन डेस सोसायटीज फ्रांसीसीज द स्पोर्ट्स एथलेटिक्स' नामक एक खेल संगठन की नींव रखी और उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन के दिमाग में ओलम्पिक खेलों को पुनर्जीवन देने का विचार आया।



खेल संगठन की 25 नवम्बर 1892 को पेरिस में हुई एक मीटिंग में उन्होंने इस संबंध में अपने विचार भी रखे किन्तु उनके उस भाषण से कुछ हासिल नहीं हुआ। उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन ने 9 देशों के कुल 79 डेलीगेट्स की एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में कुबर्तिन ने पूरे उत्साह से ओलम्पिक खेलों की नए सिरे से पुनः शुरूआत करने संबंधी भाषण दिया और इस बार वह लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने में सफल हुए। कंफ्रेंस में सभी डेलीगेट्स ने एकमत से ओलम्पिक खेल कराए जाने के पक्ष में वोट दिया और तय किया गया कि कुबर्तिन इन खेलों के आयोजन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समिति का गठन करें। उसके बाद 'अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति' का गठन हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में ग्रीस के डेमट्रियोस विकेलास का चयन हुआ। प्रथम ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए एथेंस को चुना गया और इसकी तैयारियां शुरू हुई। 5 अप्रैल 1896 को प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों की शुरूआत हुई। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन 5 अप्रैल 1896 को एथेंस (यूनान) में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा किया गया। अमेरिका के जेम्स बी. कोनोली को पहले आधुनिक ओलम्पिक खेल में प्रथम ओलम्पिक चैम्पियन बनने का गौरव हासिल है। पहले ओलम्पिक खेल की प्रतियोगिताओं में महिलाओं के भाग लेने पर प्रतिबंध था किन्तु सन 1900 में दूसरे ओलम्पिक में महिलाओं को भी ओलम्पिक खेलों के जरिये अपनी प्रतिभा का परिचय देने का अवसर मिल गया। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी तो ऐसे भी थे, जो उस वक्त एथेंस में ही पर्यटक के तौर पर पहुंचे हुए थे। 1896 से ओलम्पिक खेलों का आयोजन नियमित होता रहा है लेकिन प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1916, 1940 तथा 1944 के ओलम्पिक आयोजन रद्द करने पड़े थे। यूनान (ग्रीस), ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया तथा फ्रांस ही पांच ऐसे देश हैं, जिन्होंने अब तक हर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया है। ओलम्पिक खेलों के उद्घाटन के समय स्टेडियम में सबसे पहले ग्रीस की टीम प्रवेश करती है। उसके बाद मेजबान देश की भाषानुसार वर्णमाला के क्रम से एक-एक करके दूसरे देशों की टीमें स्टेडियम में प्रवेश करती हैं जबकि मेजबान देश की टीम सबके बाद स्टेडियम में पहुंचती है। **– योगेश कुमार गोयल**

# पिछड़ता उच्च शिक्षा का स्तर

**विजय गर्ग**

देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था उदारीकरण के बाद आगे तो बढ़ी, लेकिन उसी गति से उसमें गुणवत्ता विकसित नहीं हो पाई। उदारीकरण के तीन दशक पूरे हो चुके हैं, मगर इसका लाभ उच्च शिक्षा में केवल कमाई के अवसर के रूप में देखा गया। खास यह भी है कि तकनीकी शिक्षा के लिए आल इंडिया काउंसिल आफ टेक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीई) को मानक तय करने के लिए 1987 में बनाया गया था। इसके नियमों की खूब अवहेलना हुई। समय के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) भी नकेल कसने में कम ही । कम ही कामयाब रहा। आकर्षक विज्ञापनों और चमचमाते सपनों के साथ साथ युवाओं के हाथ में उच्च शिक्षण संस्थाओं ने डिग्रियां तो खूब थमाईं, पर कौशल के मामले में वे खोखले ही । रह गए। यूजीसी की वेबसाइट को खंगालें, तो मौजूदा समय में सभी प्रारूपों में 1200 से अधिक विश्वविद्यालय हैं, जिनमें 57 केंद्रीय और 502 राज्य विश्वविद्यालय हैं। सभी उच्च शिक्षण संस्थान और इनसे जुड़े कालेज हर साल तकरीबन चार करोड़ से अधिक युवाओं की तकदीर बनाते हैं। ऐसे संस्थान स्थापित करने के लिए बहुत बड़ी राशि की आवश्यकता पड़ती है। निराशा की बात यह है कि इनमें कई संस्थान शिक्षा को धन उगाही का जरिया बना लेते हैं और डिग्रियां बांटना एक तरह से कारोबार बन जाता है। असल में शिक्षा कोई रातों-रात विकसित होने वाली व्यवस्था नहीं है। वैश्वीकरण के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई दरवाजे खुले मगर व्यावहारिक तौर पर अब ये विफल दिखाई देते हैं। भारत में विगत तीन दशकों शिक्षा संस्थानों के प्रति काफी नरमी बरती जा रही है और शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट की मुख्य वजह भी यही है भारत सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। संसार की सबसे बड़ी युवा आबादी यहीं है। जिस गति से शिक्षा लेने वालों की संख्या यहां बढ़ी, शिक्षण संस्थाएं उससे तालमेल नहीं बैठा पाईं। कुछ क्षेत्रों में बिना किसी त के कमाने वाली शिक्षण संस्थाओं की बाढ़ आ गई। इंजीनियरिंग कालेज इसी तर्ज पर पर विकसित हुए और यह बात तब और पुख्ता हो जाती है, जब आंकड़े बताते हैं कि देश देश में इंजीनियरिंग की सफलता दर आम तौर पर दस फीसद से म अधिक नहीं होती है जबकि हर साल 15 लाख इंजीनियरिंग स्नातक कालेजों से निकलते हैं। इतना ही नहीं 40 फीसद आइआइटी स्नातक भी नौकरी पाने में असफल रहे 'इंडियाज ग्रेजुएट स्किल्स इंडेक्स' के अनुसार, देश देश में वर्ष 2024 में लगभग 57 फीसद स्नातकों के पास आवश्यक कौशल नहीं है। सवाल उठता है कि शैक्षणिक वातावरण हमारे यहां कैसा है। अब शिक्षण संस्थानों को सुशासन के मार्ग की ओर ले जाने की जरूरत है। उच्च शिक्षा को लेकर दो प्रश्न उभरते हैं। पहला यह कि क्या विश्व परिदृश्य में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच उच्चतर शिक्षा, शोध और ज्ञान के विभिन्न संस्थान स्थिति के अनुसार बदल रहे हैं? दूसरा क्या अर्थव्यवस्था, दक्षता और प्रतिस्पर्धा के प्रभाव में शिक्षा को तकनीक से जोड़ने का कोई बड़ा लाभ मिल रहा है यदि हां, तो सवाल यह भी है कि क्या परंपरागत मूल्यों और उद्देश्यों का संतुलन इसमें बरकरार है? विभिन्न विश्वविद्यालयों में शुरू में ज्ञान के सृजन का हस्तांतरण भूमंडलीय हिस्सेदारी के आधार पर हुआ था। धीरे-धीरे बाजारवाद के कारण शिक्षा गुणवत्ता के मामले में पिछड़ती गई। वर्तमान में तो इसे बाजारवाद और व्यक्तिवाद के संदर्भ में परखा और जांचा जा रहा है। तमाम ऐसे कारकों के चलते उच्च शिक्षा सवालों में घिरती चली गई। देश में उच्च शिक्षा की स्थिति चिंताजनक क्यों हुई, इसे समझना होगा। ऐसा इसलिए हुआ कि इस क्षेत्र में उन मानकों को कहीं अधिक ढीला छोड़ दिया गया, जिसे लेकर एक निश्चित नियोजन होना चाहिए था। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता तभी आती है, जब इसे शोधपरक बनाने का प्रयास किया जाता है न कि रोजगार जुटाने मात्र का जरिया बनाया जाता है। निजी विश्वविद्यालय फीस वसूलने में पूरा दम लगाए रखते हैं, पर उच्च शिक्षा के प्रति इनकी प्रतिबद्धता कम ही दिखती है। कोई दो मत नहीं कि यहां शिक्षा एक व्यवसाय है, इसका अपना एक आकर्षण है। ऐसा लगता है कि अब तो आनलाइन व्यवस्था में शिक्षण संस्थान मोबाइल और लैपटाप में सिमट चुके हैं। पाइल आ तीन नवंबर 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रमों पर सवाल उठाया था। शीर्ष अदालत ने उड़ीसा हाईकोर्ट के इस फैसले को कि पत्राचार के जरिए तकनीकी शिक्षा सही है, उसे खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी प्रकार की तकनीकी शिक्षा दूरस्थ पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।

## सेहत मंत्र

# मधुमेह को नियंत्रित रखने के लिए अपनाएं योगासन

भारत में आज लगभग हर घर में आपको कोई न कोई मधुमेह का रोगी मिल ही जाएगा। योग के जानकारों का कहना है कि लोग इस बीमारी को कोई खास तवज्जो नहीं देते लेकिन एक बार इस बीमारी की जद में आ जाने के बाद इससे छुटकारा पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। साथ ही यह एक ऐसी बीमारी है कि जिसके बाद मनुष्य को बहुत सी चीजों से किनारा करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कुछ समय पहले तक जहां यह एक उम्र के बाद ही लोगों को अपनी चपेट में लेता था, वहीं गलत खान?पान व जीवनशैली के कारण वर्तमान में कम उम्र के लोग भी इससे पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में यह बेहद आवश्यक है कि कुछ ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे आपका शुगर कंट्रोल में रहे। मधुमेह को नियंत्रित रखने में योग आपके काफी काम आ सकता है। इस आसन से शरीर का पाचनतंत्र मजबूत होता है और शरीर में रक्त का संचार तेजी से होता है, जिससे व्यक्ति को डायबिटीज से लड़ने में आसानी होती है। यह आसन करने के लिए पैर सीधे फैलाकर बैठ जाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सांस भरते हुए पैरों के तलवे को पकड़ने की कोशिश करें। घुटने से माथा सटना चाहिए। फिर सांस छोड़ते हुए हाथ ऊपर करके सामान्य हो जाएं। इस प्रक्रिया को दो से तीन पर बार दोहराएं। यह शरीर का संपूर्ण व्यायाम है। इसे करने से थॉयराइड और पैराथॉयराइड ग्रंथियों को मजबूती मिलती है। इसे करने के पहले सीधे लेट जाएं, फिर पैरों को धीरे-धीरे उठाते हुए 90 डिग्री का कोण बनाएं। हाथों से कमर को सहारा दें। इस आसन में शरीर का सारा भार गर्दन पर पड़ना चाहिए। पैरों को सीधा रखें। यह आसन यकृत व मूत्राशय को सक्रिय बनाता है। जिन लोगों के शरीर के भीतर इंसुलिन का उत्पादन नहीं होता या जिन्हें मधुमेह की बीमारी होती है, यह अभ्यास उनके शरीर में अग्नाशय को सक्रिय बनाकर इंसुलिन के उत्पादन में सहयोग देता है, इसलिए यह मधुमेह के उपचार के लिए रामबाण दवा है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले सामने की ओर दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएं। अब दाहिने पैर को मोड़ते हुए बाएं घुटने के बगल में बाहर की ओर रखें। इसके बाद बाएं को दाहिने ओर मोड़िए। एडी दाहिने नितम्ब के पास रहें। बाएं हाथ को दाहिने पैर के बाहर की ओर रखते हुए दाहिने पैर के टखने या अंगूठे को पकड़ें। दाहिना हाथ पीछे की ओर कमर में लपेटते हुए शरीर को दाहिनी ओर मोड़ें।

## धर्म मंत्र

# भोजपुर मंदिर जहाँ है देश का सबसे बड़ा शिवलिंग

मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग है महाकालेश्वर, उज्जैन और ओंमकारेश्वर, खंड़वा लेकिन एक शिवलिंग ऐसा भी है जो उत्तर भारत का सोमनाथ कहलाता है। यह शिवलिंग है प्रदेश की राजधानी भोपाल के नजदीक भोजपुर गाँव में स्थापित भोजेश्वर शिव मंदिर है। यह वेत्रवती यानि बेतवा नदि के किनारे बना है। भोपाल से 30 किलोमीटर दूर रायसेन जिले के भोजपुर गाँव में बना परमार कालीन मंदिर हमेशा ही श्रृद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र रहा है। ऐसा माना जाता है कि भोजपुर में दुनियां का सबसे बड़ा शिवलिंग स्थपित है। जिसकी स्थापना धार के प्रसिद्ध परमार राजा भोज ने (1010-1053 ईसवीं) करवाई थी। अतः इसे भोजपुर मंदिर या भोजेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। भोजपुर मंदिर में यू तो साल भर लोगों का आना जाना बना रहता है पर इस प्रसिद्ध स्थल पर साल में दो बार वार्षिक मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें मंकर संक्रांति व महाशिवरात्रि पर्व का पर्व शामिल है। इन दोनों पर्वों पर यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगती है। महाशिवरात्री पर यहाँ एक लाख से भी अधिक श्रृद्धालु पहुंचते हैं। जिसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए जाते है। प्राचीन काल में भोजपुर मंदिर ''उत्तर भारत का सोमनाथ कहलाता था। सबसे अहम बात यह है की मंदिर अब तक पूरा नहीं बना है। भोजपुर के विश्व प्रसिद्ध शिवलिंग की ऊंचाई साढ़े इक्कीस फिट, पिंडी का व्यास १८ फिट आठ इंच व जलहरी का निर्माण 20ब20 से हुआ है। मंदिर के पास परिसर में पत्थर पर ही मंदिर का नक्शा बना हुआ है। भारतीय मंदिरों की वास्तुकला की झलक इस नक़्शे में दिखाई देती है। इस मंदिर के विषय में कई किदवंतियां भी है जिसमें एक कितवंती है कि द्वापर युग में पांडवों द्वारा माता कुंती द्वारा भगवान शिव की पूजा के लिए इस शिवलिंग का निर्माण एक ही रात में किया गया था।

## पर्यटन



# पांडिचेरी में है तो जरूर करे स्कूबा डाइविंग

पांडिचेरी एक ऐसा टूरिस्ट डेस्टिनेशन है जो अक्सर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दरअसल, यहां पर आपको ना सिर्फ नई जगहों पर घूमने व एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है। बल्कि आप यहां पर घुमक्कड़ी के दौरान कई नई चीजों को कर सकती हैं। फिर चाहे बात स्कूबा डाइविंग की हो या फिर योगा क्लॉसेज की। पांडिचेरी में रहते हुए आप कुछ ऐसे अनुभव कर सकते हैं, जो आपको ताउम्र याद रहेंगे। स्वस्थ रहने के लिए अब लोग योग की राह अपनाने लगे हैं। लेकिन अगर आप योग को एक नए नजरिए से देखना चाहते हैं तो आपको योगंजलि नाट्यलयम में जाना चाहिए। पांडिचेरी में आपको विन्यास, हठ योग, बिक्रम, अष्टांग योग के विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। वैसे तो पांडिचेरी में कई योग विद्यालय हैं, लेकिन योगंजलि नाट्यलयम 160 साल पुराना संस्थान है। यहां पर बिगनर व एडवांस दोनों ही तरह के कोर्स करने को मिलेंगे। एक अलग अनुभव के लिए आप एकांत समुद्र तटों पर जाकर योगाभ्यास कर सकते हैं। पांडिचेरी के अपने सफर को अगर आप यादगार बनाना चाहते हैं तो वहां पर स्कूबा डाइविंग करना एक अच्छा आईडिया हो सकता है। अगर आपको अंडरवाटर साइट्स अपनी ओर खींचती हैं तो आप गहरे नीले समुद्र में गोताखोरी कर सकते हैं। शहर में कई डाइविंग स्कूल हैं, जहां पर आप कम वक्त में डाइविंग करना सीख सकते हैं। यहां पर आपको डाइविंग गियर आसानी से किराए पर मिल जाएगा। पानी के ऊपर सर्फिंग करने का अपना एक अलग ही मजा है। अगर आप पांडिचेरी में हैं तो आपको एक बार सर्फिंग जरूर करनी चाहिए। इसके लिए आप कालियालय सर्फ स्कूल जा सकते हैं। यह पांडिचेरी से महज 10 किमी उत्तर में सेरेनिटी समुद्र तट पर है। यहां पर बिगनर्स से लेकर सर्फिंग का शौक रखने वाले जा सकते हैं। इस कालियालय सर्फ स्कूल में बेहद कम समय में सर्फिंग करना सिखाया जाता है। आप शुरूआती पांच दिन के कोर्स को करने के बाद पांडिचेरी में सर्फिंग का मजा ले सकती हैं। हालांकि इस पांच दिन के कोर्स को करने के लिए आपको 4300 रूपए खर्च करने पड़ेंगे।

# महादेवा कॉरिडोर! महात्मा फूले के वंशजों तक ही सीमित रहा बुलडोजर?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा तीर्थ में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की स्वर्णिम एवं स्वप्निल योजना महादेवा कारिडोर निर्माण की अत्यंत धीमी गति, सवालों से घिरी एवं चर्चा का विषय बनी है। तत्कालीन एसडीएम द्वारा

एक बस्ती विशेष में बुल्डोजर कार्रवाई और वर्तमान के बदले हालातों को लेकर महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के अनुयायियों में असंतोष संग आक्रोश भी पनपा है।

बताते चलें कि उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध एवं सामाजिक समरसता का तीर्थ महादेवा में समुदाय विशेष और सामाजिक तत्वों द्वारा कुछ भ्रष्ट नेताओं के संरक्षण में बढ़ते अतिक्रमण व तीर्थ मर्यादाओं के विपरीत दिशा दशा के दृष्टिगत गोरक्ष पीठाधीश्वर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महादेवा कॉरिडोर योजना को नहीं सिर्फ मंजूरी दी बल्कि 50 करोड़ से अधिक धनराशि भी आवंटित की है। 49 करोड़ की मंजूरी अभी गत मार्च माह में दी गई और करीब 10 करोड़ रूपया टोकन मनी के रूप में पुनः प्रदान किया गया है।

मठ मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े लोगों द्वारा मंदिर संपत्ति को बड़े परिणाम आने पर छति पहुंचाई गई है और पहुंचाई जा भी रही है। बताते हैं कि मंदिर के रिसीवर की आक्रमानता को भापकर एक पक्ष द्वारा मठ मंदिर स्वामित्व की जमीन में बड़े पैमाने पर अनादिकृत रूप से बेच दी गई चीन में अवैध रूप से घर बने हुए हैं। तीर्थ विकास के पक्षधर श्रद्धालु और शिव भक्तों का कहना है कि मठ मंदिर के रिसीवर द्वारा मंदिर का प्रबंधन ठेकेदारी पद्धत से किया जा रहा है। मंदिर के ठेकेदार अपने को सर्व सर्व और मंदिर का मुख्य पुजारी बताकर लोगों से धन अर्जन करते हैं, इतना ही नहीं वीआईपी लोगों को दर्शन पूजा करवाते और उनसे अनेकानेक अपने स्वार्थ सिद्ध करते हैं। यह लोग



नहीं चाहते की तीर्थ का विकास हो और इनका एक अधिकार छिन जाए। पुरोहित परिवार के लोग दबी जुबान बताते हैं कि वकीलों को मोटी रकम देकर उच्च न्यायालय में विचाराधीन सेकंड अपील की तारीख ही गठबंधन नहीं लगने देता है। अपील 5 से भी अधिक दशकों से दबी पड़ी है। गठबंधन की सेटिंग का कमाल ही है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद तहसील प्रशासन ने महादेव तीर्थ में पहले अतिक्रमण को नहीं हटाया। जबकि मठ मंदिर संपत्ति पर अनेक गैर हिंदुओं का अवैध कब्जा है कुछ लोगों ने अवैध कब्जे के बदले में मुआवजा भी प्राप्त कर लिया है।

अब जब सावन मेला नजदीक है और पूरे महीने तक शिव भक्तों का महादेवा आना-जाना होगा। व्यवस्थाओ को लेकर हर कोई चिंतित है। देखा जाए तो श्री लोधेश्वर महादेवा में पूरे वर्ष समय-समय पर अनेक मेला आयोजन होते हैं। तथा प्रत्येक सोमवार को शिव भक्तों की यहां पर काफी भीड़ रहती है। बीते अगस्त 2024 से यहां कार्य शुरू हुआ था। तब से कई बार मेला के नाम पर निर्माण कार्य को रोक दिया जाता है। जबकि इस कार्य को दलित बस्ती से शुरुआत किया गया था। सर्वप्रथम रामनगर से महादेवा जाने वाले मार्ग पर दलित बस्ती के निवासी कलूराम का मकान, अनंतराम यादव की दुकान सहित अनेक लोगों के मकान गिरा दिए गए थे। उसके बाद इतना समय बीत गया। आज तक तहसील का बुलडोजर नहीं डोला। हां इतना अवश्य है कि तत्कालीन एसडीम ने जिसे चाहा जितना चाहा उसे उतना मुआवजा दिलाया। कई कई पीड़ित ऐसे हैं जिनका आधा अधूरा नाप कराया और जब शिकायत की गई तो पुनः नाप जोख तो हुई लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा नसीब नहीं हुआ। इस सिटिंग गेटिंग का ही खेल था कि मंदिर मठ स्वामित्व इमारत का मुआवजा करीब एक करोड़ एक सेवानिवृत शिक्षक को दे दिया। मैथ रिसीवर की शिकायत पर हालांकि बाद में भुगतान रुक गया। स्थानीय जानकार सूत्रों की माने तो मुआवजा प्राप्त करने का प्रयास पुनः हो रहा है क्योंकि पुराने जिलाधिकारी का स्थानांतरण जो हो गया। जनमानस का कहना है कि भाजपा के शासनकाल में घोषणा तो होती है परन्तु कोई कार्य पूरा नहीं होता।चाहे वह बुढ़वल शुगर मिल संचालन निर्माण हो अथवा महादेवा कॉरिडोर योजना। महादेवा मुख्य मार्ग के किनारे हो रहे इंटरलॉकिंग का कार्य भी चर्चा का विषय बना है।गड्ढे युक्त सडके व पुल पुलिया जैसे कार्य आज भी अधूरे पड़े हुए हैं। कहते हैं लोधेश्वर महादेवा में कॉरिडोर हेतु धनराशि भी प्राप्त हो गई है। लेकिन अभी तक जमीनी स्तर पर कोई कार्य शुरू नहीं हो सका।इसी प्रकार जनता से झूठा वादा करके उस समय के स्टार प्रचारक व वर्तमान के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि बुढ़वल शुगर मिल भाजपा का शासन आते ही शुरू हो जाएगा। लेकिन आज तक इसकी शुरुआत नहीं हुई। आम जन बहुमूल्य मत देकर इन्हें सत्ता तक पहुंचा देती है।सत्ता में पहुंचने के बाद यह लोग जनता से किए वादे भूल जाते हैं। इस प्रकार तरह-तरह की चर्चा कर लोग अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।

## कोटवा तीर्थ में लगा स्वास्थ्य शिविर, 150 मरीज लाभान्वित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। श्री कोटवाधाम चौराहा स्थित रावत मार्केट में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब डेढ़ सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। साथ ही श्वांस रोग की विशेष जांच पीएफटी भी निःशुल्क कराई गई।एमबीबीएस, एमडी चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. हर्ष सक्सेना और न्यूरो-साइक्रेटिक विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार उपाध्याय ने मरीजों की जांच की। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया। शिविर में एलर्जी, शुगर, सांस और मानसिक रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही।सेवानिवृत्त सहायक अभियंता संजय कुमार सक्सेना ने इस शिविर का आयोजन किया। रामू काका, अजय रावत एडवोकेट, शालू रावत एडवोकेट, पूर्णमासी वर्मा, कवि प्रेम नारायण वर्मा प्रेम जी, दिनेश कुमार रावत समेत कई गणमान्य लोगों ने सहयोग दिया। स्थानीय लोगों ने शिविर की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की।

## स्वास्थ्य मेला में जुटी भीड़ मरीजों का परीक्षण दवाएं उपलब्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में मरीजों की जांच कर उन्हें दवाऐं प्रदान की गई।बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 48 मरीजों का परीक्षण हुआ। डॉ संतोष कुमार शुक्ला व उनकी टीम ने सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों को दवाएं दीं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी के श्रीवास्तव ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर मरीज को निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई जाए।महमूदाबाद स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अन्विता पांडे की टीम ने 24 मरीजों का उपचार किया। सैदनपुर केंद्र में डॉ संजय गुप्ता और उनके सहयोगियों ने 39 मरीजों



की जांच की।सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह ने मौसम परिवर्तन को देखते हुए लोगों को सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का ध्यान रखें और उबला हुआ पानी पिएं। बार-बार बुखार आने पर तुरंत जांच कराएं। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या के लिए तत्काल सूचित करने को कहा।

### पुलिस के झूठ पर भारी पोस्टमार्टम रपट, गला घोट कर अरविंद की हत्या

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बजगहनी निवासी अरविंद की गला दबाकर हत्या की गई थी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है।पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि जनपद के आई आई एम रोड निवासी अरविंद कुमार 35 बीते 15 वर्षो से घुंघटेर के बजगहनी निवासी माता प्रसाद के पास रहता था। वह गांव के बाहर स्थित खेतों में झोपड़ी में रहकर फसलों की रखवाली करता था। बीते शुक्रवार को रखवाली करने व खेतोंमें गया था।सुबह माता प्रसाद की पुत्री जब उसे बुलाने गई तो देखा अरविंद तख्त पर पड़ा है। आसपास खून था गले में चोट के निसान थे। गांव के लोग जहां हत्या किए जाने की बात कह रहे थे वहीं पुलिस उसे दबाने में लगी थी। रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अरविंद की मौत गला घोंटने से होना बताई गई है। घुंघटेर थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से अरविंद की मौत होने की बात सामने आई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच शुरू कर दी गई।

### ट्रेलर में घुसी कार एक की मौत आधा दर्जन जख्मी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र में अयोध्या लखनऊ हाईवे स्थित लोधे सिंह पुरवा गांव के पास के पास खड़ा एक ट्रैलर तेज रफ्तार ईको कार घुस गई। ईको कार में राजस्थान प्रदेश के लोग सवार थे। साथ यात्रियों में एक आसिफ निवासी सूरसागर केगड़ा की पुलिया उधोग नगर कोटा की मौत हुई। वही 32 वर्षीय महिला रिकू शर्मा और 38 वर्षीय दिनेश शर्मा निवासी विजयपुर जिला कोटा , 35 वर्षीय मुस्कान शर्मा, 11 वर्षीय हर्षित कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। जबकि राजेंद्र शर्मा ग्राम लेजरद तहसील केशव राय पाटन जिला बूंदी ,शमी उल्ला जिला कोटा घायल हुए।हादसा के बाद अयोध्या लखनऊ मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने कार व ट्रक को सड़क से हटवाया। तभी स्थिति समान्य

### बजरंग दल का मूल भाव सेवा सत्संग : राहुल कुमार

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड बैठक आगामी कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए बुढ़वल चौराहा स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई।जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल है। सेवा सुरक्षा और संस्कार के है ध्येयनिष्ट भाव से बजरंग दल समाज में कार्य कर रहा है। संगठन का मूल सत्संग है। विहिप जिला मंत्री राहुल कुमार ने बताया कि 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया जाएगा। कार्यकर्ताओं से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आवाहन किया। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टि से वृहद स्तर पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पौधा रोपण करेंगे। संगठनात्मक विस्तार व वृक्षारोपण,सत्संग,बलोपसना,साप्ताहिक मिलन,संस्कारशाला,शक्ति साधना केंद्र के संचालन पर जोर देने का भी आह्वान किया। प्रखंड अध्यक्ष विनय मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद,पूर्व जिला सेवा प्रमुख निर्मल मिश्रा,प्रखंड उपाध्यक्ष रमाकांत वर्मा,जिला सहसंयोजक विनय वर्मा,प्रखंड मातृशक्ति संयोजिका सुमन अवस्थी,प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख दिलीप दीक्षित,श्रीकांत,कृष्ण कुमार निगम,प्रखंड संयोजक अंशु शुक्ला,अजय विश्वकर्मा,मनोज पाल इंद्रजीत द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### सुरियावां नगर का सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता: विनय चौरसिया

**भदोही।** योगी सरकार महानगरों और निकाय के विकास की गति को आगे बढ़ा रहीं है, लेकिन अभी लंबे आयाम तय करने हैं। भदोही का सुरियावां नगर पंचयात भी विकास को एक नई दिशा दे रहा है। नगर का सर्वांगीण विकास नगर अध्यक्ष विनय चौरसिया की प्राथमिकता है। विनय चौरसिया शिक्षा और उद्योग में मिसाल कायम किया है। पहली बार वे भारतीय जनता पार्टी से नगर अध्यक्ष चुने गए हैं। हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से विशेष बातचीत में नगर अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगरों के विकास को लेकर बेहद संजीदा हैं। हमने दो साल के अपने कार्य काल में नगर का बेहतर विकास किया है। हम हर वार्ड को आरसीसी, इंटर लॉकिंग एवं जल निकासी के लिए नाली निर्माण का युद्ध स्तर पर कर रहें हैं, जिससे नगरवासियों को बरसात में कोई दिक्क़त न उठानी पड़े। नगर के सभी 13 वार्ड में इस तरह का काम किया जा रहा है या हो गया है। सुरियावां नगर में लोगों को साफ सुथरे पेयजल की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रयास किए गए हैं। नगर में पानी की व्यस्था दुरुस्त नहीं थीं, हमने प्रयास कर 30 हैण्डपंप को रिबोर करने और तीन सबमर्सिबल लगाया है जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। नगर में उजाले के लिए एक करोड़ का बजट स्वीकृत कर 150 पोल और लाइट स्थापित की गईं है। नगर का 52 बीघा और सहूवाइन का तालाब नगर की ऐतिहासिक धरोहर हैं। हमने दोनों तालाबों के सुंदरीकरण के लिए दो करोड़ का प्रस्ताव दिया है। दोनों तालाबों का सुंदरीकरण होगा।

## आम महोत्सव सीजेएम ने चखा स्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शहर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड स्थित मुगल दरबार हाल में रविवार को स्व राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में 14वां आम महोत्सव एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। महोत्सव में 150 से ज्यादा आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही आम उत्पादकों ने उपज मे कमी पर चिंता व्यक्त की और जानकारों ने इन समस्याओं को दूर करने के उपाय बताए।

मालूम हो कि हर साल की इस तरह भी स्व राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति का 14वां आम महोत्सव और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजेआई सुधा सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इससे पहले आयोजकों ने मुख्य अतिथि सीजेएम सुधा सिंह समेत तमाम अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने मैंगो शो में प्रदर्शित किए गए आमों का जायजा लिया। वो 150 से ज्यादा आम की दुर्लभ प्रजातियों को देखकर दंग रह गईं। उऩ्होंने कहा कि अब तक वो सिर्फ कुछ आमों को ही जानती थीं, लेकिन आज उन्हें इतने तरह के आमों को जानने और उनके बारे में समझने का मौका मिला। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों की जमकर सराहना की। एख्व्र सुधा सिंह ने कहा कि ये मैंगो शो सिर्फ आम के लिए ही खास नहीं है। इससे पर्यावरण का संरक्षण भी हो रहा है। इसलिए इस तरह के आयोजनों की जितनी भी सराहना की जाए कम है। आम महोत्सव में जनपद में उत्पादित दशहरी, लंगड़ा, चौसा, सफ़ेदा, गौरजीत, आम्रपाली, अंबिका, याकूती, परमा सुर्खा, गुलाब खास, हुस्नआरा, मल्लिका सहित करीब 150 से अधिक देसी प्रजाति के आमों के आलावा प्रदेश के अलग-अलग जिलों एवं राज्यों के किसानों द्वारा लाये गए आमों के नमूनों को महोत्सव में प्रदर्शित किया गया ऋ जिसको देखने और खरीदने शहरवासियों की भीड़ स्टॉल पर उमड़ पड़ी आमों की नई-नई प्रजाती को देख कर लोग काफी उत्साहित भी दिखाई दिए। जिले में आम की बागवानी करने वाले किसान आदिल हसन ने बताया कि जिले में भी आमों की अच्छी पैदावार होती है ऋयहाँ कई प्रजाती में आम जैसे गुलाब ख़ास, लंगड़ा,चौसा, दशहरी एवं याकूति सहित सैकड़ो किस्म के आमों की पैदावार होती है ऋउन्होंने बताया कि महोत्सव में करीव 150 प्रजाती के आमों का स्टाल लगाया गया है ऋ जिसको देखने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए और आमों की नई नई प्रजाती को देख कर लोग काफी उत्साहित भी दिख रहे है। सामाजिक कार्यकर्ता और स्व राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति के खास कर्ताधर्ता उमैर किदवाई के संचालन कार्यक्रम में जिले और आसपास के आम उत्पादकों ने शिरकत की। इस मौके पर राजनाथ शर्मा, सलाहुद्दीन किदवाई, अलीम किदवाई, अनवर महमूद, आदिल हसन, मो मोहसिन, तौकीर कर्रार, इबादुर्रहमान, इरफान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय दौरे पर आज काशी पहुंचेंगे गृह मंत्री व मुख्यमंत्री

एजेंसी

वाराणसी। धर्म नगरी काशी मंगलवार को ऐतिहासिक बैठक की मेज़बानी करने जा रहा है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री व मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल रहेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार (23 जून) को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रहेंगे। चारों प्रदेश के मुख्यमंत्री सोमवार शाम लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत करेंगे। सभी विशिष्ट अतिथि काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को करीब सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। बैठक को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। 24 जून को प्रस्तावित 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी रहेंगे। होटल ताज में लगभग 11 बजे से दोपहर दो बजे तक चलने वाली बैठक में सुरक्षा और विकास समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी। बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन और नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह के वाराणसी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी ने भी काशी की परंपरा के अनुरूप उनका स्वागत करने की तैयारी कर ली है। गृह मंत्री का स्वागत 11 स्थानों पर किया जायेगा। जहां पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और सामाजिक वर्गों के लोग ढोल-नगाड़ों, शंखनाद, डमरू दल और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत करेंगे।

नवागत थानाध्यक्ष अभय मौर्य ने संभाला कार्यभार, कहा

## जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज बाराबंकी। लोनीकटरा थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नवागत थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य ने रविवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि ल्लजनता की सुरक्षा मेरा कर्तव्य है, कोई भी पीड़ित व्यक्ति थाने आएगा तो उसे हर हाल में न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकताओं में रहेगा। गौरतलब है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा किए गए हालिया थाना प्रभारियों के फ़ेरबदल में अभय मौर्य को थानाध्यक्ष जहांगीराबाद से स्थानांतरित कर लोनीकटरा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। अपने तेजतर्रार और सजग कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले मौर्य की तैनाती से क्षेत्रीय जनता को काफी उम्मीदें हैं। थानाध्यक्ष ने कार्यभार संभालने के बाद थाना परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की, जिसमें महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, और ग्राम सुरक्षा समितियों की सक्रियता जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में महिला अपराध, नशे का कारोबार, अवैध गतिविधियों और अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्रामीण स्तर पर ग्राम सुरक्षा समितियों को पुनः सक्रिय कर, स्थानीय जनभागीदारी से अपराध नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि थाना स्तर पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा और त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे पुलिस के साथ सहयोग करें और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। लोनीकटरा क्षेत्र में थानाध्यक्ष मौर्य की सक्रियता से कानून-व्यवस्था में सुधार की आशा जताई जा रही है।

## पूर्वांचल में उद्योग अकादमिक सहयोग की अपार संभावनाएं : संजीव कोठारी

एजेंसी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी के द्वारा आर्यभट्ट सभागार में शनिवार देर शाम को उद्योग-अकादमिक संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत उद्योग-अकादमिक सहयोग के माध्यम से अगली पीढ़ी की प्रतिभा को सशक्त बनानाः रणनीतियाँ और आगे का रास्ता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीयू-कैट 2025 के ब्रोशर का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अडानी इंफ्रा इंडिया लिमिटेड के रणनीति एवं डिजिटल सलाहकार एवं पूर्व प्रमुख तकनीकी-वाणिज्यिक संजीव कोठारी ने कहा कि पूर्वांचल में उद्योग अकादमिक सहयोग की अपार संभावनाएं है। उद्योग और अकादमिक समन्वय का दोनों को



फायदा मिलता है। इंडस्ट्री का फायदा है कि उन्हें कुशल लोग मिल जाते है और उन्हें प्रशिक्षण नहीं देना पड़ता। अकादमिक लाभ शिक्षक प्रशिक्षण, प्रासंगिक पाठ्यक्रम, बेहतर प्लेसमेंट, वित्तपोषित प्रयोगशालाएँ और अनुसंधान है।उन्होंने कहा कि उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच गैप को हटाना होगा। साथ ही डिग्रीधारी युवाओं के कौशल की गुणवत्ता को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि डिग्री बस एक शुरुआत है, ज़िंदगी का हर कदम इम्तिहान है। अंक नहीं, हौसला रंग लाता है, सपनों की राह साहस दिखाता है।उन्होंने कहा कि संस्था और अकादमी संस्थाओं के साथ समन्वय की बहुत सारी चुनौतियां हैं। उद्योगों को चिन्हित कर अकादमी संस्थानों को तैयारी करनी चाहिए। उद्योग के साथ विद्यार्थियों का इंगेजमेंट बहुत आवश्यक है। अकादमी संस्थान उद्योग से संपर्क करें और यह जाने कि उनकी क्या जरूरत है और उसके अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण करें।कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञान का उपयोग अगर उद्योग नहीं पा रहे है तो यह चिंता का विषय है। उद्योग और अकादमिक दूरी को कम किया जाएगा। विश्वविद्यालय इस दिशा में हर स्तर पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों के साथ मिलकर शोध भी किया जायेगा जिससे अधिक से अधिक लोगों को उसका लाभ मिल सके।इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, सेंट्रल ट्रेनिंग, प्लेसमेंट एंड एक्यूवेशन सेंटर के प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रबंध अध्ययन संकाय के अध्यक्ष प्रो. अजय द्विवेदी ने भी विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन आइक्यूएसी के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ धीरेन्द्र चौधरी ने किया।इस अवसर पर पूर्व कुलसचिव बी एल आर्य, प्रो. मानस पांडे, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. राजेश सिंह,आदि लोग मौजूद रहे।

## आंकड़ों के खेल में माहिर है पंत, उसका अपना कम्प्यूटर है : शास्त्री

एजेंसी

लीड्स। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऋषभ पंत के साहसिक और मनोरंजक प्रदर्शन के बाद कहा कि यह आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज आंकड़ों का खेल खूबसूरती से खेलता है और उसके पास अपना कंप्यूटर है जिसे चलाने का तरीका सिर्फ उसे ही पता है। पंत ने दूसरे दिन अपनी अपारंपरिक बल्लेबाजी से हेडिंग्ले के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए मात्र 178 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 134 रन की साहसिक पारी खेली। पैडल स्वीप, शतक के बाद की कलाबाजी, पंत की यादगार पारी में कलात्मकता और पागलपन दोनों ही समान रूप से देखने को मिले। शास्त्री ने स्काय स्पोटर्स से कहा ,'' पंत आंकड़ों के खेल को खूबसूरती से खेलता है। वह अपने तरीके से खेलता है। वह तेजी से अपने खेल में बदलाव लाने में माहिर है। उन्होंने कहा ,'' उसका अपना कम्प्यूटर है और उसे ही पता है कि वह कैसे काम करता है। यह उसका यूएसपी है। इससे



गेंदबाज दबाव में आते हैं और वह सुपरहिट हो जाता है। असली मनोरंजन करने वाला और मैच विनर। तीन साल पहले भयानक कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत ने मैदान पर सफल वापसी की। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जमाने के बाद मैदान पर गुलाटी मारने वाले पंत के जश्न के बारे में शास्त्री ने कहा, इसका एक कारण है। वह इस मौके के लिये ऊपर वाले को धन्यवाद दे रहा था। उन्होंने कहा, उस हादसे से उबरकर वापसी करने का इससे गहरा ताल्लुक है। जब मैने उसे अस्पताल में देखा था तो बहुत अच्छी हालत में वह नहीं था। घुटने टूटे हुए, हर तरफ चोट ही चोट। सर्रे के पूर्व क्रिकेटर इयान वार्ड ने कमेंट्री के दौरान कहा, यह (पंत) बाक्स आफिस है। सबसे मनोरंजक क्रिकेटरों में से एक। यह शतक के बेहतरीन जश्न में से है। आस्ट्रेलिया में श्रृंखला में मिली हार के दौरान खराब स्कूप शॉट पर विकेट गंवाने वाले पंत के बारे में महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा था ,'' स्टुपिड , स्टुपिड , स्टुपिड।'' लेकिन शनिवार को उन्होंने पंत के शतक के बाद कहा ,'' सुपर्ब , सुपर्ब ,सुपर्ब।

### बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, उनका सामना करना बहुत मुश्किल : डकेट

लीड्स। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिये जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिये थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, 'वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, ''बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा ,'' 'वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था , लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा। डकेट ने कहा,''इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ़ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ़ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे।

## मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर डॉर्टमुंड ग्रुप एफ में शीर्ष पर

एजेंसी

सिनसिनाटी। बोरूसिया डॉर्टमुंड फीफा क्लब विश्वकप में रोमांचक मुकाबले में मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर ग्रुप 'एफ' में शीर्ष पर पहुंच गया है।



टीक्यूएल स्टेडियम में शनिवार रात खेले गये ग्रुप एफ के मुकाबले में डॉर्टमुंड ने मामेलोडी सनडाउन्स पर 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में सनडाउन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें मिनट गोल किया। इसके पांच मिनट बाद डॉर्टमंड के फ़ेलिक्स नेमेचा ने सनडाउन्स के गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स की गलती का फायदा उठाते हुए गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद डॉर्टमंड की ओर से 34वें मिनट में जूलियन ब्रांट के सटीक क्रॉस से सेरहो गुइरासी ने एक क्लोज-रेंज हेडर लगाकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जॉब बेलिंगहैम ने हाफटाइम से ठीक पहले अपना पहला गोल किया। 59वें मिनट में खुलिसो मुडाऊ ने गोलकर डॉर्टमंड की बढ़त को 4-1 कर दिया। थोड़ी देर बाद इकराम रेनर्स के गोल से मामेलोडी सनडाउन्स की मैच में वापसी की उम्मीद जगी। इसके बाद स्थानापन्न लेबो मोथिबा ने एक बेहतरीन गोल करके स्कोर 4-3 कर दिया। सनडाउन्स के लगातार दबाव के बावजूद डॉर्टमंड के खिलाड़ियों ने विपक्षी टीम को गोल करने का मौका नहीं दिया और मुकाबला जीत लिया।

## कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

एजेंसी

नई दिल्ली। कनाडा क्रिकेट टीम ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अमेरिका क्वालीफायर के मेजबान ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार कलीम सना और शिवम शर्मा ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जिससे कनाडा ने बहामास को सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया। इसके बाद इस छोटे से लक्ष्य को कनाडा के बल्लेबाजों ने सिर्फ 5.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल लिया



गया। कनाडा के बल्लेबाज दिलप्रीत बाजवा ने 14 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप में भाग लेने के बाद कनाडा क्वालीफायर में आगे बढ़ने के लिए पसंदीदा टीमों में से एक के रूप में पहुंचा। निकोलस किर्टन की अगुवाई वाली कनाडाई टीम ने बरमूडा के खिलाफ 110 रनों से बड़ी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद केमैन आइलैंड्स के खिलाफ 59 रनों से जीत दर्ज की। फिर अगले मैच में बहामास को 10 विकेट से रौंदा। चौथे मैच में केमैन आइलैंड्स के खिलाफ आरामदायक जीत दर्ज की। अब अपने पांचवें मैच में लगातार जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। कनाडा अब उन 10 टीमों की सूची में शामिल हो गया है जो 20 टीमों के इस आयोजन के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। इसके साथ ही सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी इसमें शामिल हैं। अन्य क्वालीफाई करने वाली टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं।

## एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए तैयार भारतीय टीम, पहले मैच में मंगोलिया से सामना

एजेंसी

चियांग माई (थाईलैंड)। भारतीय सीनियर फुटबाल महिला टीम सोमवार को थाईलैंड के चियांग माई में अपने एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। टीम अपना पहला मैच मंगोलिया के खिलाफ खेलेगी।

यह प्रमुख प्रतियोगिता पिछले कई सालों में ब्लू टाइग्रेस के लिए दुर्भाग्यपूर्ण रही है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2003 में एएफसी महिला एशियाई कप में जगह बनाई थी। वहीं जब 2022 में टूर्नामेंट की मेजबानी की, तो कोविड-19 मामलों और चोटों के कारण टीम को टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। ऐसे में मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री और टीम जब 16 जून को थाईलैंड पहुंचीं, तो उनका एकमात्र लक्ष्य क्वालीफायर के जरिए एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना है। भारतीय टीम क्वालीफायर के ग्रुप बी में है, जहां उसका



सामना सोमवार को मंगोलिया से, फिर 29 जून को तिमोर लेस्ते से, 2 जुलाई को इराक से और 5 जुलाई को मेजबान थाईलैंड से होगा। ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेगा। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। थाईलैंड के अलावा भारत ने इससे पहले ग्रुप बी के अन्य तीन प्रतिद्वंद्वियों का सामना कभी नहीं किया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फ़ेडरेशन (एआईएफएफ) की ओर से जारी बयान में मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने कहा, ''मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के बारे में हमारे पास ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने हाल ही में कोई मैच नहीं खेला है। हम थाईलैंड के बारे में थोड़ा जानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि चियांग माई में पहले आने से हमें मौसम की स्थिति के अनुकूल होने और समय के अंतर को समायोजित करने में बहुत मदद मिली है। यहां का मौसम बेंगलुरु की तुलना में थोड़ा अधिक नम है। प्रशिक्षण मैदान बहुत अच्छा है और हम आगामी मैचों के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। भारतीय टीम-गोलकीपर : एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बासुदे।डिफेंडर : हेमम शिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू।मिडफील्डर : अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर।फॉरवर्ड : लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर, सौम्या गुगुलोथ।

## भारत में रेनो, फॉक्सवैगन और स्कोडा जैसे यूरोपीय ब्रांड की बिक्री में आई भारी गिरवाटा

एजेंसी

नई दिल्ली। यूरोप के प्रमुख वाहन ब्रांड रेनो, फॉक्सवैगन और स्कोडा भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले तीन वित्त वर्षों में भारतीय बाजार में इन ब्रांड की बिक्री में गिरावट आई है। वैश्विक वाहन उद्योग को आंकड़े और विश्लेषण उपलब्ध कराने वाली कंपनी जेएटीओ डायनेमिक्स के अनुसार, भारतीय बाजार में रेनो की बिक्री में सबसे अधिक गिरावट आई है। भारतीय बाजार में कंपनी की बिक्री 2024-25 में घटकर 37,900 इकाई रह गई। यह आंकड़ा 2023-24 में 45,439 इकाई और 2022-23 में 78,926 इकाई था। इसी तरह स्कोडा की भारतीय बाजार में बिक्री 2024-25 में 44,866 इकाई रही। यह 2023-24 के 44,522 इकाई से मामूली अधिक है। हालांकि, 2022-23 के आंकड़े 52,269 इकाई से काफी कम है। दूसरी ओर, फॉक्सवैगन ब्रांड ने 2024-25 में 42,230 गाड़ियां बेचीं। 2023-2024 में कंपनी की बिक्री 43,197 इकाई और 2022-2023 में 41,263 इकाई रही थी। जेएटीओ डायनेमिक्स इंडिया के अध्यक्ष रवि जी भाटिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''रेनो, स्कोडा और फॉक्सवैगन को भारत में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत में इन ब्रांड के संघर्ष की वजह बताते हुए उन्होंने कहा, ''शुरुआत में, इन ब्रांड ने सेडान - वेंटो, रैपिड और स्काला पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया। इसकी वजह से तेजी से बढ़ते स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) खंड तक उनकी पहुंच सीमित रही। भाटिया ने कहा, ''इसके साथ ही ये ब्रांड अपनी उत्पाद लाइन में बदलाव करने में धीमे रहे। कई मॉडल में एक लंबे अरसे तक कोई बदलाव नहीं हुआ। इनकी नेटवर्क पहुंच भी सीमित रही है, खासकर दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों में।

## भारत ने बढ़ाई रूस से कच्चे तेल की खरीद पश्चिम एशिया से आगे निकला जून का आयात

एजेंसी

नई दिल्ली। इजरायल द्वारा ईरान पर हमले के बाद बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ताओं...सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है। अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजरायल के साथ शामिल हो गया है। इजरायल ने 13 जून को सबसे पहले ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केपलर के शुरुआती आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। यह दो साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इसके साथ ही यह इराक, सऊदी अरब, संयुक्त



अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है। मई में रूस से भारत का तेल आयात 19.6 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था। केपलर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान लगभग 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, जो पिछले महीने की खरीद से कम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश भारत विदेशों से लगभग 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है, जिसे रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत पारंपरिक रूप से पश्चिम एशिया से कच्चा तेल खरीदता रहा है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के तुरंत बाद भारत ने रूस से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करना शुरू कर दिया था। इसका मुख्य कारण यह था कि पश्चिमी प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज करने के कारण रूसी तेल अन्य अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में काफी सस्ते दाम पर उपलब्ध था। इसके कारण भारत के रूसी तेल आयात में नाटकीय वृद्धि देखी गई। कभी भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात एक प्रतिशत से भी कम था। लेकिन यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यह थोड़े से समय में ही बढ़कर 40-44 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 698.9 अरब डॉलर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी इजाफा होने से 13 जून को समाप्त सप्ताह में



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 589.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 42.8 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 86.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 8.5 करोड़ डॉलर चढ़कर 18.8 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 4.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गया।

## आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

### शेयर समीक्षा

एजेंसी

मुंबई। इजराइल-ईरान तनाव के बावजूद निवेशकों के स्थानीय कारकों को प्राथमिकता देने की बदौलत हुई लिवाली से बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजर की अगले सप्ताह वैश्विक और स्थानीय स्तर पर जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1289.57 अंक अर्थात 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 393.8 अंक यानी 1.6 प्रतिशत उछलकर 25112.40 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 201.02 अंक अर्थात 0.44 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 45480.26 अंक और स्मॉलकैप 991.77 अंक यानी 1.9 प्रतिशत का गोता लगाकर 52378.52 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार ने इस सप्ताह मजबूती के साथ समापन किया, जबकि मध्य-पश्चिम में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण सप्ताह के मध्य में बाजार में अस्थिरता देखी गई थी। बावजूद इसके, निवेशकों ने घरेलू कारकों को प्राथमिकता देते हुए सकारात्मक रुख बनाए रखा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा परियोजना वित्तपोषण क` मानदंडों में ढील दिए जाने से विशेष रूप से वित्तीय शेयरों को समर्थन मिला। साथ ही, केंद्रीय बैंक के निरंतर नरम रुख और संभावित ब्याज दरों में कटौती के संकेत ने बाजार की धारणा को और मजबूत किया।



विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारतीय मौद्रिक नीति एक स्थिर शक्ति के रूप में उभर रही है। सप्ताह की शुरुआत में भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं गहराई। हालांकि, सप्ताह के उत्तरार्द्ध में इन कीमतों में तेजी की रफ्तार थम गई, जिससे कीमतों में दीर्घकालिक उछाल की आशंका कुछ हद तक कम हो गई। फार्मास्युटिकल क्षेत्र पर भी निवेशकों की नजर रही क्योंकि नए टैरिफ प्रस्तावों ने इस क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। उधर, अमेरिका की संभावित सैन्य भागीदारी को लेकर मध्य-पश्चिम संकट पर अटकलों ने भी बाजार को अस्थिर किया लेकिन वैश्विक नेताओं द्वारा कूटनीतिक संयम बरतने और हस्तक्षेप को दो सप्ताह तक स्थगित करने के निर्णय से निवेशकों को राहत मिली। इसके अलावा, पारस्परिक शुल्कों पर 90-दिवसीय रोक की अवधि समाप्ति की ओर बढ़ रही है, जिससे आने वाले दिनों में व्यापार वार्ताओं की गतिविधियों पर बाजार की पैनी नजर बनी हुई है। आगामी सप्ताह में भारत के पीएमआई आंकड़े, अमेरिका की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) रिपोर्ट और पीसीई आंकड़े जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतक घरेलू और वैश्विक दृष्टिकोण को प्रभावित कर सकते हैं। बीते सप्ताह बाजार में दो दिन तेजी जबकि तीन दिन गिरावट रही। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर सोमवार को सेंसेक्स 677.55 अंक की छलांग लगाकर 81,796.15 अंक और निफ्टी 227.90 अंक उछलकर 24946.50 अंक पर पहुंच गया। इजराइल और ईरान में लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तेहरान खाली करने की अपील से विश्व बाजार में आई गिरावट से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 212.85 अंक लुढ़ककर 81,583.30 अंक और निफ्टी 93.10 अंक टूटकर 24853.40 अंक पर बंद हुआ।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.62 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,62,288.06 करोड़ रुपये बढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289.57 अंक या 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 54,055.96 करोड़ रुपये बढ़कर 11,04,469.29 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 50,070.14 करोड़ रुपये बढ़कर 19,82,033.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 38,503.91 करोड़ रुपये बढ़कर 15,07,281.79 करोड़ रुपये हो गया। वहीं इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 8,433.06 करोड़ रुपये जोड़े और कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,73,751.09 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 8,012.13 करोड़ रुपये बढ़कर 10,18,387.76 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक की 3,212.86 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 7,10,399.75 करोड़ रुपये हो गई।

# सेना प्रमुख ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, तैयारियों का किया आकलन

एजेंसी

श्रीनगर। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का आकलन किया।

सेना के सूत्रों ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने कश्मीर दौरे के दौरान सुरक्षा हालात, ऑपरेशनल स्थिति और रणनीतिक पहलुओं की जानकारी ली। आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर एक प्रदर्शन भी किया गया। अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) के मुताबिक, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) ने कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और आगामी श्री अमरनाथ यात्रा 2025 की तैयारियों का जायजा लिया। एडीजीपीआई ने कहा, ‘सेना प्रमुख



को कश्मीर में मौजूदा ऑपरेशनल हालात और व्यापक रणनीतिक स्थिति की जानकारी दी गयी। उन्हें ऑपरेशन में उन्नत तकनीकों के उपयोग का प्रदर्शन भी दिखाया गया।‘ सीओएएस ने श्रीनगर स्थित चिनार कोर के जवानों की आतंकवाद विरोधी अभियानों और क्षेत्र के विकास व स्थानीय जनता की भलाई के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

गौरतलब है कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से शुरू होगी और आठ अगस्त को समाप्त होगी। यह यात्रा घाटी की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में से एक मानी जाती है। इस बार यात्रा केवल 37 दिनों की होगी, जो पिछले साल की 52 दिनों की यात्रा से कम है। यात्रा से पहले 22 अप्रैल को हुये आतंकवादी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय की मौत के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास सतर्कता बरती जा रही है।

# अगले तीन वर्षों में भारत के 3 लाख गांवों तक पहुंचने का लक्ष्य :आरएसएस

एजेंसी

कोच्चि। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक सामाजिक शक्ति के रूप में विस्तार कर रहा है, जिसका लक्ष्य अगले तीन वर्षों में देश भर के तीन लाख गांवों तक पहुंचना है।

प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे नंद्कुमार ने कहा, ‟आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर, इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि मौजूदा गतिविधियों को और कैसे बढ़ाया और बढ़ाया जा सकता है। आरएसएस नेता ने कहा कि संघ ने अगले वर्ष के भीतर एक लाख नई शाखाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की गतिविधियां भारत भर के 60 हजार से अधिक गांवों में सक्रिय और संघ पहले ही दुनिया का सबसे बड़ा स्वैच्छिक संगठन बन चुका है। उन्होंने कहा, ‟आने वाले वर्षों में संघ की उपस्थिति को और अधिक क्षेत्रों तक सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक योजना और नए सिरे से प्रयास करने का समय आ गया है। केरल में राजनीतिक विवादों पर चर्चा करते हुये जे नंद्कुमार ने कहा, केरल एक मौन लेकिन महत्वपूर्ण सामाजिक बदलाव से गुजर रहा है। पिछले कई सालों से राज्य में एक गहरी जड़ जमाए छद्म प्रगतिशील मानसिकता ने अपनी पकड़ बना रखी है। आरएसएस नेता ने एक समाचार चैनल से कहा कि केरल वर्तमान में एक ऐसे सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक माहौल से ग्रसित है, जो राष्ट्र विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देता है और ऐसे विचारों को बढ़ावा देता है जो भारतीय संस्कृति और मूल्यों के विपरीत हैं। राजभवन के कार्यक्रमों का वामपंथी मंत्रियों द्वारा बहिष्कार किए जाने पर उन्होंने कहा, ‟भारत माता की छवि को सांप्रदायिक बताना एक खतरनाक मिसाल है। क्या राष्ट्रवादी उत्साह से जुड़े होने के कारण राज्य के कार्यक्रमों में वंदेमातरम् के गायन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा? यह धर्मनिरपेक्षता नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत को नकारना है। उन्होंने कहा, राष्ट्र-विरोध के कई रूप हैं और इसकी अंतिम अभिव्यक्ति साम्यवाद है। वामपंथी मंत्रियों ने राजभवन में पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का बहिष्कार किया क्योंकि मंच पर भारत माता की तस्वीर थी। उन्होंने कहा, केरल ने एक ऐसी मानसिकता विकसित कर ली है कि जो कोई भी भारत या भारतीय मूल्यों के खिलाफ बोलता है, उसे स्वाभाविक रूप से प्रगतिशील, उदार और धर्मनिरपेक्ष माना जाता है। केरल में अजीबोगरीब सामाजिक-राजनीतिक और धार्मिक माहौल ने राज्य के लोगों को देश और दुनिया भर में हो रहे व्यापक बदलावों से काफी हद तक अनजान बना दिया है। आरएसएस नेता ने कहा, इस सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था को बदलना होगा, और यह बदलाव केरल में जल्द ही होने वाला है। यह बदलाव सकारात्मक और दूरगामी होगा।

## मुस्लिम कट्टरपंथियों के अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय लोगों के आंदोलन को समर्थन देगी विहिप

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने तमिलनाडु के मदुरई जिले में भगवान मुरुगन के प्रथम निवास थिरुपरनकुंद्रम पर्वत पर मुस्लिम कट्टरपंथियों के अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय लोगों के आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान किया है। विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि तमिलनाडु का मदुरई शहर दक्षिण की अयोध्या बनने जा रहा है। मदुरई में थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर भगवान मुरुगन के प्रथम निवास को जिहादियों से बचाने के लिए आज लाखों हिंदू भक्त एकत्रित हो रहे हैं। श्री बंसल ने कहा कि हमारी विरासत को नष्ट करने के उद्देश्य से मदुरई में भगवान मुरुगन के प्रथम निवास थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर ब्रिटिश काल के दौरान एक मुस्लिम दरगाह बनाई गई थी। हाल ही में मुस्लिम कट्टरपंथियों के एक समूह को उस समय रोका गया जब वे बलि देने के लिए एक बकरा थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर ले जा रहे थे। इसके बाद अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई थी। उस समय हिंदू समाज द्वारा एक बड़ी बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप पवित्र थिरुपरनकुंद्रम पर्वत की रक्षा के लिए रविवार, 22 जून को मदुरई में मुरुगा भक्त सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। विहिप प्रवक्ता ने कहा कि तमिलनाडु के सभी संत, संन्यासी, बुजुर्ग और विद्वान आज इस विशाल हिंदू समागम में शामिल होने के लिए मदुरई पहुंच रहे हैं। सत्तारूढ़ हिंदू विरोधी द्रमुक सरकार ने 51 शर्तें लगाकर और वाहनों को रोकने के लिए ई-पास आदि की आवश्यकता बताकर सम्मेलन को बाधित करने की कोशिश तो की, लेकिन न्यायालय ने उन बाधाओं को तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि आज कम से कम पांच लाख लोग आएंगे। पिछले पांच दिनों से लोग मुरुगा दर्शन के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हो रहे हैं। यदि राज्य सरकार इस मुद्दे पर चुप रहती है और जिहादी ताकतों को संरक्षण देते हुए हिंदू जन भावनाओं की अनदेखी करती है, तो वह दिन दूर नहीं कि यह मदुरई दक्षिण की अयोध्या बन जाएं।

## मिस्र के विदेश मंत्री ने अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा की स्थगित

नयी दिल्ली। पश्चिमी एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर, मिस्त्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा स्थगित कर दी है। यह यात्रा सोमवार से शुरू होने वाली थी।


इससे पहले, श्री अब्देलती फरवरी में भारत की यात्रा पर आने वाले थे लेकिन कुछ कारणों से उस दौरान भी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। श्री अब्देलती अपने प्रस्तावित नयी दिल्ली दौरे के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात करने वाले थे। श्री अब्देलती शनिवार को तुर्की में आयोजित इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक में शामिल हुये थे और यहां उन्होंने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराग्ची से मुलाकात करके इजरायल-ईरान के बीच जारी युद्ध से निपटने के लिये कूटनीति प्रयासों पर चर्चा की।

# क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को वैज्ञानिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक दिन: शाह

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार के नवा रायपुर स्थित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अस्थायी परिसर तथा आई-हब रायपुर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

श्री शाह ने इस अवसर पर कहा, आज छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन है। एनएफएसयू के अस्थायी परिसर के साथ-साथ नवा रायपुर में स्थायी परिसर के लिए भूमि पूजन एवं केंद्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना की भी शुरुआत की गई है। कुल 268 करोड़ रुपये की लागत से ये संस्थान विकसित किए जा रहे हैं। अस्थायी परिसर में सत्र 2025-26 से बीएससी, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मनोविज्ञान, डिजिटल फॉरेंसिक एवं प्रोफेशनल डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ हो जाएंगे।





लगभग 180 छात्र पहले बैच में प्रवेश लेंगे। श्री शाह ने कहा कि इन संस्थानों के निर्माण से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत को आधुनिक न्याय प्रणाली और अपराध जांच में सशक्त आधार मिलेगा। नई फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी, जैसे डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, एलएसडी साइंस, साइबर सिक्योरिटी, बायोटेक्नोलॉजी और डिजिटल फॉरेंसिक अब स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगी, जिससे जाँच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। उन्होंने बताया कि अब फॉरेंसिक जांच के लिए राजधानी या दिल्ली की आवश्यकता नहीं होगी, सारी जांच अटल नगर, नवा रायपुर में ही संभव होगी। गृह मंत्री ने आई-हब की स्थापना को लेकर कहा कि यह प्लेटफॉर्म छत्तीसगढ़ के युवाओं को स्टार्टअप कल्चर से जोड़ने, तकनीकी सहायता देने, फंडिंग मुहैया कराने और मार्केटिंग एवं अनुबंध जैसी प्रोफ़ेशनल सेवाएं देने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खुद उद्योगपति बनें, स्टार्टअप शुरू करें और राज्य के औद्योगिक विकास में भागीदार बनें। यह आई-हब, गुजरात के मॉडल पर आधारित है, और भविष्य में रायपुर से भी कई वैश्विक स्टार्टअप उभरने की संभावना है। श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू हुए हैं, जिससे रोजगार, राजस्व और औद्योगिक संस्कृति को बल मिलेगा।

# बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना के लाइव प्रवचन में शामिल होंगे 144 देश के लोग

एजेंसी

इंदौर। बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के प्रवचन 26 जून से इंदौर में वीडियो के माध्यम से लाइव होंगे। यह आयोजन 10 दिनों तक चलेगा और बोहरा समाज के अनुयायी देश-विदेश से इंदौर आएंगे। बोहरा समाज का नया वर्ष इस दिन से शुरू हो रहा है। समाज के अनुयायियों के इंदौर आने की संभावना को देखते हुए आयोजक बहुत ही बड़े स्तर पर तैयारियां कर रहे हैं। अनुमान है कि करीब एक लाख श्रद्धालु इंदौर पहुंच सकते हैं, जिनमें अफ्रीका, कुवैत, दुबई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यमन और अमेरिका सहित 144 देशों से लोग शामिल होंगे।

इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण



किया और बोहरा समाज के पदाधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं पर चर्चा की। महापौर ने बताया कि बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब द्वारा बोहरा समाज के नववर्ष के पवित्र अवसर पर चेन्नई में 10 दिवस तक वाअज़ (प्रवचन) दिए जाएंगे, जिसका सजीव प्रसारण इंदौर रिले केंद्र पर किया जाएगा। धर्मगुरु के प्रवचनों का श्रवण करने के लिए लगभग एक लाख से अधिक अनुयायियों का इंदौर रिले केंद्र में पहुंचने का अनुमान है। इंदौर के लिए यह एक गर्व की बात है कि सैयदना साहब जैसे महान व्यक्तित्व का प्रवचन इंदौर में हो रहा है। नगर निगम इस आयोजन को हर दृष्टि से सहयोग देगा, ताकि शहर की स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। आयोजन की तैयारियों के निमित्त रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर बोहरा समाज के पदाधिकारियों सहित निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहें। इधर, नगर निगम ने इस इवेंट को जीरो वेस्ट रखने की योजना बनाई है, जिसमें उपयोग किए गए पानी को रिसाइकल किया जाएगा और वर्षा के पानी को रिचार्ज किया जाएगा। इसके अलावा, समाज द्वारा 41 हजार पौधों का रोपण भी किया जाएगा, जो पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी का परिचायक है।

# मौसम विभाग ने देश भर में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश की दी चेतावनी

एजेंसी

नई दिल्ली। जून की उमस भरी गर्मी से परेशान होकर आप भी अगर पहाड़ों या किसी अन्य ठंडी जगह पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सावधान हो जाइए। मौसम अब करवट ले चुका है। भारत में मानसून की दस्तक के साथ ही अगले कुछ दिनों तक देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है।

भारी बारिश की चेतावनी भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 से 26 जून के बीच देश के उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य प्रदेश, गुजरात, कोंकण और गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। खास बात यह है कि कुछ राज्यों में तो अगले कुछ दिनों में अत्यधिक भारी बारिश भी हो सकती है। आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार 22 जून को गुजरात क्षेत्र के कुछ हिस्सों में, जबकि 23 और 24 जून को मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में 20 सेमी से भी अधिक बारिश हो सकती है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत में भी अगले तीन दिनों तक लगातार भारी बारिश के आसार हैं और उसके बाद अगले चार दिनों तक भी तेज बारिश की संभावना बनी रहेगी। देश के मध्य भारत में पश्चिमी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ जैसे इलाकों में 23 और 24 जून को अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। 22 से 27 जून के दौरान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, बिहार, झारखंड, गंगा क्षेत्र का पश्चिम बंगाल और ओडिशा में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, इससे यातायात और बिजली जैसी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। देश के पश्चिमी हिस्सों में विशेष रूप से गुजरात, कोंकण और गोवा में 22 से 28 जून के बीच भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 22 जून को गुजरात में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। इस दौरान मुंबई सहित पश्चिमी समुद्री तटीय इलाकों में जलजमाव और बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है। उत्तर-पश्चिम भारत की बात करें, तो 23 जून को पूर्वी राजस्थान में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी अगले 5 से 7 दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है। बिजली गिरने और तेज हवाओं के चलते इन इलाकों में एहतियातन सतर्कता बरतने की जरूरत है। पूर्वोत्तर भारत में भी भारी वर्षा का दौर जारी रहेगा। 22 और 23 जून को असम और मेघालय में, 23 और 24 को अरुणाचल प्रदेश में, जबकि 23 जून को ही नागालैंड और मणिपुर में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के व्यापक सत्यापन पर विचार कर रहा आयोग

नई दिल्ली। चुनाव आयोग बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर व्यापक सत्यापन अभियान शुरू करने पर विचार कर रहा है। यह कदम मतदाता सूची से संबंधित बार-बार उठाए जा रहे सवालों के मद्देनज़र उठाया जा सकता है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि देशभर में हर वर्ष मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण किया जाता है। इसके अतिरिक्त, चुनावों और उपचुनावों से पहले भी यह प्रक्रिया अपनाई जाती है। वर्ष 2024 में आयोग को प्राप्त प्रपत्रों के अनुसार लगभग 46.26 लाख मतदाता अपने निवास स्थान से स्थानांतरित हुए, 2.32 करोड़ ने संशोधन के लिए आवेदन किया और 33.16 लाख ने पहचान पत्र के प्रतिस्थापन की मांग की। कुल मिलाकर लगभग 3.15 करोड़ परिवर्तनों की आवश्यकता पड़ी। सूत्रों के अनुसार मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखने की अंतिम कवायद वर्ष 2004 में की गई थी। आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से पहले यह अभियान फिर से शुरू किया जा सकता है।

# पेज एक का शेष

### अमेरिका कर ईरान...

आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन हमलों से यहां और अरब खाड़ी देशों के पर्यावरण पर कोई रेडियोधर्मी प्रभाव नहीं पड़ा है। ईरानी सरकारी मीडिया ने देश की राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा प्रणाली के हवाले से कहा कि अमेरिकी हवाई हमले के बाद तीन परमाणु संयंत्रों-इस्फाहान,नतांज और फोडी से किसी तरह के रेडियोधर्मी प्रदूषण के कोई संकेत नहीं मिले हैं। बयान में कहा गया है कि इन ठिकानों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए कोई खतरा नहीं है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ईरान अब कई रास्तों से जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इसमें वह अपनी नौसेना का इस्तेमाल कर हॉरमुज खाड़ी को बंद करना भी शामिल है। अमेरिका ने सतर्कता बरतते हुए न्यूयॉर्क, वॉशिंगटन डीसी, लॉस एंजेलिस और सैन फ्रांसिस्को जैसे प्रमुख अमेरिकी शहरों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा हवाई अड्डों, सैन्य अड्डों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं। गुतारेस ने एक बयान में कहा, ‘‘इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।’’ उन्होंने कहा कि ‘‘इस जोखिम भरे वक्त में यह अहम है कि हम अराजकता के चक्र से बचें।’’ संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने मुद्दे के कूटनीतिक समाधान का आह्वान किया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने रविवार को कहा कि उनका देश अपने विभिन्न परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमलों के जवाब में आगे जो भी कार्रवाई करेगा उसके लिए वाशिंगटन ‘पूरी तरह जिम्मेदार’ होगा। उन्होंने कहा कि उनके परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले के बाद कोई कूटनीतिक रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि हमारे विभिन्न परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमलों के जवाब में अगर हम कोई कार्रवाई करते हैं, तो उसके लिए वाशिंगटन ‘‘पूरी तरह से जिम्मेदार’’ है। अरागची ने इस्तांबुल में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ऐसी कोई ‘लक्ष्मण रेखा’’ अब नहीं बची है जिसे अमेरिका ने पार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हालांकि ‘‘कूटनीतिक रास्ते’’ हमेशा खुला रहने चाहिए, लेकिन ‘‘अब ऐसा नहीं है। अरागची ने तुर्किये में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ‘‘अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन अपने आक्रामक कृत्य के खतरनाक परिणामों और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। ईरानी विदेशमंत्री ने कहा कि अंतिम लक्ष्मण रेखा सबसे खतरनाक रेखा है जो कल पार की गई; अमेरिका ने परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करके इस लक्ष्मण रेखा को लांघने का काम किया है। अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किये गए हमले के बाद ईरान के विदेश मंत्री की यह पहली प्रतिक्रिया है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए रविवार को मॉस्को जाएंगे। हमले के मद्देनजर सोमवार को आपात बैठक बुलायी है। आईएईए महानिदेशक राफ़ेल मारियानो ग्रॉसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ईरान में गंभीर स्थिति के मद्देनजर कल गवर्नर्स की आपात बैठक बुलायी गयी है। श्री ग्रॉसी ने आगे कहा कि तीन परमाणु स्थलों पर हमले किये गये हैं हालांकि इस समय तक ऑफ-साइट विकिरण के स्तर में कोई वृद्धि नहीं हुई है। ईरान में स्थिति पर आगे का आकलन तब किया जाएगा जब और अधिक जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ दिनों में ईरान पर इजरायल के हमलों के दौरान इस्फ़हान में एक बड़े परमाणु परिसर को दूसरी बार निशाना बनाया गया है, जिसमें कई और इमारतें भी शामिल हैं। इससे पहले आईएईए महानिदेशक ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को पेश रिपोर्ट में कहा था कि ईरान में परमाणु स्थलों पर हमले वहां परमाणु सुरक्षा और संरक्षा में भारी गिरावट का कारण बना है, हालांकि अब तक कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज नहीं हुआ है लेकिन ऐसा होने का खतरा है।

### नौसेना की...

करेगा। आईएनएस तमाल पिछले दो दशकों में रूस से भारतीय नौसेना में शामिल होने वाला क्रिवाक श्रेणी का 8वां युद्धपोत होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस युद्धपोत का निर्माण कलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में किया गया है। यह विदेशी स्रोत से शामिल किया जाने वाला अंतिम ऐसा पोत है। इस युद्धपोत को नौसेना में शामिल किए जाने के लिए आयोजित होने वाले समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह करेंगे। इस कार्यक्रम में कई उच्च पदस्थ भारतीय और रूसी रक्षा अधिकारी शामिल होंगे। आईएनएस तमाल तुषिल श्रेणी का दूसरा युद्धपोत है, जो अपने पूर्ववर्ती तलवार और तेग कैटेगरी का मॉडर्न वर्जन है। अधिकारियों ने बताया कि युद्धपोतों की यह श्रंख्ला पूरी होने से भारतीय नौसेना 4 विभिन्न श्रेणियों में समान क्षमताओं और उपकरण, हथियार व सेंसर में समानता वाले 10 युद्धपोतों का संचालन करेगी। युद्धपोत आईएनएस तमाल में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 100 एमएम तोप, भारी वजन वाले टारपीडो, तत्काल हमला करने वाले पनडुब्बी रोधी रॉकेट और अनेक निगरानी व अग्नि नियंत्रण रडार हैं। मधवाल ने कहा, ‘तमाल अपने वजन से कहीं अधिक शक्तिशाली है, इसका टन भार और मारक क्षमता का अनुपात बहुत ऊंचा है। इसकी सहनशक्ति बहुत अधिक है। इसकी अधिकतम गति 30 नॉट से अधिक है।‘

### पहलगाम हमले में शामिल ...

गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है। एनआईए ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### नक्सलियों से कोई ...

विकसित देश बनाने का है। इसमें केवल इनोवेशन, बुनियादी ढांचे, औद्योगिक और आर्थिक विकास पर ही ध्यान केंद्रित नहीं किया गया है। कुल मिलाकर शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया करने का संकल्प दोहराया और नक्सलियों को किसी प्रकार की राहत नहीं देने के संकेत दिए।

### भारत ने रूस से ...

51 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद करता है, जिससे भारत की रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल अलग किया जाता है।

# अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर ही पुनौरा धाम में होगा मां जानकी मंदिर का निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी जानकारी
- भव्य मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनलः सीएम

पटना। बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में भव्य मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को स्वयं एक्स पर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुबह सुबह बताया कि मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है और अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर ही मां जानकी मंदिर का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही अपने सोशल मीडिया पर फाइनल डिजाइन की तस्वीरें भी साझा की हैं। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा, ''मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने के लिए भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है, जिसे आपके साथ साझा किया जा रहा है। इसके लिए एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है ताकि निर्माण कार्य में तेजी आ सके। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है''। मिथिला की पुण्य भूमि सीतामढ़ी में स्थित पुनौराधाम को माता सीता की जन्मस्थली माना जाता है। बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में स्थित



जानकी जन्मभूमि मंदिर को श्रद्धालु पुनौराधाम के नाम से भी जानते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यहीं त्रेता युग में राजा जनक के खेत जोतने के दौरान माता सीता धरती से प्रकट हुई थीं। मिथिला की पावन कथा से जुड़ा इतिहास-पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख शुक्ल नवमी को जब मिथिला के राजा जनक बारिश की कामना में हल चला रहे थे, तभी उनका हल एक मिट्टी के बर्तन या कलश से टकराया। उसे बाहर निकालने पर एक कन्या शिशु प्राप्त हुई। जिसे उन्होंने सीता नाम दिया। इसी कारण यह स्थान हिंदू धर्म में विशेष पवित्रता और आस्था का केंद्र है। कालांतर में इसी पावन स्थल के नाम पर नगर का नाम सीतामड़ई, फिर सीतामही और अंततः सीतामढ़ी पड़ा। प्रमुख धार्मिक स्थल-सीतामढ़ी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। हलेश्वर स्थान जो भगवान शिव को समर्पित मंदिर है। मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण स्वयं राजा जनक ने करवाया था। यह स्थान श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों के लिए आस्था और ऐतिहासिकता का संगम है। 120 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण के लिए स्वीकृत-जानकी जन्मभूमि मंदिर को वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने 120 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण और 72 करोड़ रुपये मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत किए हैं। र

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने खेल जगत का स्वार्णिम युग देखा : मुख्यमंत्री रेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की ओर से रविवार को ओलंपिक दिवस पर 'लेट्स मूव' अभियान के तहत दौड़ का आयोजन किया गया। इस अभियान में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और राज्यसभा सदस्य एवं इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी ऊषा के साथ भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने खेल जगत का एक नया स्वर्णिम युग देखा है। फिर चाहे ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन हो, खेलो इंडिया जैसी दूरदर्शी योजनाएं हों या देशभर में अत्याधुनिक खेल अवसंरचना का विकास हो, भारत को खेल महाशक्ति बनाने का एक महायज्ञ प्रारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, '' देश को लगातार बेहतर खिलाड़ी मिल रहे हैं



और केंद्र सरकार की ओर से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। देश पूरी तरीके से ओलंपिक-2036 की मेजबानी के लिए तैयार है। हम चाहते हैं कि हमें ये मेजबानी मिले। हमारे खिलाड़ी अपनी तैयारी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इसी प्रेरणा से दिल्ली को खेल राजधानी बनाने के लिए पूरी शक्ति से कार्य कर रही है। युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और नए अवसर देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता अटल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी को फिट, निरोग और हरित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने दी गति, विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में लगाए 501 पौधे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज कुमार सिंह ने अपने क्षेत्र में हरित अभियान को नई गति दी है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को पूरे विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में 501 पौधे लगाए गए। इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्री ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा की है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, ''यह सिर्फ पेड़ नहीं हैं, बल्कि हर मां के आशीर्वाद और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। हमारा संकल्प है कि इस पहल को और भी व्यापक बनाएंगे और विकासपुरी को और अधिक हरा-भरा बनाएंगे। आप सभी से अनुरोध है कि इस मुहिम में सहभागी बनें और कम से कम एक पेड़ मां के नाम पर जरूर लगाएं। उल्लेखनीय है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार का 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार भी वर्ष 2025-26 में 3 लाख 70 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिनमें 1 लाख पौधे, 2 लाख झाड़ियां तथा 70 हजार बांस के पौधे स्कूलों में, मैन रोड के आस पास तथा बड़े-बड़े पार्कों आदि स्थानों में लगाएगी। दिल्ली सरकार की ओर से इन सबके अतिरिक्त स्कूल परिसरों में पौधारोपण के पक्ष में जागरूकता अभियान चलाना, प्लास्टिक रहित पौधों (मिट्टी के गमले अथवा बोरी) का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना, रासायनिक उर्वरकों से बचना और पूर्व में लगाए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करना भी इस अभियान का हिस्सा है।

## वैश्विक मंच पर गूंजी भारतीय संस्कृति व योग दर्शन की ध्वनि

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या इन दिनों इटली के प्रवास पर हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर वेटिकन सिटी में आयोजित विशेष कार्यक्रम के तहत वैश्विक मंच से भारतीय संस्कृति व योगदर्शन के संदेश को गणमान्यों से साझा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एक चेतना है, जो आत्म-जागरण, संतुलन और वैश्विक समरसता का मार्ग प्रशस्त करती है। योग उसी संस्कृति की जीवनशैली है, जो मनुष्य को भीतर से रूपांतरित करती है। उपस्थित वैश्विक शीर्षस्थ नेताओं ने भारतीय संस्कृति एवं योग दर्शन की महत्ता को संयमित ढंग से श्रवण किया और कहा कि भारतीय संस्कृति में ही वसुधैव कुटुंबकम के भाव सन्निहित है। वहीं पोप लियो एवं इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, लोरेन्जो फोंटाना अध्यक्ष-चेंबर ऑफ डिप्यूटीज, सांसद पियर फर्डिनांडो कासिनी, सेनेटर एवं आई.पी.यू. के मानद अध्यक्ष, इटालियन आईपीयू समूह के अध्यक्ष सहित अनेक वैश्विक शीर्षस्थ नेताओं से मिले।

# बिहार ने जो विकास किया है वह किसी से छुपा नहीं है : सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री बीते दिन सीवान में आए और करोड़ों की योजना जनता को समर्पित करने का काम किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल बड़ा ऐलान किया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से 1100 कर अपने आप में बड़ा फैसला किया है। बिहार ने विकास के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह किसी से छुपी नहीं है। सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल एक बड़ा ऐलान करते हुए बिहार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में सुधार किया है। जनता और महिला संवाद के माध्यम से लिए गए फीडबैक के आधार पर वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और विधवा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। यह राशि बढ़ोतरी समाज के कमजोर वर्गों के लिए राहत देने वाली साबित होगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि



इसके अलावा, कन्या विवाह भवन की योजना को भी प्रदेश के सभी पंचायतों में लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके लिए हरी झंडी दिखा दी है। इन भवनों को स्वयं सहायता समूह और जीविका महिला दल द्वारा संचालित किया जाएगा, जिससे कन्याओं के विवाह में सामाजिक एवं आर्थिक सहायता मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार ने मां सीता की जन्मस्थली पर श्री सीता मंदिर का निर्माण करेगी, जो राम मंदिर के तर्ज पर होगा। यह धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बिहार के लिए एक बड़ा ऐतिहासिक कदम होगा, जो तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सम्राट चौधरी ने विपक्षी दलों को भी करारा जवाब देते हुए कहा, ''अगर विकास की बात करनी है तो उन्हें पटना एयरपोर्ट, मेरिन ड्राइव, पटना से बेगूसराय तक के विभिन्न विकास कार्यों को देखकर आना चाहिए।

## मुख्यमंत्री कमला नगर में आयोजित भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में बनीं सहभागी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री रविवार को दिल्ली के कमला नगर में आयोजित भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा में सहभागी बनी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आज रथ यात्रा में सहभागी बनकर मन और आत्मा को अद्‌भुत शांति, ऊर्जा और आनंद की अनुभूति हो रही है। रथ खींचना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रभु की सेवा और समाज कल्याण का एक दिव्य माध्यम है, जो हमें आत्मिक शुद्धता और सच्चे कर्तव्य पथ की ओर अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अलौकिक रथ यात्रा भारत की सांस्कृतिक एकता, सामाजिक समरसता और सनातन परंपराओं की अद्वितीय शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने महाप्रभु से प्रार्थना कि वे हम सभी को संयम, सेवा और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ने की शक्ति और संकल्प को पूरा करने का सामर्‌थ्य प्रदान करें।

# स्वाति एस. भदौरिया ने संभाला पौड़ी जिलाधिकारी का पदभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने रविवार को पौड़ी जिले की नवनियुक्त जिलाधिकारी के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कोषागार स्थित डबल लॉक में पहुंचकर संबंधित पंजिकाओं का अवलोकन किया और औपचारिक रूप से पदभार संभाला। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। 2012 बैच की आईएएस अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया का प्रशासनिक अनुभव बेहद समृद्ध रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत छत्तीसगढ़ कैडर से की थी और वर्ष 2015 में वह उत्तराखंड कैडर में स्थानांतरित हुईं। उत्तराखंड में उन्होंने मसूरी और देहरादून में उपजिलाधिकारी के रूप में कार्य किया, जबकि वर्ष 2018 से 2021 तक वह



चमोली जिले की जिलाधिकारी रही हैं। चमोली में तैनाती के दौरान उन्होंने 2021 में ग्लेशियर आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों का सफल नेतृत्व किया, जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर की गयी। स्वच्छ गंगा मिशन के तहत 'नमामि गंगे' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उन्हें वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व वह अपर सचिव राज्यपाल, सचिव तकनीकी शिक्षा, निदेशक भाषा संस्थान, सचिव हिन्दी अकादमी, परियोजना निदेशक उत्तराखंड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड, सिंचाई विभाग एवं मिशन निदेशक एनएचएम जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही थी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, सहायक कोषाधिकारी अवधेश चंद, तहसीलदार दीवान सिंह राणा आदि शामिल रहे।

## साढ़े तीन लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**पौड़ी गढ़वाल।** पुलिस ने साढ़े तीन लाख की 11.43 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल नेगी के नेतृत्व में श्रीनगर पुलिस टीम व सीआईयू टीम द्वारा क्षेत्र में मादक पदार्थों एवं ड्रग्स तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया।

# पुलिस ने वांछित आरोपित को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक वर्ष दो महीने से फरार चल रहे भगोड़े बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान पंजाबी बाग निवासी राहुल (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को कीर्ति नगर इंडस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार आरोपित राहुल थाना अलीपुर में चोरी के मामले में वांछित था। बाद की जांच में मामला गबन और षड्यंत्र से जुड़ा पाया गया। जिसके बाद उक्त मामले में अन्य धारा जोड़ी गई। डीसीपी के अनुसार मामले की शुरुआत तब हुई जब 19 अप्रैल 2024 को मुकेश नामक युवक ने अपने वाहन की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में खुलासा हुआ कि मुकेश और राहुल ने मिलकर गाड़ी में लदे तांबे के स्क्रैप को बेचने की योजना बनाई थी। गाड़ी हरियाणा से बरामद कर ली गई और मुकेश को गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन राहुल फरार हो गया। वहीं 08 मई 2025 को कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी गई। पुलिस टीम ने लगातार आरोपित के ठिकानों की निगरानी की। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि राहुल कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र में छिपा है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने उक्त इलाके से आरोपित को दबोचा। जांच में पता चला है कि आरोपित ने साल 2014 में चांदनी से शादी की थी और उसके दो बच्चे हैं। वह जल्दी पैसा कमाने की चाह में अपराध की दुनिया में उतरा था।

## हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी हत्या कांड में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। हत्या में शामिल और करीब 12 महीने से फरार चल रहे आरोपित रहमान खान उर्फ जुबेर को पुलिस ने उप्र के हरदोई जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, जुबेर वर्ष 2024 में शाहबाद डेयरी इलाके में हुए एक युवक हत्या में शामिल था। सनी को 10 युवकों ने मिलकर बेरहमी से पीटा और चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि 30 जून 2024 की रात करीब 10:15 बजे 28 वर्षीय सनी, निवासी शाहबाद डेयरी, को उसके परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शरीर पर कई जगह चाकू के निशान थे, खासकर निचले हिस्सों में गंभीर वार किए गए थे। इस मामले में थाना शाहबाद डेयरी में मुकदमा दर्ज किया गया। डीसीपी के अनुसार जांच में सामने आया कि सनी का झगड़ा अजय उर्फ मोदी नामक युवक से था। उसी ने अपने साथी गुड्डू, डड्डू, चेतन, दीपक उर्फ दीपु, रोशन, प्रकाश, सागर और रहमान उर्फ जुबेर के साथ मिलकर सनी की हत्या की थी। घटना के बाद से जुबेर फरार था।क्राइम ब्रांच की टीम को इस मामले की जांच सौंपी गई थी।

# पटना के गांधी मैदान में 29 जून को होगी वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस, सफलता को लेकर बैठक


कैनविज टाइदम्स संवाददाता

अररिया। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और संविधान की रक्षा को लेकर आगामी 29 जून को पटना के गांधी मैदान में वक्फ बचाओ, दस्तूर बचाओ कॉन्फ्रेंस का आयोजन की किया जाएगा।पटना में होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को फारबिसगंज के मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन में एक बैठक हुई।

बैठक की शुरुआत कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई और इसमें क्षेत्र के कई उलेमा,समाजसेवी और जागरूक नागरिक शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता इमारत-ए-शरीया बिहार, झारखंड व उड़ीसा के नायब नाज़िम मौलाना सोहराब नदवी ने की। मौलाना सोहराब नदवी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की नजर में अब सुप्रीम कोर्ट की हैसियत कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम



कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर तत्काल रोक लगा रखी है, फिर भी सरकार ने मुसलमानों को आदेश दिया है कि वक्फ की जमीनों का रजिस्ट्रेशन छह महीने के भीतर कराएं, जो सीधा-सीधा संवैधानिक व्यवस्था और न्यायपालिका की अवहेलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वक्फ संपत्तियों को निशाना बनाकर मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही है। ऐसे समय में समाज का जागरूक और एकजुट होना बेहद जरूरी है। बैठक में बताया गया कि 29 जून को पटना में होने वाली वक्फ बचाओ दस्तूर बचाओ कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता अमीर-ए-शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी साहब करेंगे। इस कार्यक्रम में देश भर के जाने-माने इस्लामी विद्वान और उलेमा शामिल होंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि सीमांचल क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह कॉन्फ्रेंस सरकार को एक मजबूत जनसंख्या का संदेश दे सके कि मुस्लिम समाज अपने वक्फ और संविधान की रक्षा के लिए पूरी तरह एकजुट है। मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती रशीद साहब,मौलाना जब्बार साहब,काजी असद कासमी,मौलाना फारूक साहब,जामे मस्जिद के इमाम मौलाना नेमतुल्लाह रहमानी, मटियारी के इमाम मौलाना अबुनसर क़ासमी, हाफिजी नौशाद, इरफान शेखरा,मौलाना आस मोहम्मद मजाहिरी, मौलाना वासिल, हाफिज जमशेद, मौलाना दिलशाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063